सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 19 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 165, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 139 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला दूसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,444.66 अंक पर बंद हुआ। } 14

निवेश को बढ़ावा देने के लिए लंदन पहुंचे गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन व भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए लंदन पहुंचे। } 14

दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

15 अगस्त से शुरू होगा 3,000 रुपये वार्षिक फास्टैग पास

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी। उन्होंने कहा कि यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा जिससे राजमार्गों पर बिना किसी परेशानी के यात्रा करना संभव हो पाएगा।

गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इसे खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास से देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध एवं लागत प्रभावी यात्रा संभव हो सकेगी। इसके लिए एक लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। गडकरी की इस घोषणा के बाद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जिनके पास पहले से ही फास्टैग है, उन्हें नया ...शेष पृष्ठ 14 पर

"सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जिनके पास पहले से ही फास्टैग है, उन्हें नया फास्टैग खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। मंत्रालय ने कहा वार्षिक पास को आपके मौजूदा फास्टैग पर सक्रिय किया जा सकता है, बशर्ते कि यह पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो (अर्थात, यह वाहन के विंडशील्ड पर ठीक से चिपका हुआ हो, वैध वाहन पंजीकरण संख्या से जुड़ा हो, ब्लैकलिस्टेड न हो आदि)"

संक्षेप

दिल्ली में ईडी ने कई जगह की छापेमारी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कथित कक्षा निर्माण घोटाले की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को यहां कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के कम से कम 37 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज अपनी शिकायत में आप के नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गईं।

मथुरा में बिजली गिरने से भाजपा नेता की मौत

मथुरा। जिले में कृष्णानगर पुलिस चौकी क्षेत्र में बारिश के बीच छत पर भरा पानी निकालते समय आकाशीय बिजली गिरने से भारतीय जनता पार्टी के कृष्णानगर मण्डल के सेक्टर संयोजक बलराम सिंह की मृत्यु हो गई। पुलिस उपाधीक्षक भूषण वर्मा ने बुधवार को बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब मंगलवार शाम बलराम सिंह (40) मूसलाधार बारिश की वजह से छत पर भर गया पानी निकाल रहे थे। तभी आकाश में तेज बिजली कड़की और बलराम पर आ गिरी। चीख सुनकर परिजन छत पर पहुंचे तो बलराम निष्प्राण पड़े नजर आए। उनके भाई और पड़ोसी उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इजराइल ने ईरान पर की भीषण बमबारी

ईरान ने अमेरिकी हस्तक्षेप से पूर्ण युद्ध छिड़ जाने की दी चेतावनी

एजेंसी

दुबई। इजराइल के लड़ाकू विमानों ने यूरेनियम सेंट्रीफ्यूज और मिसाइलों के कल-पुर्जे बनाने वाले केंद्रों को निशाना बनाते हुए मंगलवार देर रात ईरान की राजधानी तेहरान पर बमबारी की। वहीं, बुधवार को ईरान ने इजराइल पर कई मिसाइलें दागीं और चेतावनी दी कि अमेरिका के किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप से क्षेत्र में पूर्ण युद्ध छिड़ जाएगा। ईरान के ताजा हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा अमेरिका का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप इस क्षेत्र में पूर्ण युद्ध का कारण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों को ईरान के हथियारों द्वारा निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिका ने किसी भी हमले का व्यापक जवाब देने की धमकी दी है। इजराइल की सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी ईरान के केरमानशाह क्षेत्र में एक अड्डे पर ईरान के पांच एएच-1 हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया है। इजराइल ने हेलीकॉप्टर को नष्ट करने वाली बमबारी का एक वीडियो भी प्रसारित किया। हालांकि, ईरान ने तुरंत इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की। बुधवार को संघर्ष का छठा ...शेष पृष्ठ 14 पर

सरेंडर नहीं करेंगे खामनेई, अब तक 585 लोगों की मौत

तेहरान/तेल अवीव। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।' खामेनेई का यह मैसेज ईरान की नेशनल टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा। खामेनेई ने कहा, 'जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा।' इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार

नयी दिल्ली। साहित्य अकादमी ने हिंदी में सुशील शुक्ल, अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी और उर्दू में गज़नफर इकबाल समेत 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को 2025 के प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार से नवाज़ने का बुधवार को ऐलान किया।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव के हवाले से जारी एक बयान में बताया गया है कि इसके अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में 24 भाषाओं के लेखकों को उनकी रचनाओं के लिए बाल साहित्य पुरस्कार 2025 के लिए अनुमोदित किया गया है। बयान के मुताबिक, इनमें हिंदी में शुक्ल को उनकी कहानी एक बटे बारह के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड (कहानी), उर्दू में इकबाल को कौमी सितारे (लेख) व मैथिली में मुन्नी कामत को चुक्का (कहानी) के लिए बाल साहित्य पुरस्कार से नवाज़ा जाएगा। इसके मुताबिक, बांग्ला में त्रिदिब कुमार चट्टोपाध्याय को एखोनो गाये ..शेष पृष्ठ 14 पर

गंगा गाय योजना का होगा विस्तार

धामी कैबिनेट के फैसलों से तीर्थ पर्यटन व पशुपालन को मिलेगा नया बल

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक के बाद सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने पत्रकार वार्ता में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। बैठक में जहां प्रदेश के धार्मिक स्थलों में तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या पर विस्तार से चर्चा हुई, वहीं पशुपालन, डेयरी, सहकारिता और पर्यटन विभाग से संबंधित सुधारात्मक और विकासोन्मुख फैसलों को स्वीकृति दी गयी।

राज्य सरकार ने इस अवसर पर यह स्पष्ट किया कि चारधाम के साथ-साथ राज्य के अन्य पौराणिक मंदिरों को भी पर्यटन के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया जाएगा। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कार्तिक स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में चार गुना बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। वहीं जागेश्वर मंदिर में अब तक 6 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। इसी तरह उत्तरकाशी जिले के साल्ड गांव स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी दर्शनार्थियों की संख्या में वृद्धि देखी गयी है। कैबिनेट बैठक में जिन प्रमुख प्रस्तावों पर मंजूरी दी गयी, उनमें पहला प्रस्ताव सहकारिता विभाग के लिए 'उप निबंधक (ऑडिट)' लेवल-11 का नया पद सृजित करने का था, जो आगामी पांच वर्षों तक प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाएगा। यह पद कोऑपरेटिव सोसायटियों के लेखा परीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ करेगा। दूसरे प्रस्ताव के तहत बदरीनाथ धाम के आईएसबीटी की दीवारों पर धार्मिक और सांस्कृतिक चित्रों को उकेरने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी, जिससे धार्मिक पर्यटन को सांस्कृतिक पहचान से ...शेष पृष्ठ 14 पर

आतंकवाद पर आंखें मूंदना मानवता के साथ धोखा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनाडा में जी-7 के नेताओं को किया संबोधित

एजेंसी

कनैनिस्किस (कनाडा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती की ओर से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा और उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमै पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे क्रोएशिया

जगरेब। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को क्रोएशिया पहुंचे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस देश की पहली यात्रा है। क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक ने विशेष सम्मान प्रदर्शित करते हुए हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा थोड़ी देर पहले क्रोएशिया के जगरेब में उतरा। यह एक विशेष यात्रा है, किसी भारतीय प्रधानमंत्री की किसी मूल्यवान यूरोपीय साझेदार की ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	40.06 डिसे.
न्यूनतम	:	30.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- जेम पर यूपी बना अग्रणी राज्य, केंद्र ने यूपी मॉडल को सराहा (पृष्ठ-02)
- सर्वोदय विद्यालय बने शिक्षा का सफल मॉडल (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे टूटकर 86.47 (पृष्ठ-14)
- भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5% से अधिक होगी (पृष्ठ-14)
- चिप विनिर्माण के लिए भारत बन रहा प्रमुख गंतव्य (पृष्ठ-14)

विशेष खबर 19-20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक व बिजली गिरने की चेतावनी

उत्तर प्रदेश पहुंचा मानसून, आज से झमाझम बारिश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मानसून ने प्रवेश कर लिया है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। बुधवार को मानसून ने सोनभद्र जिले में कदम रखा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोनभद्र, गाजीपुर और वाराणसी जैसे पूर्वी जिलों में प्री मानसून की बारिश शुरू हो चुकी है। इसका प्रभाव धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। बुधवार सुबह से ही प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्रों में घने बादल छाए रहे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई।

कई इलाकों में बुधवार शाम झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। मानसून जो पिछले दिनों से ठिठका पड़ा था, उसने भी रफ्तार पकड़ ली है। यूपी में दस्तक के बाद जल्द ही पश्चिम यूपी में प्रवेश करेगा। मौसम विभाग के अनुसार सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई इलाकों में भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही 19 और 20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने प्रयागराज, आजमगढ़, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच समेत कुल 22 जिलों के लिए बिजली गिरने और तेज बादल गरजने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम जल्द ही एक साथ मिल सकते हैं जिससे मानसून और अधिक सक्रिय हो जाएगा। यह मानसूनी दौर पूर्वी यूपी से शुरू होकर तराई, मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंचेगा और अगले चार से पांच दिनों तक लगातार जारी रहने की उम्मीद है। 19 जून से लेकर 23 जून तक गरज- चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। अधिकतम तापमान 32 ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी : सड़क हादसों में 23 लोगों की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीतापुर, बुलंदशहर, सोनभद्र, देवरिया, आगरा जौनपुर, उन्नाव, नोएडा और कौशांबी जिले में हुए सड़क हादसों में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए।

- मुख्यमंत्री योगी ने घटनाओं पर जताया दुख

बुलंदशहर जिले में हुए कार हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की कार में जलकर मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूपसे घायल हो गई। संभवतः चालक को नींद आने के कारण कार अनियंत्रित हो कर सड़क पर एक पुलिया से जा टकराई। इसके बाद कार पलट गई और उसमें आग लग गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश भी दिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तेजवीर सिंह ने बताया कि यह घटना जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के जानीपुर गांव के पास सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव-राहत कार्य शुरू किया। गुलनाज (28) नामक एक घायल महिला को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। कार में ...शेष पृष्ठ 14 पर

जेम पर यूपी बना अग्रणी राज्य, केंद्र सरकार ने यूपी मॉडल को सराहा

यूपी ने जेम पर पारदर्शी और दक्ष खरीद प्रणाली में रचा इतिहास, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की योगी सरकार के प्रयासों की प्रशंसा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर डिजिटल और पारदर्शी प्रशासन में अपनी अग्रणी भूमिका को साबित किया है। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से की गई खरीद में उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार से सराहना

- **14 लाख करोड़ की खरीद में उत्तर प्रदेश की रही बड़ी भागीदारी**
- **2020-21 से 2024-25 के दौरान की 65 हजार करोड़ से ज्यादा की खरीद**
- **जेम को 100 प्रतिशत अपनाने के लिए यूपी सरकार ने 2024 में जारी किया व्यापक आदेश**

भी प्राप्त की है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जेम के माध्यम से राज्य की सक्रिय भागीदारी और योगदान की खुले शब्दों में प्रशंसा की है। साथ ही उन्होंने योगी सरकार के इस प्रयास को अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल भी बताया है। पीयूष गोयल ने पत्र के साथ ही 5 वर्षों में जेम पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई खरीद का डाटा भी दिया गया है, जिसके अनुसार प्रदेश सरकार ने 2020-21 से 2024-25 के दौरान कुल 65,227 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीद की है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा सीएम योगी को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.43 लाख करोड़ मूल्य के 72 लाख से अधिक क्रय आदेश पूरे किए गए, जो देश की सार्वजनिक खरीद प्रणाली के लिए एक नया कीर्तिमान है। जेम की स्थापना से लेकर अब तक 2.9 करोड़ से अधिक ऑर्डर्स के जरिए 14 लाख करोड़ से अधिक की खरीद हो चुकी है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। जेम पर अब तक 11,000 से अधिक उत्पाद श्रेणियों और 330 से ज्यादा सेवा श्रेणियों को शामिल किया जा चुका है। इस प्रणाली के तहत उत्तर प्रदेश के क्रेताओं द्वारा पिछले पांच वित्तीय वर्षों में की गई खरीद राज्य की तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और नीतिगत दृढ़ता का प्रमाण है।

2020-21, 2024- 25 में जेम पर यूपी की खरीद का डाटा

वित्तीय वर्ष	ऑर्डर वैल्यू (करोड़ रुपए में)
2020-21	4,622.16
2021-22	11,286.29
2022-23	12,242.48
2023-24	20,248.00
2024-25	16,828.75
कुल	65,227.68

उन्होंने आगे लिखा, उत्तर प्रदेश सरकार ने 26 नवंबर 2024 को एक व्यापक सरकारी आदेश जारी किया, जिसने राज्य के खरीद नियमों को सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर) 2017 और जेम की सामान्य शर्तों व नियमों (जीटीसी) के साथ पूर्ण रूप से संरेखित किया। इस आदेश ने विभिन्न खरीद-संबंधी अधिसूचनाओं को एकीकृत कर एक समग्र ढांचा प्रदान किया, जिससे खरीद प्रक्रियाएं सरल हुईं और जेम को 100 प्रतिशत अपनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस कदम ने न केवल प्रशासनिक बोझ को कम किया, बल्कि पारदर्शिता, दक्षता और समावेशिता को भी बढ़ावा दिया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने पत्र में कहा, कि उत्तर प्रदेश की यह पहल डिजिटल इंडिया की संकल्पना को साकार करने का जीवंत उदाहरण है। जब तकनीकी दृष्टिकोण और समावेशिता निष्पादन से जुड़ती है, तभी हम ऐसी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उत्तर प्रदेश का यह प्रयास अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, जिससे जेम को देशभर में और तेजी से अपनाया जाएगा। पीयूष गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश द्वारा जेम को प्रोत्साहित करने का प्रयास उस संकल्पना को साकार कर रहा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वन-स्टॉप डिजिटल मार्केटप्लेस' के रूप में परिकल्पित किया था।

2020-21 से 2024-25 के बीच खरीद के आधार पर शीर्ष 10 विभाग

विभाग	ऑर्डर वैल्यू (करोड़ रुपए में)
नगर विकास विभाग	11,588.28
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	9,257.14
आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स	8,241.60
चिकित्सा शिक्षा विभाग	4,589.52
गृह विभाग	4,116.80
ऊर्जा विभाग	2,515.87
बेसिक शिक्षा विभाग	1,958.27
ट्रांसपोर्ट विभाग	1,810.15
उच्च शिक्षा विभाग	1,072.79
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग	1,071.47

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने न केवल जेम को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभाई है, बल्कि इसे प्रभावी ढंग से लागू करने में भी सफलता हासिल की। उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन ने राज्य के विभिन्न विभागों को जेम के उपयोग में सक्षम बनाया, जिससे खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई। जेम को लेकर उत्तर प्रदेश का दृष्टिकोण आज अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल और प्रेरणा बन गया है। राज्य सरकार द्वारा अपनाया गया समग्र और डिजिटल दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि जब नीतिगत प्रतिबद्धता, तकनीकी नवाचार और समावेशी क्रियान्वयन मिलते हैं, तो 'डिजिटल इंडिया' की संकल्पना को साकार करना संभव है। पीयूष गोयल ने अपने पत्र में विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश सरकार सरकार का सहयोग भविष्य में भी इसी तरह बना रहेगा।

दोगुनी हुई अभिजनक बीज नर्सरी की संख्या

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों को मजबूत आधार देने की दिशा में योगी सरकार ने एक नई मिसाल कायम की है। प्रदेश में अभिजनक बीज नर्सरी की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। वर्ष 2016-17 में जहां केवल 150 बीज नर्सरियों का संचालन हो रहा था, वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 267 तक पहुंच गई है। यह वृद्धि प्रदेश की चीनी मिलों के प्रक्षेत्र का प्रभावी उपयोग कर संभव हुई है।इतना ही नहीं, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 4.4 करोड़ नवीन किस्मों के सिंगल बड का वितरण किया गया है, जो कि देश में किसी भी शोध संस्था द्वारा उत्पादित बीजों की तुलना में सर्वाधिक है। इस वितरण से गन्ना उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। बीज उत्पादन और वितरण में इस प्रगति ने उत्तर प्रदेश को गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बना दिया है।बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत अभिजनक बीजों (इर्शीीि रीी) का प्रमाणन वैज्ञानिक टीम द्वारा किया जाता है। बीज उत्पादकता के निरीक्षण का विस्तृत शेड्यूल निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार, बुवाई के समय, अंकुरण के बाद (45-60 दिन), टिल्लरिंग अवस्था में (100-120 दिन), मिल योग्य गन्ने के निर्माण की अवस्था में (180-200 दिन) और कटाई से 15-20 दिन पूर्व निरीक्षण किया जाता है। इस वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्रक्रिया के चलते किसानों को प्रमाणित, गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उत्पादन क्षमता में निरंतर सुधार हो रहा है।

सोनभद्र की लौह अयस्क की दो खदानों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण

लखनऊ। सचिव व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने बताया कि सोनभद्र की लौह अयस्क की दो खदानो की नीलामी कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर ली गयी है, इससे खनिज राजस्व मे बढ़ोत्तरी के साथ खनन आधारित रोजगार भी बड़ी संख्या मे लोगो को प्राप्त होगे। इस कार्यवाही के फलस्वरूप इन 2 खदानों में उपलब्ध लौह अयस्क के खनन से राज्य सरकार को लगभग 6000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होना आंकलित है, इसके अतिरिक्त जनपद सोनभद्र में खनन आधारित रोजगार भी प्राप्त होगा। माला श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा 21 मार्च को सोनभद्र के 2 लौह अयस्क के ब्लाक बी-भरहरी व ब्लाक-सी शोभना-चकरिया को माइनिंग लीज पर आक्शन किये जाने के लिए एनआईटी (निविदा आमंत्रण सूचना) लान्च की गयी थी।

सरकार ने महिलाओं की खुशहाली के लिए खोले नये-नये द्वार : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि महिला सम्मान, सुरक्षा व स्वाभिमान को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। सरकार ने महिलाओं की खुशहाली के लिए मिशन की नये-नये द्वार खोले हैं। महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिए केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध व संकल्पबद्ध है। हर क्षेत्र में महिलाएं देश का परचम लहरा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। हर क्षेत्र में बेटियों ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं की प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है, महिलाएं समझे, प्रयास करें और आगे आए। बेटी-बेटा एक समान उनमे कोई फर्क न करें। समाज में समूहों की महिलाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है। केशव प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने की अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं समूह को ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ के रूप में संगठित कर उन्हें आर्थिक सहायता देकर स्वाबलंबी बनाए जाने का कार्य प्रगति पर है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का क्रियान्वयन इंसेंटिव रणनीति के अन्तर्गत पूरे प्रदेश में किया जा रहा है।

एनआरएलएम का मुख्य उद्देश्य यूपी राज्य में रह रहें ग्रामीण गरीब परिवारों की कम से कम एक महिला सदस्य को समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओ के माध्यम से संगठित कर उन्हें स्वावलम्बी बनाना है। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों की महिला सदस्यों को सामाजिक, वित्तीय समावेशन द्वारा कृषि एवं गैर कृषि आजीविका गतिबिधियो से जोड़कर ग्रामीण सामाजिक एवं आर्थिक रूप से महिला आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में सतत आजीविका के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं वह आधारशिला हैं, जिसके बिना किसी भी मजबूत परिवार एसमाज व देश की पर परिकल्पना नहीं की जा सकती। इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने लगभग सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहराया है। राष्ट्र तभी सशक्त बन सकता है, जब उसका हर नागरिक सशक्त हो एजब उसका हर नागरिक सशक्त हो इसमें भी महिलाओं की भूमिका भी सराहनीय है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिशन अंतर्गत अभी तक 97 लाख से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के परिवार की महिलाओ को कुल 8.84 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों, 61506 ग्राम संगठनो एवं 3265 संकुल स्तरीय संघो से अच्छादित करते हुए अभी तक कुल 716852 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में 1166 करोड़ रुपये से अधिक, 574799 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 6592 करोड़ रुपये से अधिक की सामुदायिक सहायता धनराशि आय जनित गतिबिधियो के लिए वित्तीय समावेशन के अंतर्गत निर्गत की जा चुकी है। महिला सदस्यों को आजीविका संबर्धन के लिए आजीविका के क्षेत्रो में आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में 736051 लाख स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को 8233 करोड़ रूपए से अधिक का बैंको से कम व्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है।

सर्वोदय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में सफल मॉडल बनकर उभरे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक समावेश और समता का एक सफल मॉडल बनकर उभरे हैं। गरीब, वंचित और ग्रामीण परिवेश के मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण,

- **32,429 बच्चे थे, अब यह संख्या वर्ष 2025-26 में बढ़कर करीब 37,000 तक पहुंच गई है**

रोजगारोन्मुख और पूरी तरह निःशुल्क आवासीय शिक्षा देने वाली इस योजना के तहत लाभान्वित बच्चों की संख्या में वर्ष दर वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2018-19 में जहां मात्र 32,429 बच्चे इस योजना के तहत पढ़ाई कर रहे थे, वहीं वर्ष 2025-26 में यह संख्या बढ़कर करीब 37,000 तक पहुंच गई है।

यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार की दूरदर्शी सोच और संकल्प की सफलता की कहानी है। बीते सात वर्षों में करीब 4,571 छात्रों की बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि सरकार गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जहां वर्ष 2018-19 तक प्रदेश के 58 जिलों में 100 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, वहीं वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 109 विद्यालयों तक पहुंच गई है, जो अब 62 जिलों में कार्यरत हैं। समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि इस वर्ष मथुरा, बलिया, पीलीभीत, गोंडा, कानपुर देहात, अमरोहा, महाराजगंज, अंबेडकरनगर और मैनपुरी जिलों में 9 नए सर्वोदय विद्यालय खोले गए हैं, जिससे लगभग 2000 नए छात्रों को निःशुल्क शिक्षा और आवासीय सुविधा का लाभ मिलेगा।इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, टैबलेट, एयरोमॉडलिंग, एआई कार्यशालाएं, सीसीटीवी निगरानी और अन्य नवीनतम तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भोजन, यूनिफॉर्म, पाठ्य सामग्री से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग तक की संपूर्ण व्यवस्था छात्रों को आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक है। इन विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया भी सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर बनाई गई है। 60 प्रतिशप सीटें अनुसूचित जाति, जनजाति, 25 प्रतिशत पिछड़े वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जिससे हर तबके को समान अवसर मिल सके। साथ ही, 85 प्रतिशत छात्र ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित किए जाते हैं, जिससे गांवों के होनहारों को भी आगे बढ़ने का मंच मिलता है।

सात वर्षों में लाभार्थी संख्या में हुई यह बढ़ोतरी केवल शैक्षिक आंकड़ों की बात नहीं है, यह उन हजारों परिवारों की आशा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही यह पहल यह संदेश देती है कि सरकार शिक्षा को सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का साधन मानती है। सर्वोदय विद्यालयों के जरिए उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार सामाजिक न्याय, शैक्षिक समानता और नवाचार के माध्यम से एक ऐसा भविष्य रच रही है, जहां हर बच्चा, चाहे वह किसी भी वर्ग या क्षेत्र से हो, एक समान अवसर और उज्ज्वल भविष्य का हकदार है। विद्यालयों की सफलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अभी हाल ही में आए नीट (यूजी) के परिणाम में मीरजापुर के मड़िहान स्थित सर्वोदय विद्यालय की 25 में से 12 छात्राओं ने सफलता हासिल की है, ये सभी छात्राओं पिछड़े व अनूसूचित जाति, जनजाति वर्ग से हैं।

भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को किया बर्बाद : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। अस्पतालों में लापरवाही के कारण कई जगह मरीजों की मौतें हो चुकी है। मरीजों को सही से इलाज नहीं मिल पा रहा है। मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मानक के अनुरूप पर्याप्त प्रोफेसर, डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ और आधारभूत ढांचा नहीं है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन नहीं है। मेडिकल कॉलेज के नाम पर इमारतें खड़ी है। सरकार मेडिकल कॉलेजों को सुचारू रूप से नही चला पा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार मेडिकल कॉलेजों और बड़े संस्थानों को उनकी जरूरत के अनुसार बजट नहीं देती। गरीब और आम जनता को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले मंत्री विभाग की व्यवस्था संभालने के बजाय समाज

को लड़ाने में ज्यादा रूचि रखते है। अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है। सामानों के खरीद में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। जिसका नतीजा कहीं आग लगने की घटनाएं होती हैं तो कहीं अन्य तरह की घटनाएं हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य विभाग की हालत ऐसी कर दी है कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुद ही बीमार नजर आते है। राजधानी लखनऊ में भाजपा सरकार की नाक के नीचे ही बड़े संस्थानों में लापरवाही चरम पर है। लोहिया संस्थान से बायोप्सी के 12 नमूने गायब हो गए। केजीएमयू ट्रामा सेंटर के सेटेलाइट ब्लड स्टोरेज यूनिट से खून गायब हो गया। लोहिया संस्थान में मरीजों को एंडोस्कोपी के लिए सवा साल बाद की तारीख मिल रही है। नगराम सीएचसी में अल्ट्रासाउंड जांच चार महीने से बंद पड़ी है। स्वास्थ्य मंत्री को बयानबाजी और थोथे दावे करने से फुर्सत नहीं, जमीनी हकीकत वे क्या समझेंगे। 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को बेदखल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मतदाता सूची में अपडेट होने के 15 दिनों के भीतर मिलेंगे फोटो पहचान पत्र

लखनऊ। मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र (एपिक) की तेजी से डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शुरू की है, जिसके तहत मतदाता सूची में अपडेट होने के 15 दिनों के भीतर एपिक की डिलीवरी की जा सकेगी, जिसमें किसी मतदाता का नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी विवरण में बदलाव शामिल है। यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई द्वारा किये जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता को एपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी। मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें उनके मतदाता पहचान पत्र की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए ईसीआई ने अपने हाल ही में लांच किये गये ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है। नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा सिस्टम को फिर से तैयार करके और वर्कफ़्लो को सुव्यवस्थित करके मौजूदा प्रक्रिया को बदल देगा। डाक विभाग के एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) को निर्बाध डिलीवरी के लिए ईसीआईनेट के साथ एकीकृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य डेटा सुरक्षा बनाए रखते हुए सेवा वितरण को बढ़ाना है। अपने सभी मतदाताओं को शीघ्र और कुशल निर्वाचन सेवाएं प्रदान करना भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र है। यह याद किया जा सकता है कि पिछले चार महीनों में आयोग ने मतदाताओं और अन्य हितधारकों के लाभ के लिए कई पहल की हैं।

अनिल दुबे ने नेताओं को दिलायी रालोद की सदस्यता

लखनऊ। रालोद के प्रदेश मुख्यालय पर बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी रहे पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में आये सैकड़ों समर्थकों को रालोद की सदस्यता ग्रहण करायी। सदस्यता ग्रहण करने वालों को संबोधित करते हुए अनिल दुबे ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की नीतियों और कार्यक्रमों को विस्तार से बताते हुए कहा कि रालोद में सभी वर्गो का सम्मान है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी पूर्वांचल एवं मध्य उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड में मजबूत बनाना चाहते है उसी श्रृंखला में बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेशनाथ मिश्रा एवं आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी,

चंद्रकांत अवस्थी, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक, अयोध्या के महानगर अध्यक्ष अरविन्द सिंह महंत क्षेत्रीय महासचिव राजेश तिवारी कानपुर महानगर अध्यक्ष मो. उस्मान मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एवं चौधरी अजित सिंह की विचारधारा-रालोद की रीति-नीति में आस्था रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में रालोद के संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से कंदर्प दीक्षित, एडवोकेट राकेश कुमार दूबे, ओमप्रकाश पाण्डेय, सुवीन त्रिवेदी, पंकज, गोपाल दुबे, संदेश यादव, कम्वेन्द्र सिंह भदौरिया, गौरव चतुर्वेदी, पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, शरद गुप्ता, शिवम शुक्ला, चन्द्रमोहन राजपूत, रोहित यादव मौजूद रहे।

खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि प्रदेश के किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई एवं गन्ने की टॉप-ड्रेसिंग के लिए नत्रजनिक एवं फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 15.96 लाख

- **प्रदेश मे खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त यूरिया 15.96 लाख मीट्रिक टन और फास्फेटिक 5.87 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध**

मीट्रिक टन यूरिया एवं 5.87 लाख मीट्रिक टन फास्फेटिक (डीएपी/एनपीके) उर्वरक उपलब्ध हैं। शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार भारत सरकार के सतत समन्वय से विगत वर्षों की भांति इस खरीफ सीजन में भी उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे किसी एक ब्रांड को लेकर भ्रमित न हों। वर्तमान में 'भारत यूरिया' अथवा 'भारत डीएपी' जैसे नामों से अलग-अलग कंपनियों के उत्पाद उपलब्ध हैं, जो गुणवत्ता की दृष्टि से समान हैं। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे केवल वर्तमान में फसलों की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक क्रय करें और आगामी फसलों के लिए पूर्व से उर्वरकों का भंडारण न करें, जिससे सभी किसानों को समय पर खाद मिल सके। शाही ने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग, टैगिंग तथा अवैध उपयोग पर सख्त निगरानी की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमावर्ती जनपदों में उर्वरकों की आपूर्ति की सघन मॉनिटरिंग कराई जा रही है। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कालाबाजारी और टीजीयू (टेक्निकल ग्रेड यूरिया) के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए लगातार छापेमारी करें। प्लाईवुड, पेंट व पोल्ट्री फीड बनाने वाली इकाइयों में अनुदानित नीम कोटेड यूरिया के दुरुपयोग की स्थिति में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की

जाएगी। शाही ने किसानों से अपील की है कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा मुख्य उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग की जाती है तो किसान तत्काल जिलाधिकारी या जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराएं। प्रदेश में मंडलवार उर्वरकों की उपलब्धता पर प्रकाश डालते हुए कृषि मंत्री ने बताया कि सहारनपुर मंडल में 24,453 मीट्रिक टन यूरिया एवं 11,487 मीट्रिक टन फास्फेटिक, मेरठ में 74,744 मीट्रिक टन यूरिया एवं 24,264 मीट्रिक टन फास्फेटिक, आगरा में 97,102 मीट्रिक टन यूरिया एवं 23,896 मीट्रिक टन फास्फेटिक, अलीगढ़ में 95,189 मीट्रिक टन यूरिया एवं 28,405 मीट्रिक टन फास्फेटिक, बरेली में 1,28,030 मीट्रिक टन यूरिया एवं 48,277 मीट्रिक टन फास्फेटिक, मुरादाबाद में 94,602 मीट्रिक टन यूरिया एवं 43,886 मीट्रिक टन फास्फेटिक, कानपुर में 1,27,581 मीट्रिक टन यूरिया एवं 56,856 मीट्रिक टन फास्फेटिक, प्रयागराज में 1,26,017 मीट्रिक टन यूरिया एवं 50,708 मीट्रिक टन फास्फेटिक, झांसी में 22,884 मीट्रिक टन यूरिया एवं 22,957 मीट्रिक टन फास्फेटिक, चित्रकूटधाम (बांदा) में 23,934 मीट्रिक टन यूरिया एवं 8,863 मीट्रिक टन फास्फेटिक, वाराणसी में 93,618 मीट्रिक टन यूरिया एवं 32,843 मीट्रिक टन फास्फेटिक, मिजार्पुर में 33,299 मीट्रिक टन यूरिया एवं 19,910 मीट्रिक टन फास्फेटिक, आजमगढ़ में 78,788 मीट्रिक टन यूरिया एवं 28,546 मीट्रिक टन फास्फेटिक, गोरखपुर में 1,05,728 मीट्रिक टन यूरिया एवं 34,434 मीट्रिक टन फास्फेटिक, बस्ती में 81,647 मीट्रिक टन यूरिया एवं 16,648 मीट्रिक टन फास्फेटिक, देवीपाटन (गोंडा) में 87,113 मीट्रिक टन यूरिया एवं 24,727 मीट्रिक टन फास्फेटिक, लखनऊ में 1,75,383 मीट्रिक टन यूरिया एवं 67,398 मीट्रिक टन फास्फेटिक तथा अयोध्या में 1,26,336 मीट्रिक टन यूरिया एवं 42,175 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध हैं। प्रदेश में कुल 15,96,446 मीट्रिक टन यूरिया एवं 5,86,278 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक का भंडार उपलब्ध है, जो किसानों की वर्तमान और निकट भविष्य की जरूरतों के लिए पर्याप्त है।

ब्लॉक और न्याय पंचायतों के बीच मजबूत कड़ी साबित होंगे मंडल : अविनाश पाण्डेय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अहमदाबाद अधिवेशन में सर्वसम्मति से पारित हुए प्रस्ताव के फलस्वरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन की संरचना में एक नई इकाई मंडल को भी शामिल किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक के बुधवार को पांचवें दिन प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने मंडल इकाईयों के गठन पर विशेष जोर दिया।

2026 के पंचायत एवं 2027 के विधानसभा चुनाव तैयारियों के मद्देनजर राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने संगठन में मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति को ब्लाक और न्याय पंचायत संगठनों के बीच की कड़ी की संज्ञा देते हुए कहा कि संगठन सृजन के इस अभियान में मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति एक महत्वपूर्ण पहलू है, जिस पर कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व विशेष अवलोकन कर समन्वयकों के माध्यम से कार्य कर रही है।प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि पांचवे दिन संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अवध जोन के अंतर्गत

- **मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति से मिलेगा संगठन को बल : अजय राय**

आने वाले जनपद लखनऊ, उन्नाव, बहराइच, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोण्डा, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, रायबरेली की समीक्षा बैठक हुई।समीक्षा बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव/प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और नेता विधानमंडल आराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव/सह प्रभारी धीरज गुर्जर ने उपरोक्त जनपदों के संगठन सृजन के लिए नियुक्त कॉर्डिनेटर व जिला अध्यक्ष शहर अध्यक्ष के साथ संगठन सृजन की स्थिति का मूल्यांकन किया और जरूरी निर्देश दिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति से संगठन को बल मिलेगा। अहमदाबाद अधिवेशन में लिया गया यह निर्णय संगठन हित में होगा और नए लोगों को पार्टी से संगठन और विचारधारा से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा, जो आने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों में पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। बैठक में अवध जोन के प्रत्येक जनपद के मुद्दों पर बात हुई और ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाये जाने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, प्रदेश महासचिव अनिल यादव, संजय दीक्षित एवं कॉर्डिनेटर व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

युवती की मौत को लेकर प्रेमी पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हुई मौत की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के परसपुर अमावां गांव की सुमित्रा देवी पत्नी राजकुमार सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह जून को उसकी पुत्री सोनिया 21 ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। इलाज के दौरान बीती मंगलवार को उसकी मौत हो गयी। पीड़िता का आरोप है कि गांव का आरोपी युवक सुनील पुत्र संतराम सरोज का उसकी पुत्री से प्रेम सम्बन्ध था। आरोपी ने पन्द्रह जून को शादी करने से मना कर दिया। आरोपी ने यह भी कहा कि तुम्हारे मरने की बात पर भी तुमसे शादी नहीं करूंगा। इससे परेशान सोनिया ने आत्मघाती कदम उठाते हुए जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। एसओ राधेश्याम का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी सुनील के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

युवक की पिटाई, बाइक में लगायी आग

प्रतापगढ़। मारपीट व गालीगलौज तथा आगजनी को लेकर बुधवार को पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के उमरपुर उस्मानपुर गांव की हरीलाल यादव की पत्नी आरती ने बुधवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती रविवार की रात करीब ग्यारह बजे उसका पुत्र अजय यादव एक निमंत्रण से घर लौट रहा था। पीड़िता का आरोप है कि रास्ते में गांव के एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। आरोपियो ने दरवाजे पर खड़ी उसकी बाइक में भी आग लगा दी। जिससे बाइक जल गयी। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

भावपूर्ण आराधना से मिला करती है भगवान की कृपा

प्रतापगढ़। देउम पूरब पूरे सुदामा में बुधवार को कथा विश्राम दिवस पर सुदामा चरित्र तथा परीक्षित मोह व श्री रूक्मणी विवाह की महिमा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। प्रख्यात कथाव्यास आचार्य देवव्रत जी महराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने रूक्मणी का वरण कर स्वयंवर की गरिमा की रक्षा की। उन्होनें बताया कि सुदामा का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति सदैव निश्छल अनुराग बना रहा। कथाव्यास ने कहा कि सुदामा का श्रीद्वारिकाधीश के प्रति निश्छल प्रेम भक्ति की निर्मलता का अनुपम उदाहरण है। श्रीमदभागवत गीता के मर्मो का भावपूर्ण चित्रण श्रद्धालुओं में रखते हुए आचार्य देवव्रत जी ने बताया कि भगवान को केवल प्रेम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने कहा कि कलियुग में श्रीकृष्ण नाम जप के सिवाय कल्याण का दूसरा कोई साधन नही हो सकता। उन्होने कहा कि श्रीहरिनाम का उच्चारण मात्र जिहवा को प्रभु की आराधना का मीठा स्वाद दिया करती है।

बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण, मिली खामियां

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने ग्राम पंचायत दानोकुईया, केन्द्र जिगिना बुजुर्ग, विकास खण्ड मिठवल पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने एएनएम से गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी जब कि आशा कार्यकत्री अनुपस्थित पाई गई। गर्भवती महिलाओं की एचआर0पी0 जांच के लिए एएनएम के पास स्ट्रिप उपलब्ध नहीं था जिससे खून की जांच नहीं हो पा रही है। एमसीपी कार्ड पर आरसीएच नम्बर अंकित नहीं किया गया था, एलबेन्डाजोल एक्सपायर पाया गया तथा ड्यू लिस्ट अपडेट नहीं था, जिसपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एएनएम द्वारा रूचि न लेने पर नोटिस निर्गत करने के साथ अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश दिया। एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्री का गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन रजिस्टर दोनो मैच नहीं कर रहा था। जिलाधिकारी ने एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्री को कार्य में सुधार लाने के साथ रजिस्टर ठीक करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिला से वार्ता कर बीएचएनडी दिवस पर दी जाने वाली जानकारी के बारे में पूछताछ किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सैम-मैम बच्चों का रजिस्टर देखा गया तथा सैम मैम बच्चों को पोषाहार का वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस में गर्भवती महिलाओ की गोदभराई कराये तथा पोषाहार का वितरण कराये। आंगनबाड़ी एवं आशा को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए।

डीएम ने पीएम श्री स्कूलों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर दिया जोर

सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूल फेज वन और फेज टू में गैप्स के पैरामीटर की समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों में एमडीएम शेड, टाइलिंग, छत मरम्मत और बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य में कमी पाए जाने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। स्कूल चलो अभियान 2025-26 के तहत 26,701 नए बच्चों का नामांकन हुआ है। जिलाधिकारी ने कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करने को कहा।

एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर योग दिवस आयोजन

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार जनपद में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों पर नियमित योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। योग प्रशिक्षक प्रवीण वर्मा, अरुण कुमार एवं शीला वर्मा द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में 11 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर प्रारंभ किया गया है, जिसमें प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसी क्रम में अटल इको चिल्ड्रेन पार्क भिनगा में भी प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे तक योग सत्र आयोजित हो रहा है। डाइट इकौना में आज योग सप्ताह के दूसरे दिन प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षण दिया गया। योगाभ्यास में भुजंगासन, वज्रासन (पेट रोगों के लिए), वक्रासन, पादहस्तासन (मधुमेह के लिए), शवासन, भ्रमरी एवं नाड़ी शोधन प्राणायाम (अनिद्रा के लिए) और शीतली व शीतकारी प्राणायाम (गर्मी से राहत हेतु) शामिल रहे। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को नियमित योग से शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया।

रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन व जानकारी पर ब्रीफिंग

श्रावस्ती। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र श्री अमित पाठक ने आज पुलिस लाइन भिनगा का दौरा कर वर्ष 2023 की आरक्षी भर्ती के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों हेतु संचालित ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरक, भोजनालय, स्नानागार और पेयजल जैसी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जांच की तथा प्रशिक्षण संबंधी अभिलेखों का अवलोकन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लिया। आईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और तत्परता से करें, जिससे रिक्रूटों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिल सके। इस दौरान जेटीसी ट्रेनिंग के अंतर्गत मौजूद रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन और आवश्यक मूलभूत जानकारी से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम, क्षेत्राधिकारी भिनगा/इकौना सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मान मनौव्वल के बाद पीएम कराने को राजी हुए परिजन

● मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत का मामला

प्रतापगढ़। दस दिन पहले मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान बीती मंगलवार की देर शाम मौत हो गयी। मृतक का शव घर लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। वही घटना को लेकर तहरीर देने के बावजूद कार्रवाई न होने पर परिजनों का पुलिस के प्रति आक्रोश पनप उठा। पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद बुधवार सुबह परिजन शव का पीएम कराने के लिए राजी हुए। इधर पुलिस मारपीट की घटना को निराधार बताते हुए इसे महज मार्ग दुर्घटना मान रही है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर बाजार निवासी सर्वजीत सिंह ने बीती आठ जून को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पुत्र बीस वर्षीय संदीप सिंह को आठ जून को ही बाइक से दो लोग लेकर कहीं चले गये और मारपीट कर उसे खिड़कियां

राजमतीपुर के पास फेंककर भाग निकले। गंभीर रूप से घायल संदीप की लखनऊ में इलाज के दौरान बीती मंगलवार की देर शाम मौत हो गयी। परिजन रात करीब साढ़े नौ बजे शव लेकर घर पहुंचे। घटना को लेकर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने से परिजनों में गम व गुस्सा भी पनप उठा। इधर शव घर आने की जानकारी होने पर एसओ पहुंचे और शव का पंचनामा कर पीएम को भेजने के लिए कार्रवाई शुरू की तो परिजन आक्रोशित हो उठे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई व गिरफ्तारी न होने तक परिजनों ने शव का पीएम कराने से इंकार कर दिया। अगले दिन बुधवार सुबह भी पुलिस ने काफी मानमनौवल की। पुलिस द्वारा तहरीर पर एनसीआर दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेजवाने पर परिजनों को किसी तरह राजी किया। इसके बाद मृतक का शव पीएम के लिए भेजा जा सका। एसओ राधेश्याम का कहना है कि पीड़ित पक्ष द्वारा दो लोगों के खिलाफ मारपीट की दी गई तहरीर निराधार है। बाइक से गिरने से गंभीर रूप से घायल होने के कारण युवक की मौत हुई है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यूपीआई गलत खाते में चले गए 95 हजार रुपये, साइबर सेल ने वापस कराये

सिद्धार्थनगर- बांसी थाना क्षेत्र के निवासी आशीष जायसवाल को साइबर सेल की तत्परता से बड़ी राहत मिली है। यूपीआई के जरिए गलत नंबर डालने से उनके खाते से 95,000 रुपए दूसरे खाते में चले गए थे। जैसे ही आशीष को इस गलती का पता चला। उन्होंने तुरंत साइबर सेल सिद्धार्थनगर को सूचना दी। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर साइबर सेल की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी अपराध अरुणकांत सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने कार्रवाई करते हुए पूरी रकम वापस करा दी। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को सफलतापूर्वक 95,000 रुपए की पूरी राशि आशीष के खाते में वापस करा दी। इस कार्रवाई में साइबर सेल की पूरी टीम शामिल रही। जिसमें निरीक्षक अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल अतुल चौबे, दिलीप कुमार द्विवेदी और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। धनराशि वापस मिलने से प्रसन्न आशीष जायसवाल ने साइबर सेल की कार्यप्रणाली की सराहना की। यह घटना आम लोगों के लिए सीख है कि वढकसे पैसे ट्रांसफर करते समय नंबर की जांच अवश्य कर लें।

बार एवं बेंच की समन्वय बैठक में न्यायिक कामकाज में तेजी लाने पर मंथन

प्रतापगढ़। बार एवं बेंच की समन्वय बैठक मे बुधवार को न्यायिक कामकाज के वातावरण को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के भी समाधान को लेकर आपसी विचारविमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने अधिवक्ताओं से न्यायिक कामकाज को सुचारू बनाए रखने मे सहयोग मांगा। वहीं बैठक में संघ के पदाधिकारियों द्वारा राजस्व निरीक्षको व क्षेत्रीय लेखपालों की साप्ताहिक हाजिरी के दिन उपस्थिति संतोषजनक न होने का भी मुददा एसडीएम के सामने जोर शोर से उठाया। इस पर एसडीएम ने तहसीलदार को समुचित निर्देश दिये। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने बैठक मे अधिवक्ताओ से जुडे मुददो को रखते हुए इनके समाधान कराए जाने पर जोर दिया।

साफ सफाई का रखे ध्यान

इटावा। संचारी रोग को दूर रखने के लिए नालापार पुरविया टोला वार्ड में चूना चक्की की गलियों में समाजसेवी डॉ. हरीशंकर पटेल तथा अभिराज ने पीठ मे लादकर गली गली किया एंटी लार्वा का छिडकाव नगर पालिका परिषद के सहयोग से किया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 29/2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।
क्र.सं. 1:-कार्य का विवरण: स्वीकृत ट्रैक नवीनीकरण कार्यों (टी.आर.आर, आई.एस.डी, टी.टी.आर. एवं डीस्ट्रेसिंग कार्य आदि) के अर्न्तगत रेल की वेल्डिंग के लिए आर.डी.एस.ओ. द्वारा अनुमोदित एल्युमिनों थर्मिक वेल्डिंग पोर्शन का निर्माण एवं आपूर्ति तथा ए.टी. वेल्डिंग का निष्पादन। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹1,36,25,561.59 बयाना राशि रूपयों में: ₹2,18,100/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।
1. ई- निविदा दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0),
मुजाधि/डब्लू-124 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

परिवार को मिले 2 लाख रुपये परिजनों को मिली राहत

पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ

खुनियांव सिद्धार्थ नगर। स्टेट बैंक आफ इंडिया बैंक की रमवापुरकली शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक परिवार को बड़ी राहत मिली है। मृतक कांति देवी के नॉमिनी, पति राम गिरीश को बीमा क्लेम के रूप में 2 लाख रुपए मिले हैं। शाखा प्रबंधक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक व वित्तीय साक्षरता केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता कैंप लगा कर लोगों को जागरूक कर बीमा एंव बैंकिंग सुविधाओं के बारे मे जानकारी दिया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत बैंक बहुत कम प्रीमियम पर यह बीमा सुविधा प्रदान करता है। ज्यादा से ज्यादा लोगो को यह बीमा बैंक से करना चाहिए। इस अवसर पर स्टेट बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अशोक कुमार एंव आरोह फाउंडेशन से वित्तीय सलाहकार धर्मेंद्र यादव व बीमा धारक के स्वजन मौजूद रहे।

प्रशासन ने अवैध मदरसों पर चलाया बुलडोजर

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में तीन मदरसों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। तहसील जमुनहा के ग्राम फतेहपुर बनगई में स्थित गाटा संख्या 1039/0-670 हे० एवं 1041/0-162 हे०, जो कि ग्रामसभा की सरकारी भूमि है, पर अवैध रूप से संचालित मदरसा इस्लामिया अरबिया अवारुल उलूम बनगई तथा अकारा को तहसीलदार न्यायालय के दिनांक 28 मई 2025 के बेदखली आदेश के आधार पर हटा दिया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम रामपुर बस्ती के गाटा संख्या 556 (श्रेणी 6-4 खलिहान भूमि) पर अवैध रूप से स्थापित मदरसा गौसिया ताजुल उलूम ने प्रशासन के निर्देश पर स्वयं ही अपने निर्माण को हटा लिया। इसी ग्राम के मजरा नगईगांव में स्थित गाटा संख्या 394, जो ग्रामसभा की भूमि है, पर स्थित मदरसा गौसिया फैजाने रजा शमशूल द्वारा भी स्वेच्छा से अवैध निर्माण हटा लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में बिना अनुमति एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर संचालित संस्थाओं के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

दिव्यांगजनों की समस्याओं पर मोबाइल कोर्ट का आयोजन

आयुक्त ने 67 प्रकरणों का किया निस्तारण

श्रावस्ती। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अंतर्गत आशा एएनएम सेंटर भिनगा में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा० आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश लखनऊ प्रो० हिमांशु शेखर झा ने की। उनके साथ उपायुक्त शैलेन्द्र कुमार सोनकर एवं विधि अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी भी उपस्थित रहे। मोबाइल कोर्ट में 67 दिव्यांगजनों की समस्याओं जैसे दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, आवास, सहायक उपकरण आदि का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी पोर्टल से नियमानुसार जारी करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, परिवहन, स्वास्थ्य, नगर विकास, खाद्य एवं आपूर्ति, राजस्व, पंचायतीराज, बिजली विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी व बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अवैध अस्पतालों पर प्रशासन का एक्शन, एक अस्पताल सील, दो को नोटिस

सिद्धार्थनगर- जिले के डुमरियागंज में प्रशासन ने अवैध निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवाँ डॉ. विकास चौधरी और तहसीलदार रवि कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेडीक्योर हॉस्पिटल, बैदौला चौराहा में सभी दस्तावेज नियमित पाए गए। होलिस्टिक अर्थो न्यूरो सेंटर को केवल फिजियोथेरेपी का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया! लखनऊ हेल्थ केयर एंड मैटरनिटी सेंटर के कर्मचारी जांच टीम को देखकर शटर बंद कर भाग गए। प्रशासन ने तत्काल इस अस्पताल को सील कर दिया। बॉम्बे हेल्थ सेंटर, कादिराबाद रोड और क्योर हेल्थ सेंटर, बेवा चौराहा को दस्तावेजों की कमी के कारण दो दिन का नोटिस दिया गया है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई जनहित में की गई है। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र नियमों के अनुसार संचालित होंगे। मरीजों को वैध चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। प्रशासन अवैध संस्थानों के खिलाफ अभियान जारी रखेगा।

योग से मानसिक और शारीरिक रोग होते हैं खत्म

● चक्की चलाने से शरीर के सभी भागों में होता है ऊर्जा का संचार

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में योग शिविर के चौथे दिन योग गुरु स्वामी कर्मवीर जी महाराज ने एक विशेष योग सत्र में उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग और प्राणायाम के माध्यम से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आत्मिक रोगों का भी अंत संभव है।

उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए सिद्धासन, पद्मासन अथवा सुखासन में बैठकर ध्यान करने से चित्त शुद्ध होता है और आत्मबल की वृद्धि होती है। स्वामी जी ने महायोग क्रिया के अभ्यास का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि इसमें बटरफ्लाई आसन, जालंधर बंध, उड्डियान बंध अत्यंत लाभकारी हैं। सूर्यभेदी प्राणायाम सर्दी, जुकाम और खांसी में अत्यंत उपयोगी है, वहीं चंद्रभेदी प्राणायाम गर्मी, अधिक पसीना, थायरॉयड व गले की समस्याओं में राहत देता है।

स्वामी जी ने बताया कि पीठ और पेट की समस्याओं के लिए विशेष अभ्यास जैसे चक्की चालन अत्यंत उपयोगी होता है। उन्होंने सूर्य नमस्कार, वज्रासन, हस्त उत्तानासन, मंडूकासन, शशांकासन, अर्धचंद्रासन आदि योगासनों के नियमित अभ्यास करने को कहा। उन्होंने गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि आत्मा अजर, अमर और अविनाशी है, और योग द्वारा चित्त निर्मल कर सभी के प्रति मैत्री भाव उत्पन्न होता है। प्राणायाम से मन शांत होता है, रक्तसंचार बेहतर होता है, और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। भोजन में अधिक फाइबर युक्त और सात्विक आहार को अपनाने चाहिए। सायनस, अस्थमा, कोरोना जैसी समस्याओं में त्रिकटु चूर्ण, काली मिर्च, सौंठ, पीपली, शहद आदि का सेवन लाभकारी रहता है। स्वामी जी ने थायरॉयड व कंठ रोगों में बहेड़ा, अंजन, श्वास यंत्रियों के लिए विशेष आसनों का अभ्यास करने की सलाह दी।

लखनऊ नगर निगम
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
वेबसाइट : https://lmc.up.nic.in, ई-मेल : nnlko@up.nic.in
निविदा सू0सं0 : 41/मु0अ0/2025-26 दिनांक : 18.06.2025

अति-अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 25.06.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.06.2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथ नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय, लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता नगर निगम लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 25.06.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता हैं तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लांट ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि (रू. में)	धरोहर धनराशि (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18% GST	कुल निविदा मूल्य (रू. में)
1	वृन्दावन स्थित सेक्टर-19 के पासी चौराहे निकट स्थित पार्क में अमर शहीद वीरांगना उदा देवी पास की मूर्ति स्थापित करने हेतु पेडिस्टल का निर्माण कार्य। पार्ट-ए	841017.00	84102.00	2 माह	841.00	151.00	992.00
2	वृन्दावन स्थित सेक्टर-19 के पासी चौराहे निकट स्थित पार्क में अमर शहीद वीरांगना उदा देवी पास की मूर्ति स्थापित करने हेतु पेडिस्टल का निर्माण कार्य। पार्ट-बी	350260.00	35026.00	2 माह	350.00	63.00	413.00

शर्तें :-
01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
02. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा.)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी.ओ.यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से आधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिग/RTGS/NEFT/डयूली प्लेज्ड FDR/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
03 कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
04. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
05 किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
06 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृत के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/ बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृत/अस्वींकृत पर निर्णय लिया जायेगा।
मुख्य अभियन्ता

बेफिक्र करायें इलाज : सीएम

इलाज के लिए मदद मांगने आये लोगों को सीएम योगी ने किया आश्वस्त

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अफसरों को सभी की समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान के लिए निर्देशित किया। इस दौरान गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। इलाज में सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। बारिश के मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने लोगों से आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही सभी को भरोसा दिया कि सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। बात करने के दौरान एक महिला को आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज के लिए सरकारी मदद मिल जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

संक्षेप

विद्युत विभाग की काम्बिंग में की गई 2.25 लाख रुपये की वसूली

चौरी चौरा, गोरखपुर। विद्युत उप केन्द्र चौरीचौरा के टाउन फीडर से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं के यहां डोर टू डोर विद्युत विभाग द्वारा की गई काम्बिंग में 2.25 लाख रुपये राजस्व की वसूली की गई। साथ ही साथ 26 किलो वाट की भार की वृद्धि भी किया गया। एसडीओ विद्युत विभाग चौरीचौरा योगेश यादव ने बताया कि चौरीचौरा विद्युत उप केंद्र से निर्गत टाउन फीडर पर मेगा ड्राइव अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत डोर टू डोर काम्बिंग कराया गया। कांबिंग के दौरान 153 संयोजनों की जांच की गई। जिसमें तीन संयोजनों का विधा परिवर्तन किया गया। इसके साथ ही 26 किलोवाट विद्युत भार की वृद्धि भी की गई। तथा 8 ऊर्जा मीटर को बदला गया। इस काम्बिंग अभियान के तहत 2.25 लाख रुपए राजस्व की वसूली की गई। उक्त अवसर परअवर अभियंता नवनीत सिंह पटेल, जवाहिर कुमार सुनील कुमार सहित तमाम कर्मचारियों के साथ पुलिस बल उपस्थित रहे।

दो महीना बाद गाड़ी चोरी का मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर निवासी पन्नेलाल राजभर पुत्र जयराम राजभर की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर निवासी पन्नेलाल ने चौरी चौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मै अपनी स्पलेंडर मोटरसाईकिल अपने घर के सामने गत 17 अप्रैल को रात लगभग 11 बजे के खड़ा किया था। सुबह जब सो कर उठा तो मेरे दरवाजे से मेरी मोटरसाइकिल गायब हो गई थी। उन्होंने बताया कि मैने गाड़ी को बहुत खोजा ।लेकिन मिला नही। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

ग्राम सचिव सभी विकास कार्यों को समय से पूरा करें : बीडीओ

उरुवा, गोरखपुर। उरुवा ब्लॉक पर आयोजित ग्राम सचिव की बैठक में खंड विकास अधिकारी आसिफ अखलाक ने विकास कार्यों में लापरवाही पर ग्राम सचिवों को सभी कार्यों को समय के भीतर पूरा किए जाने का निर्देश दिया। और लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में खंड विकास अधिकारी द्वारा आवास में सेल्फ सर्वे का सत्यापन दो दिनों के भीतर पूरा करने, मनरेगा में बीस मजदूरों से ज्यादा होने पर महिला मेठ से हाजिरी लगाने, पोषण वाटिका योजना में नौ ग्राम पंचायतों में वाल पेंटिंग के साथ ही आईजीआरएस में लापरवाही बरतने वाले सचिव द्वारा संतोषजनक प्रगति न मिलने पर वेतन बाधित किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

इस मौके पर एडीओ आईएसबी कृष्ण कुमार उपाध्याय, राघवेंद्र प्रताप, प्रेम नारायण, रवि पांडेय, अनिल शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

सूचना

सूचित हो कि मेरे भाई मोहम्मद हाशिम पुत्र मोहम्मद शफी लगभग 7 वर्ष पूर्व हमें छोड़कर कहीं चले गये हैं, उन्होंने एक भूखण्ड संख्या-27, खसरा संख्या-193 का मिनजुमला रकबा-600 वर्गफिट स्थित-शेखपुर हबीबपुर, वार्ड-सआदतगंज, तहसील व जिला-लखनऊ को क्रय किया था। जिसका विक्रय विलेख दिनांक-13/08/1990 को बही संख्या-1 जिल्द-3575 पृष्ठ-355 से 356 क्रमांक-4772 पर मुख्य उपनिबन्धक कार्यालय, लखनऊ में पंजीकृत है। जिसे मैं विक्रय करना चाहता हूं, यदि मेरे भाई मोहम्मद हाशिम पुत्र मोहम्मद शफी जीवित हों तो एक माह के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करायें, अन्यथा मैं उपरोक्त भूखण्ड विक्रय कर दूंगा। **मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद शफी निवासी-1/44, कटरा खुदा यार खां, थाना-सआदतगंज, लखनऊ**

बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के मोहरीपुर सिहोरवा मार्ग पर बेला मड़ई के पास मोड़ पर आमने सामने दो बाइक आपस मे भीड़ गये। जिसमे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। एक घायल युवक को सीएचसी जंगल कौड़िया भेज दिया गया। वही दूसरे युवक को परिजन निजी अस्पताल मे भर्ती करा दिये दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत मोहरीपुर सिहोरवा मार्ग पर शेरपुर चमराह(बेला मड़ई)के पास अंधे मोड़ पर दो बाइक सवार युवक आपस मे टक्कर मार दी जिस पर सवार तीन युवको मे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये वही तीसरे युवक को मामूली चोट आई है मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को सीएचसी जंगल कौड़िया भेज दी जहा से डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया वही दूसरे युवक को परिजन निजी अस्पताल मे भर्ती करा दिये है दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है घायल युवक की पहचान विशाल पुत्र रमेश उम्र 21 वर्ष निवासी रुदलापुर महराजगंज जो दहला थाना चिलुआताल मे रहकर गोरखनाथ अस्पताल मे पढ़ाई करता है वही दूसरा युवक कर्मवीर पुत्र राजेन्द्र उम्र 25 वर्ष निवासी भक्ता थाना घनघटा जनपद संतकबीर नगर के रूप मे हुई ।

बिना भेदभाव के सबको मिली नौकरियां : हरिकिशोरी

इटावा। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री कार्यकाल का 11 वर्ष अद्भुत और सफलतम पूर्ण होने पर भव्य आयोजन कुनेरा डूंगरी में सौरभ तिवारी सेक्टर संयोजक के संयोजकत्व में सैकड़ों ग्राम वासियों के बीच अपनी और उनकी बात के तहत संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने सुशासन, विदेश नीति, ऑनलाइन भुगतान से आराम, नौकरियो में पारदर्शिता, बिना जात-पात देखें सबको शिक्षा, सबको शौचालय, घर घर सिलेंडर, सबको स्वास्थ्य, व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए इन 11 वर्षों को अद्वितीय बताया। जहां तक संविधान को बदल देने की बात चुनाव में विरोधियों द्वारा उठाई जाती है उनसे पूछा जाए की एक ही देश में जम्मू कश्मीर और बाकी प्रदेशों में अलग-अलग संविधान चलाए जा रहे थे भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जम्मू कश्मीर में भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का संविधान ही लागू कर दिया जो पिछली सरकारे 70 साल में भी लागू नहीं कर पाए । यह एक बड़ा महत्वपूर्ण कार्य किया गया। संविधान ना कभी बदला है न कभी बदलेगा सिर्फ चुनाव में भ्रांतियां पैदा कर वोटों को हड़पने जैसा प्रयास भारतीय जनता पार्टी नहीं करती है वह काम करके दिखाती है, वह अपना पराया नहीं करती है, वह परिवार बाद नहीं करती है, उसके यहां एक से एक लीडरशिप दशकों से चली आ रही है जो बहुत ही योग्य है और उनको ही योग्यता के आधार पर सत्ता सौंपी जाती है। पूरे देश में ऐसे कई राज्य है जहां पर तीन या चार बार से अधिक सरकार है भारतीय जनता पार्टी की बन रही है वे सभी जनता द्वारा प्यार देने के कारण ही बन रही हैं। कार्यक्रम में अतुल तिवारी, नीरज मिश्रा, आशीष तिवारी, राजा अवस्थी(बूथ अध्यक्ष, बृजेश तिवारी, सोनू यादव, विवेक तिवारी उपस्थित हुए।

विदाई से भावुक हो गए प्रभारी अग्निशमन अधिकारी

इटावा। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी फायर विभाग सनद पटेल अग्निशमन अधिकारी फायर विभाग का स्थानांतरण जनपद संभल होने पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। पुरबिया टोला स्थित साईं टैंट हाउस में सनद पटेल के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महासभा के पदाधिकारियों व कुर्मी समाज के लोगों ने उनका जोशीला स्वागत किया। महासभा से मिले सम्मान से भावुक होकर प्रभारी अग्नि शमन अधिकारी ने कहा कि मुझे इटावा में आने के कुछ समय बाद से जो स्नेह व प्यार मिला है। वह उसे कभी भूल नहीं पाएंगे। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा से जिस तरह का दुलार और प्यार मिला है, उससे यही लगता है जैसे सभी हमारे परिवार के सदस्य हैं। संचालन प्रवक्ता योगेश वर्मा ने किया। विदाई समारोह में महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, विजय शंकर वर्मा, महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. ज्योति वर्मा, रमेश कुमार चैधरी, करन सिंह, ओमनाथ वर्मा, राजकुमार वर्मा जेई, विक्की वर्मा, मुनिराज वर्मा, तेज सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

आशा बहुओं के सहारे चल रहे हैं चौरीचौरा क्षेत्र में अवैध हॉस्पिटल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र में तमाम जगहों अवैध हास्पिटल संचालित हो रहें है। जहां मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। इन हास्पिटलों पर मानक के अनुरूप डाक्टरों का अभाव है। और ये हास्पिटल डाक्टरों की वजह से नही बल्कि आशा बहुओं के सहयोग से चल रहा है। जिसके एवज में आशा बहुओं को हास्पिटल की तरफ से मोटा कमीशन भी मिलता है। इसलिए अधिकतर आशा बहुएं मरीजों को सरकारी हास्पिटल पर न पहुंचा कर मरीजों को भ्रमित कर इन अवैध अस्पतालों पर पहुंचाने का कार्य करती है। चौरीचौरा क्षेत्र स्थित गोरखपुर देवरिया राजमार्ग पर बड़े बड़े आकर्षक बोर्ड लगाकर शहर के नामचीन अस्पताल की चौरीचौरा में खोली गई एक शाखा पर एम्बुलेंस से भी मोटी रकम के सहारे मरीज खरीदने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।

बताते चलें कि चौरीचौरा थाना क्षेत्र में अवैध अस्पतालों का भरमार हो गया है। स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चौरीचौरा के अवैध हास्पिटलों पर आशा बहुएं मरीजों को पहुंचा कर मोटी कमीशन प्राप्त करती हैं। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने शहर के एक नामचीन अस्पताल की एक चौरीचौरा स्थित शाखा पर एम्बुलेंस से कमीशन पर मरीज खरीदने का आरोप लगाया है।जबकि चौरीचौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव से संबंधित अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हैं। फिर भी आशा बहुएं कमीशन के चक्कर में वहां न भेजकर प्राइवेट अस्पतालों से मोटी रकम कमाने के चक्कर में जच्चा बच्चा दोनों को खतरे में पहुंचा देती हैं। लोगों ने जांच कर कार्रवाई की मांग किया है। *इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर सर्वजीत प्रसाद ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं था। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।*

ग्राम प्रधान संघ की बैठक आयोजित

गोरखपुर। राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने बुधवार को विकास भवन सभागार में गोरखपुर के संगठन से जुड़े ग्राम प्रधानों संग बैठक किया। बैठक में ग्राम प्रधानों से ग्राम सभाओं में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में आ रही कठिनाईयों एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। तदुपरांत मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह से मिलकर जनपद गोरखपुर के पंचायतो से संबंधित समस्याओं एवं उनके निराकरण के लिए चर्चा किया। राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा का बुधवार को गोरखपुर में आगमन हुआ। जहां जनपद के ग्राम प्रधानों ने उनका जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। उसके बाद विकास भवन सभागार में ग्राम प्रधानों संग बैठक किया। बैठक में बिंदुवार निम्न विषयो पर विचार विमर्श एवं शासन प्रशासन से निस्तारण की मांग किया गया। बैठक में विगत दिवस शासन स्तर पर संगठन के साथ हुई बैठक के कार्य वृत्ति एवं16वें वित्त आयोग की बैठक के विषय पर प्रधानों को अवगत कराया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा विगत वर्ष पंचायत उत्कृष्ट कार्यक्रम लखनऊ में घोषित किए गए सभी आदेशों का पालन किया जाए। पंचायतो के भुगतान की डोंगल प्रणाली को हटाकर चेक प्रणाली किया जाए। 15वां वित्त आयोग की इस वर्ष की किस्त को तत्काल रिलीज किया जाए। मनरेगा के सभी बकाया मजदूरी एवं सामग्री का भुगतान शीघ्र किया जाए। जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर जल, घर-घर नल योजना से ग्राम पंचायत के टूटी हुई सड़कों का शीघ्र मरम्मत कराया जाए। जल जीवन मिशन अंतर्गत वाटर सप्लाई का संचालन ग्राम पंचायत को दिया जाए तथा उस पर आने वाले सभी प्रकार के खर्चों का भुगतान सरकार अतिरिक्त धनराशि आवंटित करके करें। जल जीवन मिशन को पंचायतो के राज्य वित्त का 1/3 अंश काट कर दिए जाने के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए। मनरेगा को स्वच्छता से जोड़ा जाए तथा प्रतिदिन प्रत्येक ग्राम पंचायत को 5 से 10 मजदूरों का मस्टरोल जारी किया जाए जिससे सफाई के लिए ई-रिक्शा का संचालन, ग्राम पंचायतो में स्ट्रीट लाईटो के मरम्मत के लिए इलेक्ट्रिशियन का मानदेय, सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर का मानदेय इत्यादि का कुशल संचालन नगर पंचायतो के तर्ज पर हो सके।

श्रमेव जयते का भी माध्यम बनेगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण समारोह

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों शुक्रवार (20 जून) को लोकार्पित होने जा रहे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह का मंच दो स्थानों, आजमगढ़ और गोरखपुर में सजेगा। दोनों ही स्थानों पर एक्सप्रेसवे के निर्माण में पसीना बहाने वाले कार्मिकों को सानिध्य प्रदान कर सीएम योगी ह्यश्रमेव जयते अर्थात ह्यश्रम की जय हो की उक्ति को चरितार्थ करेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण समारोह पहले आजमगढ़ के सलारपुर और फिर गोरखपुर के भगवानपुर टोल प्लाजा पर होगा। आजमगढ़ का कार्यक्रम सुबह दस बजे और गोरखपुर का कार्यक्रम दोपहर एक बजे संभावित है। आजमगढ़ में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण स्थल पर मुख्यमंत्री पैकेज-2 की निर्माणकर्ता फर्म के कर्मियों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाकर उनका मनोबल बढ़ाएंगे। लोकार्पण समारोह के दूसरे चरण में गोरखपुर में भगवानपुर टोल प्लाजा पर मुख्यमंत्री पैकेज-1 की निर्माणकर्ता फर्म के कर्मियों के साथ भी सीएम योगी ग्रुप फोटो खिंचवाकर उनके योगदान को यादगार बनाएंगे।

पंचायत भवन व आंगनबाडी केंद्र का लोकार्पण

गोरखपुर। गोरखपुर के मंडलीय उपनिदेशक पंचायत हिमांशु शेखर ठाकुर मंगलवार को बडहलगंज ब्लाक के बुढनपुरा गांव में पहुंचे। यहां उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित 310 मीटर आरसीसी सडक तथा कायाकल्प योजना के तहत नवीनीकृत पंचायत भवन, आंगनबाडी केंद्र व प्राथमिक विद्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहाकि गांवों के समग्र विकास के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। जिसे स्थानीय स्तर पर मूर्त रूप देने की जिम्मेदारी हम सभी की है। हम सभी का प्रयास है कि गांव के अंतिम छोर तक और अंतिम व्यक्ति तक को विकास की सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना की, कहा कि पंचातय स्तर पर सभी जरूरतमंदों को लाभ मिले इसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है। ग्राम प्रधान उषा देवी व प्रधान प्रतिनिधि गुलशन यादव ने पंचातय भवन पर सीएससी की सुविधा दिलाने की मांग की। ताकि सरकारी अभिलेखों के लिए ग्रामीणों को तहसील अथवा जिला मुख्यालय तक का चक्कर न लगाना पडे। मंडलीय उपनिदेशक ने आश्वस्त किया कि वे शीघ्र इसकी व्यवस्था कराएंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सिधुआपार दिनेश पांडेय, ग्राम प्रधान चौतीसा आदर्श शाही, ग्राम प्रधान नरहरपुर शिवचंद निषाद, प्रदीप सिंह, पंचायत सहायक रिंकी, आशा देवी, मीरा देवी, कुसुम देवी, अभय पांडेय, सुयश पांडेय, सुधीर निषाद, अमन यादव, प्रद्युम्न, शरद यादव, दीपक, अंश यादव, साहिल सोनकर, रितेश यादव, प्रथम यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मानसूनी बारिश से मिली राहत

बिजली गुल होने से लोगों ने रात अंधेरे में गुजारी

इटावा। मंगलवार शाम को आई हल्की प्री-मानसून बारिश ने जहां तपती गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को कुछ राहत दी, वहीं शहर की विद्युत व्यवस्था ने पूरी तरह दम तोड़ दिया। बारिश के बाद सुंदरपुर फीडर सहित कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे शाम होते ही पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। रात भर शहर के कई इलाके अंधेरे में डूबे रहे। विद्युत विभाग के खिलाफ शहरवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिला, देर रात तक शहर के लोग फेसबुक हैंडल पर विद्युत विभाग के खिलाफ पोस्ट करते दिखे। बारिश के बाद मौसम तो सुहावना हुआ, लेकिन बिजली न होने के कारण लोगों की परेशानी कम होने की बजाय और बढ़ गई। उमस, गर्मी और मच्छरों के बीच बुधवार सुबह तड़के तक लोगों ने करवटें बदली। कई क्षेत्रों में देर रात साढ़े तीन बजे तक भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, और जहां बिजली आई भी, वहां टिक नहीं पाई। बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। सुन्दरपुर फीडर से जुड़े अधिकारी पूरी तरह लापता नजर आए, जैसे उन्होंने कानों में रूई डाल ली हो। दिनभर बदले मौसम के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए रहे और शाम को बारिश ने गर्मी से कुछ राहत जरूर दिलाई। लेकिन हर साल की तरह इस बार भी हल्की बारिश में शहर की विद्युत व्यवस्था की पोल खुल गई। लोग सवाल कर रहे हैं कि जब मामूली वर्षा में यह हाल है, तो तेज बारिश में हालात कैसे होंगे ।

आकाशीय बिजली गिरने से 8 वर्षीय बालक की मौत

जसवंतनगर, इटावा। मंगलवार शाम तेज बारिश और आंधी के दौरान हुई आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 8 वर्षीय बालक जो कक्षा चार का छात्र था जिसकी मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। यह दर्दनाक घटना गांव पिपरेदी की है, जहां धर्मेंद्र कुमार कठेरिया का पुत्र देव उर्फ जानू गांव से सटे राजपुर मार्ग पर स्थित उदय प्रताप के खेत में बकरी चरा रहा था। इसी दौरान करीब शाम 4.30 बजे, अचानक आसमान से बिजली गिर गई। उधर से गोसेवक लाखन सिंह, जो गौशाला की ओर जा रहे थे, उन्होंने बताया कि उनके सामने ही बिजली गिरी थी और बालक खेत में गिर पड़ा। पास जाकर देखने पर बालक झुलसा हुआ मिला। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्काल उसे नगर के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही देव की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम कुमार सत्यम जीत के निर्देश पर तहसीलदार दिलीप कुमार, थाना निरीक्षक रामसहाय सिंह, उपनिरीक्षक किशन कुमार, कांस्टेबल, अवनीश कुमार, लेखपाल जहीर खान और अरुण कुमार, अनुराग यादव मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी ।मृतक बालक अपने माता-पिता के चार बच्चों में एक था। उसके परिवार में दो बहनें और एक छोटा भाई है। माँ रश्मि देवी और अन्य परिजन गहरे सदमे में हैं ।इस हादसे से न सिर्फ एक परिवार उजड़ गया, बल्कि पूरा गांव स्तब्ध है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आकाशीय बिजली से हुई मौत पर राहत राशि की तत्काल स्वीकृति की मांग की है।

शिवपाल यादव का बीजेपी सरकार पर हमला

11 साल में जनता को राहत देने वाला एक भी काम नहीं

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश में केवल झूठ, दिखावा और भेदभाव की राजनीति चल रही है। वे बुधवार को इटावा शहर में एक निजी पेट्रोल पंप के उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए थे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान-इजरायल युद्ध में फंसे भारतीयों को सुरक्षित लाना केंद्र सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार की निष्क्रियता चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों में सरकार को तुरंत और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कौशांबी में सपा नेताओं को रोके जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। सत्ता के संरक्षण में अन्याय और भेदभाव का खुला खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से जनता का भरोसा खो चुकी है और अब ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि सरकार हर बड़ी घटना को छिपाने का प्रयास करती है ताकि विपक्ष और जनता को सच न पता चले। कौशांबी की घटना भी इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार गांव-गांव जाकर जनता से संपर्क कर रहे हैं और समय आने पर पार्टी बड़े पैमाने पर जनआंदोलन करेगी। मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में 11 साल में एक भी ऐसा बड़ा काम नहीं दिखता, जो जनता को राहत दे। सिर्फ उत्पीड़न, बेईमानी और भ्रष्टाचार देखने को मिला है।

राप्तीनगर डिपो करेगा संविदा चालकों की भर्ती

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अंतर्गत राप्तीनगर डिपो द्वारा अनुबंध के आधार पर बस चालकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए बेलघाट हनुमान मंदिर पर प्रातः 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक कैंप का आयोजन किया जाएगा। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों की लंबाई कम से कम 5 फुट 3 इंच होनी चाहिए। साथ ही भारी वाहन चलाने का कम से कम दो साल पुराना लाइसेंस होना अनिवार्य है। शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ पास हो और न्यूनतम आयु 23 वर्ष 6 माह पूरी कर चुके हों। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आधार कार्ड, चालक लाईसेंस, कक्षा-8 पास मार्कशीट/टी.सी लेकर 20 जून को कैंप में पहुंचे। यहां प्रथम टेस्ट उत्तीर्ण करने के बाद कानपु अथवा रायबरेली भेजकर द्वितीय टेस्ट कराया जायेगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि.ख. कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-16.06.2025

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि.ख. कादीपुर, सुलतानपुर में 15वां वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक-19.06.2025 से दिनांक-25.06.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- बनकेगांव पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 25.06.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	केदार के चक से भागीरथी की मशीन तक मि. और खण्डजा कार्य।	3.99 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
2.	हुकुम सिंह की मशीन से शिवपूजन के चक तक मिट्टी और खण्डजा कार्य।	3.99 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- बनकेगांव, वि.ख.-कादीपुर
जनपद-सुलतानपुर

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम
अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।

ई- निविदा सूचना दिनांक: 16.06.2025

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. ई-निविदा संख्या 30 एच (एफ) (कार्य)/2025-26 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-रूदौली, अयोध्या के अधीन उपखण्डझ सोहावल के अन्तर्गत भविष्य में स्वीकृत होने वाले जमायोजना के रंनिग कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00
2. ई-निविदा संख्या 31 एच (एफ)(कार्य)/2025-26 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-रूदौली, अयोध्या के अधीन उपखण्ड-रूदौली के अन्तर्गत भविष्य में स्वीकृत होने वाले जमायोजना के रंनिग कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00
3. ई-निविदा संख्या 32 एच (एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-रूदौली, अयोध्या के अधीन उपखण्ड-पटरंगा के अन्तर्गत भविष्य में स्वीकृत होने वाले जमायोजना के रंनिग कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00
4. ई-निविदा संख्या 33 एच (एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले समस्त खण्डों के क्षेत्रान्तर्गत 3400 अदद सिंगल फेज एवं 500 अदद थ्री फेज उपभोक्ताओं के खराब मीटरों को बदलने का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8300.00

ई निविदा की अंतिम तिथिः 01 जुलाई 2025 17.00 बजे ।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

पत्रांक 4605/
दिनांक 16.06.2025

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या

संक्षेप

वृद्ध की लात घूसों से पीटकर हत्या

जौनपुर। बक्सा थाना क्षेत्र के गद्दासेनी गांव में मंगलवार की रात बजे जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने वृद्ध की लात घूसों से पिटाई कर दी जिससे वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर फोर्स के साथ पहुँचे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर मौके पर पहुँचे उपजिलाधिकारी सदर संतबीर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी परमानन्द कुशवाहा ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में ले लिया। मारपीट की घटना में मृत कवलधारी सरोज के पुत्र राकेश सरोज व आकाश सरोज ने बताया कि वर्ष 2023 नौ अक्टूबर को पथरगड्डी हुई थी परन्तु विपक्षी उसे उखाड़ कर फेंक दिए। बीते 10 जून को भी विपक्षी बनवाये गए ईंट के ऊपर पत्थर को तोड़ दिए मना करने पर मारपीट किये जिसका बीडीओ भी वायरल हुआ। राकेश ने बताया कि शाम को अचानक विपक्षियों ने लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिए हम लोग घर छोड़कर भाग गए परन्तु उक्त लोग वृद्ध पिता कवलधारी को घर में लात घूसों से पिटाई कर दी जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद जुटी भीड़ शव को उठाने न देने पर अड़ी रही। घटना के बाद पत्नी आशा व परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने आरोपीयों के घर की कुछ महिलाओं को हिरासत में लिया है जबकि पुरूष मौके से फरार हो गए।

जन्म प्रमाण पत्र को लेकर शिविर का आयोजन

मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक मुख्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एक जगह पर अधिकारियों द्वारा दस्तावेज जमा कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य शुरू किया गया है। बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया है। पहले दिन आयोजन अव्यवस्थाओं के भेंट चढ़ गया है। चलते महज 103 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के लिए जरूरी दस्तावेज शिविर पर जमा किए जा सकें है। कार्यक्रम 20 जून तक चलाया जाएगा जिसके तहत मुख्य रूप से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने बनवाने आए बच्चों और उनके अभिभावकों को बैठने और पीने के पानी को लेकर तमाम असुविधाओं के बीच मुसीबत का सामना करना पड़ा है।

चकबंदी कार्यों की समीक्षा

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता और उप संचालक चकबन्दी मुख्यालय आलोक कुमार व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, मुख्यालय परवेज अख्तर अंसारी की उपस्थिति में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में चकबन्दी कार्यों में सर्वे, तरमीन, पड़ताल की समीक्षा, कब्जा परिवर्तन के ग्रामों की प्रगति की समीक्षा एवं सत्यापन, अंतिम अभिलेखों की तैयारी की समीक्षा, उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से प्रभावित ग्रामों की समीक्षा की गयी। चकबन्दी न्यायालय में 05 वर्ष से अधिक समय से लम्बित बादों की समीक्षा, 10 वर्ष एवं 30 वर्ष से अधिक समय से चकबन्दी प्रकिया में लम्बित ग्रामों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि जो गांव सर्वेध्तरमीम स्तर पर लंबित है, उन्हें निर्धारित लक्ष्य के अनुसार ससमय कार्य पूर्ण करें।

लखीमपुर खीरी ने रचा इतिहास, एक महीने में बने 1030 तालाब

जिला संवाददाता(vol)

हर गांव तालाब अभियान को डीएम के मार्गदर्शन, सीडीओ के नेतृत्व में दिखाई नई उड़ान, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

लखीमपुर खीरी। जब इरादे मजबूत हों और संकल्प सामूहिक हो, तो इतिहास बनता है और इस बार जल संरक्षण के क्षेत्र में यह इतिहास रचा है लखीमपुर खीरी ने। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन, सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग लखीमपुर खीरी द्वारा चलाए गए विशेष अभियान हर गांव तालाब अभियान के अंतर्गत 15 मई से 15 जून तक केवल एक महीने की अवधि में 1030 सामुदायिक तालाबों का निर्माण कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को मान्यता देने के लिए बुधवार को विकास भवन स्थित विवेकानंद सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक प्रमिल द्विवेदी ने मंच से लखीमपुर खीरी द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की घोषणा की और जिले को जल सशक्तिकरण का चमकता सितारा बताया। उन्होंने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया और प्रशासनिक टीम और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्णायक प्रमिल द्विवेदी ने इसे सामूहिक प्रयास, प्रशासनिक समर्पण और जनभागीदारी का आदर्श उदाहरण बताया। इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड के जरिए लखीमपुर खीरी ने यह सिद्ध कर दिया है कि ठोस इच्छाशक्ति और समर्पित प्रयासों से ग्रामीण विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। ह्रहर गांव तालाबह्न अभियान अब सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जल सुरक्षा की दिशा में एक जनांदोलन बन चुका है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिला प्रशासन के लिए यह केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि जल संरक्षण की दिशा में एक जनभागीदारी से उपजी ऐतिहासिक उपलब्धि है। हमने एक महीने में 1000 से अधिक तालाबों की खुदाई का लक्ष्य पूरा किया और वह भी इस संकल्प के साथ कि पहली बारिश से पहले हर तालाब तैयार हो जाए। इस अभियान की कमान सीडीओ अभिषेक कुमार ने पूरी निष्ठा और नेतृत्व के साथ संभाली, और हमारी समर्पित टीम ने इसे मिशन मोड में बदल दिया। प्रत्येक ब्लॉक में लगभग 70 से 80 तालाब खोदे गए और करीब 700 एकड़ भूमि को जल संरक्षण योग्य क्षेत्र में तब्दील कर दिया गया। यह किसी क्रांति से कम नहीं। उन्होंने कहा कि इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने हमारे प्रयास को मान्यता दी, और एक समारोह में हमें यह रिकॉर्ड प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किया। आज उनकी टीम ने न सिर्फ निरीक्षण किया, बल्कि हमें 'एक महीने में सर्वाधिक तालाब निर्माण' के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सुशोभित किया। इस कार्यक्रम में डीसी मनरेगा सुशांत सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, पी0डी0 एस0एन0 चैरासिया, बी0डी0ओं ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, सुमित सिंह, अमित सिंह परिहार, महावीर सिंह, सहित आदि बी0डी0ओ, फूलबेहड़ ए0पी0ओ0 अंशुल श्रीवास्तव, गोला एपीओ ज्ञान प्रकाश सहित आदि मौजूद रहे।

'हर गांव तालाब' बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का संबल

हर गांव तालाब अभियान केवल जल संरक्षण की पहल नहीं रहा, बल्कि इसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का भी काम किया। अभियान के दौरान करीब 7 लाख मानव दिवसों का सृजन हुआ, जिससे उन किसानों और श्रमिकों को रोजगार मिला, जो कृषि कार्यों के ठहराव के कारण खाली थे। अभियान की एक विशेष उपलब्धि रही 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, जिसने इसे सिर्फ परियोजना नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन की मिसाल भी बना दिया।

युवकों को पिकअप ने पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत

शाहजहांपुर। बुधवार की सुबह 5 अपने गांव चकभिठारा से जिम करने निकले तीन युवकों को सीतापुर हाईवे रिलायंस पावर हाउस जमुका के पास तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी युवक पैदल पैदल अपनी साइड जा रहे थे प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पिकअप में मुर्गी के बच्चे भरे हुए थे पिकअप के चालक को अचानक झपकी लगी और पिकअप अनियंत्रित हो गई जिसने जिम करने जा रहे युवकों को पीछे से टक्कर मार दी और खुद भागने के चक्कर में पलट गई पिकअप के पलटने की जैसे ही आवाज हुई तो गोदाम पर चौकीदारी कर रहे चौकीदार भाग कर गए और एंबुलेंस को सूचना दी गई इस घटना में चकभिठारा निवासी अजय वर्मा पुत्र रमाकांत की मौके पर मौत हो गई है वहीं अंकित कनौजिया पुत्र गुरबख्श बुरी तरह घायल हो गया जिसे मेडिकल कॉलेज से लखनऊ के लिए रेफर किया गया लेकिन परिजन उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में ले गए हैं जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है वही इस हादसे में कुलदीप कनौजिया पुत्र श्री कृष्णा भी बुरी तरह घायल हो गया जिसका शाहजहांपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है पुलिस ने फिलहाल पिकअप अपने कब्जे में ले ली है और मृतक अजय का पोस्टमार्टम कराया गया है ।

नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

शाहजहांपुर -थाना बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने उसकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप लगाया है 17 जून को थाना बंडा में दर्ज मुकदमे में उसने आरोप है कि उसके गांव का ही सूरज उसकी लड़की को बिंदर ,शिवम, जियनलाल , और मुकेश के सहयोग से बहला-फुसलाकर भाग ले गया है उसने पुलिस से तत्काल नाबालिग लड़की को बरामद करने की गुहार लगाई है ।वहीं पीड़ित के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से बुधवार को कॉल आई और कॉल करने वाले ने अपने आप को दरोगा बताया और कहा कि आपकी लड़की की लोकेशन पंजाब में मिली है उसने पीड़ित से बोल आप हमारे क्यूआर कोड पर 5000 रुपए डाल दो आपकी लड़की को ढूंढने जाना है इसके बाद पीड़ित ने इसकी जानकारी और लोगों को दी और जब इस संबंध में थाना प्रभारी बंडा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह कोई जाल साज व्यक्ति है जो ठगी करना चाहता है पुलिस लड़की की तलाश कर रही है और जैसे ही लोकेशन मिलेगी पुलिस अपने खर्चे से लड़की को ढूंढ कर लाएगी ।

दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित

शाहजहांपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रागंण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में एक बैठक आयोजित हुई जिसमें सचिव रेडक्रास सोसायटी न बताया कि जनपद स्तर पर रेडक्रास सोसायटी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मानवीय सहायता प्रदान करने के उद्देष्य से कार्य कर रही है जिसके क्रम में 30 जून 2025 से 03 जुलाई 2025 तक दिव्यांगों को सहायक उपकरण निशुल्क वितरण हेतु दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत कराने के साथ ही उपकरण वितरण कार्यक्रम शिविर का आयोजन क्रमशः विकास खण्ड पुवायां, खुटार, कांट, तिलहर, कटरा, जलालाबाद कलान, मिजार्पुर आदि में प्रस्तावित है। जैसा कि मेरे संज्ञान में आया है कि यह शिविर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर द्वारा भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत जनपद- शाहजहांपुर में किया जाना है। जनपद में अधिक से अधिक दिव्यांग को उपकरण वितरित किये जाने के उद्देष्य से जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय द्वारा सचिव रेडक्रास सोसायटी से अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करने की अपेक्षा की है। जिसके अनुपालन में बैठक में उपस्थित सभी रेडक्रास के सदस्यों ने उक्त कार्यक्रम की सफलता हेतु सहायोगात्मक भूमिका का निर्वहन करने पर सहमति प्रकट की। उक्त के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय एवं रेडक्रास सचिव डा0 विजय जौहरी से सम्पर्क करें। उक्त बैठक में महेन्द्र पाल सिंह सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 पुवायां के अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री (भाजपा), सर्वेष कुमार पाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा (भाजपा) पूर्व महामंत्री सत्यपाल सिंह चैहान, शैलेन्द्र कुमार, सदस्य अनुसूचित जाति प्रकोश्ठ, अग्रज जौहरी, अवनीश सक्सेना, रेडक्रास आजीवन सदस्य, अनुज जौहरी प्रबन्ध समिति सदस्य आदि उपस्थित रहे।

मोदी के शासन में देश का हो रहा विकास

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में नगर के शक्ति केंद्र त्रिलोक गिरि में चौपाल कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से गांव, गरीब से लेकर सीमाओं को मजबूत किया है। मोदी के 11 साल के शासन में देश सर्वांगीण विकास कर रहा है। इसके साथ नगर के पब्लिक इण्टर कालेज शक्ति केन्द्र पर धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ,कृषक समाज शक्ति केन्द्र पर जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद स्वर्णकार, लाल बहादुर शास्त्री शक्ति केन्द्र पर हरीश भारती और गांधी स्मारक शक्ति केन्द्र पर लगी चौपाल में मोदी सरकार के 11 साल के विकास कार्यों को बताया गया। इस अवसर पर अशोक सक्सेना, कार्यक्रम संयोजक राजन साहनी, नगर उपाध्यक्ष अनिल जलोटा, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवम गुप्ता, बूथ अध्यक्ष गोविंद बाल्मीकि, हरिश्चंद्र गुप्ता, सचिन गुप्ता ,उदित सोंधी, आयुष शुक्ला, महेन्द्र शुक्ला, ज्ञानू तिवारीआदि मौजूद थे।

समस्या लेकर डीएम दफ्तर पहुंचे दिव्यांग, दिया ज्ञापन

- समस्याओं का निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) भारतीय दिव्यांग यूनियन ने तहसील स्तर पर समस्याओं पर अधिकारियों द्वारा ध्यान न दिए जाने से परेशान हो कर जिला मुख्यालय पहुंच डीएम को सात सूत्रीय ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है।

डीएम को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि दिव्यांगों के पात्रता के आधार पर अंत्योदय राशन कार्ड बनवाया जाए, दिव्यांगों को मुद्रा ऋण दिलाया जाए, दिव्यांग जनों को रोडवेज बसों में सम्मान पूर्वक यात्रा के लिए रोडवेज के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए, सरकारी अस्पतालमें इलाज के लिए दिव्यांगजनों को अनदेखा किया जाता है जिससे दिव्यांगजनों का काउंटर अलग से बनाया जाए ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो। भूमिहीन दिव्यांगों के आवासीय पट्टे दिए जाएं, आरक्षण के आधार पर मंडी समितियां में लाइसेंस धारी दिव्यांगों को आरक्षण का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए, दिव्यांग अधिनियम 2016 जमीनी स्तर पर लागू हो ताकि दिव्यांगों के साथ घटनाएं ना घटित हो सके, उपयुक्त मांगों पर एक सप्ताह के अंदर विचार कर समाधान नहीं किया गया तो व्यथित दिव्यांग अपनी-अपनी ट्राई साइकिलों, मोटर ट्राई साइकिल से पहुंचकर जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

इस मौके पर मोहम्मद जावेद, मिथिलेश कुमार, रामनिवास, दिनेश कुमार, वसीम अहमद, तिलकराम वर्मा, अमित कुमार, सर्वेश कुमार, छोटेलाल, दुगपाल, अल्ताफ, सुधीर, हबीब, सर्वेश कुमार अर्कवंशी आदि दिव्यांग उपस्थित थे।

हनुमत धाम घाट पर किया गया योगाभ्यास

शाहजहांपुर। जिला प्रशासन व मुख्य विकास अधिकारी के निदेर्शानुसार हनुमत धाम पर वृहद योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति एवं मेरा युवा भारत शाहजहाँपुर द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ0 ए0के0 मिश्रा, सचिव मुमुक्षु शिक्षा संकुल ने ओम्-के उच्चारण के साथ योगाभ्यास का शुभारंभ किया। योग प्रशिक्षक मृदुल गुप्ता ने योग के विभिन्न आसनों जैसे ध्यान विधि, वृक्षासन, ताड़ासन, वज्रासन, उत्तानमंडूकासन, उष्ट्रासन, भ्रामरी प्राणायाम आदि को कराया व इससे होने वाले शारीरिक लाभ पर भी प्रकाश डाला। योग प्रशिक्षक पुष्पक श्रीवास्तव ने योगाभ्यास कराते हुए कहा कि योग एक ऐसी साधना है जो मन मस्तिष्क को संतुलित रखती है। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसकी उत्पत्ति हजारों वर्षों पहले हमारे ऋषि-मुनियों ने की थी। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया व सदस्य बाल कल्याण समिति अरवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए योग आसनों का निरन्तर अभ्यास करना लाभकारी रहता है। डीपीओ जिला गंगा समिति डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि आज जब आधुनिक जीवनशैली ने अनेक रोगों को जन्म दिया है, तब योग एक वरदान बनकर उभरा है। युवा सर्व कल्याण समिति के मुस्लिम सदस्य हन्नान ने योग करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार और नमाज दोनों मन को एकाग्र करने का माध्यम हैं, इनमें व्यक्ति वर्तमान क्षण में ध्यान केंद्रित करता है। गंगा समग्र के महानगर संयोजक सचिन पाठक ने योगाभ्यास करवाते हुये कहा कि योग हेतु श्वांसों पर नियंत्रण आवश्यक है जोकि दैनिक अभ्यास ने आता है। युवा सर्व कल्याण समिति के अध्यक्ष व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रूपक श्रीवास्तव ने कहा कि सभी लोग योग को अपनाकर अपने दैनिक जीवन में शामिल करें और स्वस्थ भारत सुखी समाज की कल्पना को साकार करें। कार्यक्रम में विभिन्न हितकारी स्वयंसेवी संगठन युवा सर्व कल्याण समिति उत्तर प्रदेश, मानवता वेलफेयर सोसाइटी, गंगा समग्र शाहजीपुर, नेहरू युवा मण्डल माहमदपुर आजमाबाद, गायत्री शक्तिपीठ के सदस्य व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि द्वारा योग को जीवन में उतारने का संकल्प लेकर किया गया। विशेष सहयोग हिमांशु सक्सेना, अमित श्रीवास्तव, नीरा श्रीवास्तव, भावना वर्मा, अनुराधा पांडेय, निर्मल उपाचार्य, अभिषेक गोयंका, अभिषेक रस्तोगी, केशव गुप्ता, सचिन रस्तोगी, नीरज वर्मा, प्रीत रस्तोगी, अंश परिहार, आकाश, राहुल, आदि लोगों का रहा।

एसएसबी ने नशा मुक्त अभियान के तहत निकाली साइकिल रैली

पलियाकलां-खीरी। 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पलिया द्वारा ₹नशा मुक्त भारत पखवाड़ा₹ के अंतर्गत जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया । इस रैली का नेतृत्व कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में किया गया।

रैली का शुभारंभ वाहिनी मुख्यालय से होकर महँगापुर गुरुद्वारा तक किया गया । इस साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन और सुरक्षा बलों के कार्मिकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों, जवानों एवं आम नागरिकों को संबोधित करते हुए नशा मुक्त जीवन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक ढांचे को भी क्षति पहुँचाता है। इस रैली के दौरान वाहिनी के सभी कार्मिकों द्वारा जागरूकता स्लोगनों जैसे नशा छोड़ो, जीवन को अपनाओ₹, स्वस्थ समाज की यही है पहचान, नशा मुक्त हो हिंदुस्तान, नशा मुक्त भारत, सुंदर भारत आदि के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया । यह रैली स्थानीय नागरिकों में काफी सराही गई और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर इस मुहिम को समर्थन प्रदान किया।

युवक से रंगदारी मांगने के साथ मारपीट का आरोप

शाहजहांपुर- थाना सदर बाजार क्षेत्र के निजामपुर गौटिया निवासी एक युवक से रंगदारी मांगने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित अनूप वर्मा पुत्र श्यामलाल 15 जून की रात करीब 10 बजे बरेली मोड़ से अपने गांव लौट रहा था। तभी गोपालपुर चौराहे के पास मोटरसाइकिलों और सफेद ब्रेजा गाड़ी से पहुंचे करीब 8-10 हमलावरों ने उसे घेर लिया। इनमें नीरज सिंह (निवासी साउथ सिटी), देवेंद्र सिंह (गोपालपुर) और सतीश कश्यप (सिरोमननगर) समेत अन्य लोग शामिल थे। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने उससे जबरन रंगदारी मांगी और मना करने पर लाठी-डंडों से पीटते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान एक हमलावर ने उसके सीने पर लाइसेंसी पिस्टल तानी और हवाई फायर कर दहशत फैलाई। शोर सुनकर गांववाले मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए, लेकिन उनकी एक बाइक वहीं छूट गई, जिसे नगरिया चौकी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद आरोपी युवक को जबरन एक होटल में ले गए और कमरे में बंद कर दिया। परिजनों को जानकारी मिलने पर वे होटल पहुंचे और होटल संचालक पंकज उर्फ दिवाकर से शिकायत की। लेकिन उसने भी धमकी दी कि अगर पुलिस में गए तो सत्ता के प्रभाव से पूरे परिवार को झूठे मुकदमों में फंसा देंगे। किसी तरह जान बचाकर भागे अनूप वर्मा ने अब पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा से न्याय की गुहार लगाई है।

श्री खाटू श्याम बाबा के नाम पर निकाली गई शोभायात्रा से समिति आहत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्री श्याम दीवाने सेवा समिति ने खाटू श्याम बाबा के नाम पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा को लेकर कड़ी आपत्ति जताते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

श्री श्याम दीवानी सेवा समिति ने एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि शहर में एक बाबा जी का आगमन हुआ। उनके द्वारा पूरे शहर में प्रभु श्री खाटू श्याम बाबा के नाम का उपयोग करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। समिति पदाधिकारियों का कहना है कि जो बाबा जी आए थे उनका नाम हरिओम शुक्ला है और इन्होंने अपना आश्रम महेशपुर के पास बिहारीपुर में बनाया है। समिति का कहना है कि तथाकथित बाबा स्वयं एक रथ पर बैठ कर अपनी आरती करवाते हुए नजर आ रहे हैं। बाबा खाटू श्याम जी के नाम से निकाली गई शोभायात्रा में बाबा खाटू श्याम जी की एक तस्वीर पूरे कार्यक्रम में कहीं भी नजर तक नहीं आई। इन्होंने स्वयं को बाबा का प्रतिरूप दशार्ते हुए स्वयं की आरती और पूजन यात्रा के दौरान करवाया जिससे शहर के श्याम प्रेमियों की आवनाएं आहत हो गई है और उनका हृदय अत्यंत दवित है, कि कोई व्यक्ति इतना बड़ा कैसे हो सकता है। कि वह बाबा खाटू श्याम महाराज की जगह ले ले। वह अपनी आरती उत्तरवाते हुए लोगों को आशीर्वाद देते हुए नजर आ रहे हैं और जिसमे यह बाबा श्याम के नाम से जल वितरण का कार्य करने वाले है जिसमे यह दावा कर रहे है कि वह गंभीर से गंभीर रोगों का इलाज अपने द्वारा दिये हुए जल से करेंगे। समिति के लोगों का कहना है कि इसी तरह के लोग सनातन धर्म को बदनाम कर रहे है। कोई भी सनातनी संगठन इस पर नकेल नही कस रहा है और न ही प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है। श्री श्याम दीवाने सेवा समिति इसका पुरजोर विरोध कर मामले की जांच करा कर कठोर कार्यवाही करने की मांग उठाई है।

ज्ञापन देने वालों में

दीपक कुमार, अनिल जलोटा, प्रिंकल जलोटा, दीपक राजपूत, अजय गुप्ता, सुधीर गुप्ता, मोहित गुप्ता, शिवम गुप्ता, संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत, प्रमोद सोनी, मयंक महेश्वरी, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर, आकाश गुप्ता, सरिता देवी, नेहा गुप्ता, नीलम सोनी, आदि सेवादार शामिल थे।

पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ, तरूण गाबा द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के साथ आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन खीरी में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवचयनित रिक्रूटों से वार्ता कर उन्हें प्रशिक्षण के संबंध में ब्रीफ किया गया। प्रशिक्षण को अच्छी तरह से लगन के साथ पूर्ण करने हेतु बताया गया। नवचयनित प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का मूल्यांकन किया। उन्हें बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिल सके और उनकी शारीरिक एवं मानसिक तैयारियों को उत्तम तरीके से आकार दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बैरक की साफ-सफाई, स्नानागार की सुविधाएं, भोजनालय (मैस), भोजन की गुणवत्ता और ग्राउंड पर आयोजित शारीरिक प्रशिक्षण की सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करने के संबंध में निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी पश्चिमी), क्षेत्राधिकारी सदर रमेश कुमार तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

कुम्भी ब्लॉक में पहले दिन जारी हुए 26 जन्म प्रमाण पत्र

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कुम्भी गोला ब्लॉक में जन्म प्रमाण पत्र बनवाए जाने को लगाए गए शिविर में पहले दिन 62 लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है और 26 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए ब्लाक स्तर पर तीन दिवसीय शिविर लगा कर जन्म प्रमाण पत्र बनवाए जा रहे हैं। कुम्भी गोला ब्लॉक में पहले दिन 26 जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए। एडीओ अवनीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए एक शपथ पत्र के साथ आवेदन करना होगा है और साथ में बच्चे का एक जन्म का प्रमाण देकर जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाते हैं। यह शिविर 20 जून तक चलेगा।

SCL COMMERCIAL INDIA PRIVATE LIMITED
404, DLF COURTYARD, SAKET, NEW DELHI (110017)

We would like to inform that SCL Commercial India private Limited willing to market following 100 per cent water soluble imported fertilizers in Uttar Pradesh as per FCO Order no. S.O. 2900 (E) Dated 24th October 2015.
We shall comply all the terms & conditions as per referred notification of Govt of India.
We hereby publish product information to all stakeholders:
(a) DOLCE: P = 25%, K = 26%, B = 1%
(b) DINAMICO: N= 7.5%, P = 27%, Zn = 1.5% + B = 1%
(c) COLORE: K 48%, SO3-31%, B = 0.3%
Formulation: soluble powder
Manufactured by: (SCL Italia), Via Fabio Filzi 25/A 20124 Milano-Italy. ***Imported & marketed by:*** SCL Commercial India Private Ltd., Saket New Delhi.

संक्षेप

हमेशा खलेगी शिक्षक आलोक की कमीः उमाशंकर

आजमगढ़। लखनऊ स्थित एक निजी हास्पिटल में उपचार के दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अहिरौला आजमगढ़ के मंत्री आलोक कुमार सिंह के निधन से संगठन में शोक की लहर दौड़ गई। हजारों की संख्या में शिक्षकों उनके आवास असिलाई अहिरौला पहुंचकर दिवंगतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह ने कहा कि संघ ने अपना सच्चा सिपाही खो दिया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आलोक सिंह संगठन के पुरानी पेंशन सहित प्रत्येक आंदोलन में बढ़-चढ़ कर शामिल होते थे। 43 वर्षीय आलोक कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय सहूवल में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत थे। वे चार बेटियों और एक बेटे को छोड़ गये। इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री जितेंद्र कुमार राय कोषाध्यक्ष, राजेंद्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधराज सिंह, पल्हनी अध्यक्ष राजेश सिंह, संतोष राय आदि सहित विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे अध्यक्ष, मंत्री सहित हजारों शिक्षक साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

समय हुआ परिवर्तित

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि 1 मई 2025 से 30 जून 2025 तक जनपद आजमगढ़ में कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट के अधीनस्थ सभी राजस्व/कार्यकारी मजिस्ट्रेटों के न्यायालयों/चकबन्दी न्यायालयों तथा राजस्व/फौजदारी अभिलेखागार, कलेक्ट्रेट का कार्य समय प्रातः 6.30 बजे से अपरान्ह 12.30 तक निर्धारित किया गया था। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी एवं अधिक तापमान होने के कारण वादकारियों के हित को देखते हुए प्रातः 08:30 बजे से प्रातः 10:30 बजे तक ही न्यायालय का कार्य संचालित किया जाय। समस्त पीठासीन अधिकारी उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।

पत्नी के उत्पीड़न से युवक ने किया आत्महत्या

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी एक युवक ने घरेलू कलह व ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। उसने आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो में अपनी पत्नी और उसके भाई को मौत का जिम्मेदार बताया है। इसी आधार पर पुलिस ने मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। उसकी मां चमेला देवी ने थाना केराकत में प्रार्थना पत्र दिया। उसने बताया कि उनका पुत्र अरविंद उर्फ गोलू की शादी वर्ष 2018 में सीमा निवासी परमानंदपुर, थाना केराकत से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी पत्नी और बहनोई राहुल निवासी खालिसपुर द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से उसे प्रताड़ित करते थे। राहुल ने गोलू को बात करने के बहाने एआरटीओ कार्यालय जौनपुर के पास बुलाया। वहां उसे गाली-गलौज कर मोबाइल की चाबी छीनी गई और धमकी दी गई कि यदि उसने सीमा को तलाक नहीं दिया तो उसे गंभीर अंजाम भुगतना पड़ेगा। उसी दिन शाम करीब 4 बजे गोलू ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने अपने मोबाइल पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया जिसमें उसने स्पष्ट तौर पर अपनी पत्नी और उसके भाई को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया।

निदेशक ने किया आरसेटी का निरीक्षण

जौनपुर। यूनियन आरसेटी में राज्य निदेशक राश्मेंद्र कुमार सक्सेना ने निरीक्षण किया। निदेशक आरसेटी उपेन्द्र कुमार ने राज्य निदेशक आरसेटी में चल रहे जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर (लघु उद्यमी) और महिला सिलाई बैच के प्रशिक्षार्थिओं से वातालाप करते हुए कहा कि अपना खुद का ब्यूटी पार्लर शुरू कर सकती है। यह ऐसा कार्य है जिसकी माँग कभी समाप्त नहीं होनी है। इसलिए निश्चित ही इस व्यवसाय में सफल होने की बहुत ज्यादा अवसर उपलब्ध है। ब्यूटी पार्लर एक ऐसा कौशल है जो महिलाओं के लिए सम्मानजनक भी है और रोजगार देने वाला भी है ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय करके आप आत्मनिर्भर भी होंगे और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी बेहतर कर सकती हैं महिला सिलाई के प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप ऐसा कार्य सीख रहे है जिसमें आप भविष्य में स्वयं का बुटीक खोल सकते है। साथ ही सिलाई का ज्ञान आपको मिल गया है। भविष्य में पानी की महत्ता और कूड़ा प्रबंधन के बारे में भी बताया। उपेन्द्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को स्वरोजगार के बारे में जानकारी दी।

पत्नी के सामने पति की हत्या

जिला संवाददाता(vol)

शाहगंज/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के मराची गांव के रहने वाले किसान अमरनाथ यादव (55) अपने घर में सोए हुए थे। मंगलवार देर रात करीब 12.30 बजे कुछ लोग बाइक से उनके घर पहुंचे। उन्हें आवाज देकर बाहर बुलाया। जैसे ही अमरनाथ बाहर आए, उन पर धारदार चाकू से हमला कर दिया गया। शोर सुनकर अमरनाथ की पत्नी आशा देवी भी बाहर निकलीं। पति को लहूलुहान देख वह चीखने-चिल्लाने लगी। वह बदमाशों से बार-बार गुहार लगाती रही कि मेरे पति को छोड़ दो। मगर बदमाशों ने उसे धक्का दे दिया। वह नीचे गिर गई। इसके बाद उसकी आंखों के सामने ही पति को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारे बाइक से फरार हो गए।

- पत्नी, बेटे ने पुलिस को हत्यारों के नाम बताए

गोली की आवाज और महिला की चीख-पुकार सुनकर गांव वाले दौड़े। मगर तब तक हमलावर बाइक से फरार हो चुके थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दो लोगों के नाम बताए हैं। मृतक के चार बेटियां और एक बेटा है। इनमें से तीन बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटी और बेटा अविवाहित हैं। मृतक का बेटा घर पर ही रहकर दूध बेचने का काम करता है। परिवार का भरण-पोषण करने में सहयोग करता है। मृतक के छोटे भाई विनोद यादव ने बताया- वह रॉबर्ट्सगंज स्थित उरमौरा में रहते हैं। मराची गांव में उनकी पुश्तैनी जमीन है। तीनों भाई अक्सर वहां आना-जाना करते रहते हैं। मंगलवार रात को बड़े भाई के बेटे ने फोन करके बताया कि पापा को गोली मार दी गई। हम लोग तुरंत भागकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि पुलिस भाई को अस्पताल ले जा रही थी। बेटे जिमी ने बताया कि घटना के समय वह घर की छत पर सोया हुआ था। तभी कुछ लोग गाली-गलौज करते हुए पापा को मारकर भागने लगे। मैं दौड़ते हुए नीचे आया, मगर तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। ग्राम प्रधान कोमल सिंह के पति ने बताया कि अमरनाथ का कुछ लोगों से पुराना विवाद चल रहा था। वह खेती किसानी करके परिवार चलाता था।

एसपी बोले-बेटे ने हत्यारों की पहचान की

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के मुताबिक, बेटे ने पुलिस को पिता की हत्या की सूचना दी। उसने पूछताछ में बताया कि बाइक से आए मंगल गुप्ता, ओमजी पाठक और एक अन्य व्यक्ति ने तमंचे से पिता को गोली मार दी। बेटे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अमरनाथ यादव को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में परिजनों की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

धरती आबा जनजाति जागरूकता कैम्प से नदारद रहे नोडल अधिकारी

दुद्धी, सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र के आदेश के क्रम में आज बुधवार को दुद्धी ब्लॉक के दो गावों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान कैम्प का आयोजन बघाडू और अमवार सुगवामान में किया गया, जहाँ कैम्प में नोडल अधिकारी सहित अन्य कई विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी नदारद रहे। दुद्धी ब्लॉक के बघाडू गाँव में आयोजित कैम्प में एडीओ आईएसबी को नोडल अधिकारी नामित किया गया था लेकिन पूरे कार्यक्रम से नोडल अधिकारी ही गायब दिखें। इस कैम्प के आयोजन के पहले दिन ही जिस तरह लापरवाही बरती जा रही है उससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सोनभद्र की मुख्य विकास अधिकारी की आदेश को कितनी गंभीरता से ले रहे है।

बता दें कि मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र ने आदेश दिया था कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान मिशन योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर नामक कैम्प का आयोजन 18.06.2025 से 30.06.2025 तक किया जाना है। जिसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, अधिवास प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पी०एम० किसान, जनधन खाता, बीमा कवरेज (पीएमजेजेबीवाई/पीएमएसबीवाई) सामाजिक सुरक्षा (वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन) रोजगार व आजीविका योजनाए (पीएमएनआरईजीएस, पीएम विश्वकर्मा मुद्रा लोन) महिला एवं बाल कल्याण (पीएमएमवीवाई, आईसीडीएस लाभ, टिकाकरण) आदि से जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को लाभान्वित किए जाने से सम्बन्धित शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। खण्ड विकास अधिकारी राम विशाल चौरसिया ने बताया कि योजना के तहत लगने वाले कैम्प कि सूचना संबंधितों को जारी की गई हैं। 18 जून को पहले दिन दुद्धी ब्लॉक के दो गावों में कैम्प लगायी गई थी, यदि नोडल बघाडू में नही पहुंचे हैं तो फोटोग्राफ देखकर स्पष्टीकरण माँगा जायेगा। इस संबंध में नोडल का पक्ष जानने के लिए उनके सेलफोन पर सम्पर्क किया गया लेकिन फोन नही लगने के कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का खाका तैयार

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि शासन द्वारा माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गये है। यह भी निर्देश दिये गये है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन अर्थात प्रथम व तृतीय शनिवार को यदि सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उक्त तिथि का सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा, जिससे जन समस्याओं के निस्तारण में कोई बाधा न उत्पन्न हो सके। उक्त के क्रम में जनपद समस्त तहसीलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित करने हेतु चक्रानुक्रम कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 05 जुलाई 2025 को तहसील बूढ़नपुर, 19 जुलाई को मेंहनगर, 02 अगस्त को सगड़ी, 16 अगस्त को लालगंज, 06 सितम्बर को फूलपुर, 20 सितम्बर को निजामाबाद, 04 अक्टूबर को सदर, 18 अक्टूबर को मार्टीनगंज, 01 नवम्बर को बूढ़नपुर, 15 नवम्बर मेंहनगर, 06 दिसम्बर को सगड़ी एवं 20 दिसम्बर 2025 को तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वि०/रा० एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 05 जुलाई 2025 को तहसील सदर, कलेक्ट्रेट एवं मेंहनगर में क्रमशः, 19 जुलाई को कलेक्ट्रेट, बूढ़नपुर एवं सगड़ी में क्रमशः, 2 अगस्त को मार्टीनगंज, फूलपुर एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 16 अगस्त को निजामाबाद, कलेक्ट्रेट एवं सदर में क्रमशः, 6 सितम्बर को कलेक्ट्रेट, सदर एवं मार्टीनगंज में क्रमशः, 20 सितम्बर को फूलपुर, मार्टीनगंज एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 04 अक्टूबर को बूढ़नपुर, कलेक्ट्रेट एवं निजामाबाद में क्रमशः, 18 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट, लालगंज एवं बूढ़नपुर में क्रमशः, 01 नवम्बर को लालगंज, सगड़ी एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 15 नवम्बर को सगड़ी, कलेक्ट्रेट एवं लालगंज में क्रमशः, 06 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट, मेंहनगर एवं फूलपुर में क्रमशः, 20 दिसम्बर 2025 को मेंहनगर, निजामाबाद एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः आयोजित किया जायेगा।

ट्रक और पिकअप की भिड़ंत, ड्राइवर सहित दो घायल

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र स्थित हौज टोल प्लाजा के समीप बुधवार सुबह ट्रक (ट्रेलर) और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं खलासी को भी चोटें आई हैं। लखीमपुर के मेला मैदान से बिस्कुट लादकर वाराणसी जा रही पिकअप जैसे ही हौज टोल प्लाजा के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे लखनऊ की ओर जा रहे ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक38 वर्षीय राकेश यादव वाहन में ही फंस गया। वहीं खलासी आमिर अली भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकालकर दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिजली कटौती पर आम आदमी का विरोध प्रदर्शन

जौनपुर। बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर..में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकताओं, ने बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष .. राम रतन विश्वकर्मा.. ने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता, सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिजली कटौती के कारण आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है, घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है, और व्यवसायिक गतिविधियाँ भी ठप हो रही हैं। जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी...ने कहा कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है, जिससे उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उनकी आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या है, लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है। मुरली मनोहर, प्रदीप मिश्रा, विनोद प्रजापति, इस्लाम खान, मनोज प्रजापति, शिवजी मिश्रा, जफर मसूद, हरकेश प्रजापति, रविकांत यादव, बिंद्रा दुबे, आदि शामिल रहे।

ट्रेन के ठहराव को लेकर सपा का प्रतिनिधि मण्डल मिला

जौनपुर। बक्शा एवं सराय हरखू रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर ब्लॉक परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष 13 जून से आमरण अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता अमरनाथ एवं क्षेत्रवासियों से सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य एवं पूर्व विधायक पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मिलकर क्षेत्र वासियों की समस्याओं से अवगत हुआ। तत्पश्चात जिलाधिकारी दिनेश चंद से वार्ता कर क्षेत्र वासियों की समस्या से अवगत कराते हुए समस्या के समाधान की मांग की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि ट्रेनों की ठहराव की समस्या हेतु आपके मांग पत्र से राष्ट्र समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराते हुए समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। जिला उपाध्यक्ष एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य श्याम बहादुर पाल ने भी मांग पत्र लेकर विभागीय स्तर पर इस समस्या का समाधान कराया जाने की बात कही। ट्रेनों के ठहराव को लेकर अनशन पर बैठे अमरनाथ ने बताया कि बक्शा एवं सराय हरखुपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र अंतर्गत 70 गांव जिसकी आबादी एक लाख है आते हैं तथा 10 प्रमुख बाजारों भी हैं जहां से व्यावसायिक शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियां संचालित होती है ट्रेनों के ठहराव न होने के कारण व्यवसायिक शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों में अवरोध उत्पन्न होता है ऐसे में बक्शा रेलवे स्टेशन पर शटल श्वरुणाश एक्सप्रेस ट्रेन एवं मेमो एक्सप्रेस का ठहराव तथा सरायहरखू रेलवे स्टेशन पर फरक्का गंगा जमुना एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव अति आवश्यक है। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राज बहादुर यादव, सुशील श्रीवास्तव, गुलाब यादव रीठी, प्रदीप पाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तन, मन और आत्मा का समन्वय है योगः कुलपति

जौनपुर। योग दिवस के उपलक्ष्य में पूर्वांचल विश्वविद्यालय, द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ह्लज्ञान और अनुभव का संगमह्व का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत सहित अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जर्मनी से लोगों ने प्रतिभाग किया। जिनमें शिक्षाविद, शोधार्थी, योग विशेषज्ञ और विद्यार्थी शामिल थे। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह कहा कि ह्लयोग तन, मन और आत्मा का समन्वय है, जो न केवल व्यक्तिगत सशक्तिकरण बल्कि वैश्विक समरसता और शांति का माध्यम भी है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय निरंतर योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से इस परंपरा को प्रोत्साहित कर रहा है। ह्वसंगोष्ठी में इंटरनेशनल फैकल्टी, आर्ट ऑफ लिविंग, वियतनाम के डॉ. स्वरूप चटर्जी ने ह्लयोग एक वैश्विक जीवनशैलीह्व पर व्याख्यान दिया और प्रतिभागियों को सूक्ष्म योग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया। उन्होंने योग को मानसिक स्वास्थ्य और जीवन प्रबंधन का महत्वपूर्ण उपकरण बताया। साथ ही साथ प्रतिभागियों को अपने कार्यालय मे बैठे-बैठे सूक्ष्म योग का प्रशिक्षण दिया। सीनियर फैकल्टी, आर्ट ऑफ लिविंग, लखनऊ के प्रदीप कुमार पाठक ने ह्लयोग की भारतीय परंपरा और समकालीन समाज में इसकी भूमिकाह्व पर अपने विचार रखते हुए ध्यान, प्राणायाम और सकारात्मक चिंतन को जीवन के लिए अनिवार्य बताया। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि ह्लयोग तनाव प्रबंधन का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है।, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. रशिकेश, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. मनोज पाण्डेय, डॉ० शशिकांत और डॉ. अनुराग मिश्र व विद्यार्थी की उपस्थित रहे।

बारिश से मौसम हुआ सुहावना , किसान गदगद

जौनपुर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सवेरे पहली बारिश से मौसम हुआ सुहावना किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर उमस भरी गर्मी से व्याकुल लोगों को बरसात से राहत मिली है। किसान अपने धान की नर्सरी, मिर्च की नर्सरी को बचाने के लिए परेशान था, मानक से अधिक ताप युक्त गर्मी से राहत मिली है किसानो की नर्सरी को राहत मिली है किसान अपने खेतों की जुताई अब आसानी से कर सकेंगे फिरहाल मौसम खुशनुमा हो गया है। जगह जगह नालिया जाम हो गया है पानी निकल न मुश्किल हो गया है।

विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा जुलाई में

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा जुलाई में होगी। काउंसिलिंग जुलाई के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। विषयवार सीटों को भरने के लिए समिति ने खाका तैयार कर लिया है। प्रवेश के लिए आवेदन 30 जून तक लिए जाएंगे। पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में करीब 46 कोर्स संचालित हैं।

गायब युवक का शव कुएं में मिला

जौनपुर। जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के सर्वेमऊ में एक सप्ताह से लापता युवक का शव कुएं में मिला है। मृतक की पहचान 26 वर्षीय गोविंद पांडे के रूप में हुई है। वह अजय पांडे का पुत्र था। शाम को चरवाहों को लेवा गांव के एक कुएं से बदबू आ रही थी। जब उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो शव दिखाई दिया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद रात करीब 11 बजे शव को कुएं से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसका इलाज चल रहा था।

बोलेरो की ठोकर से एक की मौत, दूसरा गंभीर

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राज्य मार्ग पर स्थित बाबू पुरवा गांव के पास बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सबरहद गांव के मानपुर टेढ़वा निवासी 30 वर्षीय हरेन्द्र गौतम पुत्र बच्चूलाल अपने मित्र सुरजीत पुत्र कामता प्रसाद को साथ लेकर बाइक से बहन के घर जा रहे थे। जब वे बाबू पुरवा गांव के समीप पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात बुलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सालय पहुंचने से पहले ही हरेन्द्र गौतम ने दम तोड़ दिया, जबकि सुरजीत की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दे दी। घटना के बाद बुलेरो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार वाहन की तलाश में जुटी है।

डीएम ने की न्यास के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन निधि के माध्यम से निर्माण करने वाली एजेन्सियों के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से होने वाले निर्माण ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये, निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जायें, जिन भी निर्माण एजेन्सियों द्वारा जो निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं, उनके भुगतान की किश्त जारी करने की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने कहा कि पेयजल योजना से सम्बन्धित जो भी कार्य है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये, कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में सम्बन्धित संस्था के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से निर्माण कार्य हेतु जो भी कार्यदायी संस्थाएं कार्य कर रहीं हैं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है वह डीएमएफ से सम्बन्धित कार्य स्थल पर बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें और सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं से अधूरे कार्य को समय के अन्तर्गत पूर्ण करने के साथ ही अवषेश धनराशि के भुगतान की कार्यवाही भी ससमय पूर्ण किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, शैलेश ठाकुर अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद्र, एस0के सिंह अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, ज्येष्ठ खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विवादित जमीन की सर्वे लेखपाल ने की स्थलीय जांच, दर्ज किया काबिज दारों का बयान

लेखपाल ने जमीन बेचने वालों और शिकायतकर्ता से मांगा प्रमाण

म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत फरीपान के यादव टोला में बुधवार को सर्वे लेखपाल हरिचंद सिंह ने स्थानीय जांच पड़ताल की और काबिज लोगों के जमीन की जानकारी ली। बेचैन, राम विलास यादव, राम प्रसाद, हरिचरण, सहित दर्जन भर काश्तकारों ने पिछले दिनों तहसील दिवस में जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दर्ज कराया था कि गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने हमारी जमीन को सर्वे में फर्जी ढंग से दूसरी महिला का वारिस बन कर अपने नाम कराया था बाद में उसे पिछले साल चुनार के एक व्यक्ति को बेच दिया। उपरोक्त लोगों का दावा है कि उस जमीन पर हम लोग तीन पुश्तों से काबिज है। और खेती बारी करते आ रहे है। हम लोगो की जमीन सरकार जांच कर वापस कराए। कहा कि हम लोग साल भर से तहसील का चक्कर लगा रहे है हम लोगो की सुनवाई नहीं हुई और जमीन खरीदने वाले की बात राजस्व विभाग तुरंत सुन लिया। काश्तकारों ने कहा कि हम कब्जा नहीं छोड़ने वाले चाहे सरकार हम लोगो को जेल भेजे या सड़क पर उतार दे। लेखपाल ने बताया कि बताया कि स्थलीय जांच में जमीन पर शिकायत कर्ता कष्टकार काबिज है। जांच रिपोर्ट पोर्टल पर जल्द उपलब्ध करा दी जाएगी।

ब्लॉक के ग्राम पंचायत फरीपान में एक अन्य मामले में जाति बदल कर जमीन का बैनामा करा जमीन बेचने के मामले में तहसील दिवस में की गई शिकायत को लेकर लेखपाल मुकेश कुमार ने जांच शुरू की है और दोनों पक्ष को अपना अपना पक्ष रखने और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए तहसीलदार कार्यालय बुलाया है। जिससे मामले के तह तक जाया जा सके। पीड़ित रामनारायण, सत्य नारायण, अनिल, आनंद, झुरहरिया आदि ने बताया कि हम लोग तीन पुश्तों से जिस जमीन पर काबिज है घर बावली कुआं पेड़ पौधा है। उस जमीन को यादव बन कर बेच दिया गया। जमीन बेचने वाले असल में जाति के लोहार है और अहीर बन कर जमीन बेचने को लेकर उन पर जांच कर फर्जीवाड़ा का मुकदमा दर्ज हो।

दोषी अंकित सिंह को 7 वर्ष की कैद

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व नाबालिग छात्रा के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशध विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी अंकित सिंह को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने शाहगंज थाने में 25 सितंबर 2018 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी जो कक्षा 11 की छात्रा है। 20 सितंबर 2018 को सुबह 8-9 बजे रोज की तरह स्कूल गई थी, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी। अपने स्तर से बेटी को रिश्तेदारी से लेकर हर संभव जगह तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। 21 सितंबर को बेटी ने फोन किया और बताया कि सागर मध्यप्रदेश स्थित बहेलिया थाने में हैं जल्दी आ जाइए। जब अपने भांजे को साथ लेकर सागर मध्यप्रदेश पहुंचा तो बेटी के साथ ही अभियुक्त अंकित सिंह भी मिला। जब वापस

- करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला

आने लगे और चोपन रेलवे स्टेशन आया तो अंकित सिंह वहां से फरार हो गया।

जब घर आया तो बेटी ने बताया कि जब वह स्कूल जा रही थी तभी स्कूल के पास अंकित सिंह पुत्र रामसूरत सिंह निवासी सहुआर, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र मिला और कहा कि चलो तुम्हारी सहेली पूनम सिंह ने बुलाया है। उसकी बातों पर विश्वास करके उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर चल दी। जब रॉबर्ट्सगंज आ गई तो बेटी ने पूछा कि कहां ले जा रहे हो तो अंकित सिंह ने कहा कि चुपचाप बैठी रहो नहीं तो गला दबा दूंगा। डर की वजह से बेटी कुछ नहीं बोल पायी और उसे चोपन रेलवे स्टेशन ले गया जहां से ट्रेन से सागर मध्यप्रदेश ले गया। बेटी के साथ छेड़छाड़ भी किया है। सूचना दे रहा हूं। आवश्यक कर्रवाई करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में अंकित सिंह के विरूद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी अंकित सिंह को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ की थीम पर मनेगा अंतराष्ट्रीय योग दिवस

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का थीम रखी योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ गयी है, जिसके क्रम में ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अवसर पर जनपद मुख्यालय पर स्थित चन्द्रमा ऋषि आश्रम स्थल पर प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम व अन्य गतिविधियों का आयोजन शासनादेश में निर्दिष्ट निदेर्शों/कार्य योजना के अनुसार सफलतापूर्वक कराया जाना निर्धारित है।

जिलाधिकारी ने बताया है कि कार्यक्रम स्थल पर टेन्टेज, साउण्ड सिस्टम, एलईडी स्क्रीन, प्रचार-प्रसार एवं प्रतिभागियों के बैठने की समुचित व्यवस्था की जायेगी। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले जनप्रतिनिधिगण एवं जनपद के वरिष्ठ अधिकारीगण के बैठने व स्वागत आदि से सम्बन्धित समुचित व्यवस्था करायी जाए। उन्होने कहा कि योग दिवस के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तकनीकी शिक्षण संस्थान, कृषि शिक्षा एवं विभिन्न योग एवं आयुष विभाग से जुड़े संस्थाओं को प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक समन्वय करते हुए प्रतिभागियों की संख्या एवं विवरण 19 जून 2025 तक प्राप्त कर लिया जाए। योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने निर्देश दिया है कि वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करायी जाए। कार्यक्रम स्थल पर शान्ति एवं सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सकीय व्यवस्था, साफ-सफाई एवं स्वच्छ पेयजल, चूना कली आदि की समुचित व्यवस्था सम्बन्धित अधिकारीगण द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। समस्त कार्यक्रमों पर आने वाले व्यय का भुगतान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आजमगढ़ द्वारा प्राविधानित बजट से नियमानुसार सुनिश्चित किया जायेगा। उपर्युक्त समस्त कार्यक्रमों को हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ के पर्यवेक्षण में जिला विकास अधिकारी आजमगढ़ द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

संक्षेप

3 जुलाई से शुरू होगी बाबा अमरनाथ की तीर्थ यात्रा

बरेली। देश भर के भोलेनाथ के भक्त बाबा अमरनाथ की तीर्थ यात्रा करते हैं।इस तीर्थ यात्रा का शुभारंभ 3 जुलाई से शुरू होगा। भोले के भक्तों की सेवा के लिए पिछले 18 वर्षों से बालटाल में श्री शिव शक्ति मानव सेवा समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है।यह जानकारी समिति के अध्यक्ष संजय पाराशरी ने दी।उपजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. पवन सक्सेना ने कहा कि हम सभी को इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया की भंडारे की व्यवस्था 3 जुलाई से 9 अगस्त तक अनवरत जारी रहेगी।इस अवसर पर महामंत्री डॉ. शम्स बदायूनी, पुत्तन सक्सेना, समीर पाराशरी, दीपक शर्मा, वीरेंद्र अटल, अमन पाराशरी, कुमार विनय, अशोक शर्मा लोटा, भानु भारद्वाज, नीरज आनंद, संजय शर्मा, गोपाल राजपूत, संजीव बाजपेई, महेश कुमार समेत समिति के सदस्य शामिल रहे।

अवैध बालू खनन माफियाओं के लिए मुफीद साबित हो रहा है सुअरहां घाट

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी के सुअरहां घाट इन दिनों अवैध बालू

- **कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सुअरहां घाट पर दिनदहाड़े हो रहा खनन।**
- **नरायनपुर व मठिया उर्फ अकटहां के बीच सुअरहां घाट का मामला**

खनन माफियाओं के लिए मुफीद साबित हो रही है।इस घाट पर बेरोक टोक दिनदहाड़े अवैध बालू खनन का धंधा जोरों पर चल रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन व खनन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है जिससे खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद होते जा रहे है।बता दें कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र से निकलने वाली छोटी गंडक नदी के विभिन्न घाटों पर स्थानीय प्रशासन के मिली भगत से अवैध बालू खनन जोरों पर चल रहा है।

इन घाटों में सुअरहां घाट सबसे प्रसिद्ध हो गया है।मठिया उर्फ अकटहां व नरायनपुर गांव के बीच इस घाट पर रात तो दूर दिनदहाड़े अवैध बालू खनन का धंधा जोरों पर चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक स्थानीय पुलिस प्रशासन के सह पर अवैध बालू खनन जोरों से किया जा रहा है।ज्ञात हो कि अभी हाल ही में शासन ने अवैध बालू खनन रोकने के लिए डीएम को आदेश दिया था जिसके संबंध में डीएम ने टास्क फोर्स टीम गठित किया है जिसे रोकने के लिए एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीओ व थानाध्यक्ष शामिल है।लेकिन फिर भी अवैध बालू खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है।अवैध बालू खनन के लिए कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सुअरहां घाट इन दिनों मुफीद साबित हो रहा है।लेकिन प्रशासन इसपर ध्यान नहीं दे रही है।

इस संबंध में खनन अधिकारी ने कहा कि अवैध बालू खनन के अड्डों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। किसी भी सूरत में जिले में अवैध खनन नहीं होने दिया जायेगा।

कैडेटों के पंजीकरण का कार्य पूरा, प्रशिक्षण आज से

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या की यूपी बटालियन-65 की कंबाइंड वार्षिक एनसीसी कैंप में बुधवार को कैडेटों को पहुंचना शुरू हो गया है।पहले दिन एनसीसी कैडेटों का पंजीकरण किया गया। कैंप में कुल 595 एनसीसी कैडेटों ने अपना पंजीकरण कराया।

यह वार्षिक कैंप 27 जून तक चलेगा। कैंप के दौरान अयोध्या तथा अंबेडकर नगर से 595 एनसीसी के छात्र-छात्राएं सैन्य प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। शिविर को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से बटालियन के कमान अधिकारी एम.के. सिंह व लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सूद ने पहले दिन एनसीसी कैडेटों को विश्वविद्यालय में होने वाले प्रशिक्षण स्थलों से अवगत कराया। कृषि विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि इसमें कुल 197 महिला कैडेट भी प्रशिक्षण लेंगी।कैंप में 65 - यूपी बटालियन के 40 सैन्य अधिकारी एवं कर्मचारी एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे।

केरल के महान समाज सुधारक थे महामना अय्यंकाली

देवरिया । रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित एक स्मृति दिवस कार्यक्रम में महामना अय्यंकाली को याद किया गया ।सपा के पूर्व प्रवक्ता चनभूषन सिंह यादव ने उन्हें वंचित जातियों और दलितों के जीवन में सुधार के लिए किये कार्यों की सराहना किया।श्री यादव ने कहा कि महामना अय्यंकाली ने दलितों के अधिकारों के लिए एक प्रमुख नेता के रूप में काम किया। उनके प्रयासों से केरल में दलितों को सार्वजनिक सड़कों पर चलने की स्वतंत्रता मिली और दलित बच्चों को स्कूल में दाखिला लेने की अनुमति मिली।उन्होंने दलितों के लिए साधु जन परिपालन संघम (एसजेपीएस) का गठन किया।अय्यंकाली ने जातिगत भेदभाव और सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। वे राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, शिक्षक, अर्थशास्त्री, विधिवेत्ता और क्रांतिकारी नेता थे ।उन्हें ₹आधुनिक केरल के सबसे महत्वपूर्ण दलित नेता₹ के रूप में भी वर्णित किया जाता है। महात्मा गांधी ने अय्यंकाली को 'पुलया राजा' कहा था।अय्यंकाली एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई।उनके प्रयासों से दलितों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। महामना अय्यंकाली के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करने वाले प्रमुख लोगों में मुरलीधर, सुरेशनारायण सिंह, अशोक यादव,गोविंद यादव, लल्लन यादव,दिनेश यादव, बुलबुल यादव, लोरिक यादव,अयोध्या वर्मा, सचिन कुमार,रामप्यारे यादव, मुस्तकीम आदि के नाम प्रमुख हैं।

एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में किसान दिवस संपन्न

जिला संवाददाता

कुशीनगर। माह जून 2025 के किमान दिवस का आयोजन बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक दौरान सर्व प्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा पिछले माह में प्राप्त शिकायतों के संबंध में संबंधित विभागों से निम्तारण आख्या अपर जिलाधिकारी न्यायिक के समक्ष रखी गई।इसके उपरांत कृषक बंधुओं द्वारा अपनी समस्याओं सेअवगत कराया गया। कृषक महेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा उर्वरक की अनुपलब्धता के मम्बन्ध में सहायक निबंधक सहकारिता को अवगत कराया गया।इस पर सहायक निबंधक महकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के सभी समितियों पर उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।कृषक छोटेलाल सिंह द्वारा जनपद के कृषकों को जिप्सम एवं कृषि रक्षा रसायनों की समय से उपलब्धता हेतु जिला कृषि अधिकारी से मांग किया गया, जिस पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर जिप्सम एवं कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता है, कृषको की मांग के अनुसार अतिरिक्त जिप्सम की उपलब्धता हेतु आश्वस्त किया। रामाधार कुशवाहा द्वारा अपर जिलाधिकारी न्यायिक से जनपद में चयनित एग्रीगेटर के रूप में एफ०पी०ओ० एवं इन्डियन आयल, धुरियापार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पराली प्रबंधन के सम्बन्ध में आने वाली समस्याओं के समाधान की मांग की गयी। कृषक राधेश्याम कुशवाहा द्वारा पकडियार माइनर के सफाई के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज कराई गयी जिसपर मम्बंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माइनर के सफाई का कार्य जल्द ही उचित माध्यम द्वारा करा लिया जायेगा। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्रों को प्राप्त करने हेतु आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।इस दौरान जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, सहायक निदेशक रेशम, जिला प्रबंधक पी०सी०एफ०, सहायक अभियन्ता सिचाई खंड प्रथम, सहायक अभियन्ता सिंचाई खंड दितीय, सहायक अभियन्ता सहायक अभियन्ता बाढ़ खंड, अग्रणी जिला प्रबंधक, सहायक अभियन्ता विधुत, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, एवं जनपद के ममम्त अधिकारी उपस्थित रहें।

सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

देवरिया । गांधी सभागार, विकास भवन में किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत उप कृषि निदेशक द्वारा गत माह आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई से कृषकों को अवगत कराते हुए की गई ।उप कृषि निदेशक ने कीटनाशी रसायनों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की।उन्होंने बताया कि धान की फसल में रसायनों का संतुलित उपयोग आवश्यक है।

भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता इंजीनियर अतुल मिश्रा ने सुझाव दिया कि धान फसल के लिए आवश्यक खरपतवारनाशी दवाएं एवं सल्फर-पोटाश की 2-2 किलोग्राम की पैकिंग में कृषि रक्षा इकाइयों पर उपलब्ध कराई जाए।उन्होंने भलुअनी स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार तक जाने वाले मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग भी रखी, जिस पर उप कृषि निदेशक ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने मांग की कि किसान दिवस की प्रत्येक मासिक बैठक में राजस्व विभाग का अधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करे, जिससे भूमि संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

धान की फसल हेतु कीटनाशी रसायनों की जानकारी मांगने पर विषय वस्तु विशेषज्ञ धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रेटिलाक्योर 50-50 एल. सभी कृषि गोदामों पर उपलब्ध है, जिसकी कीमत ?336 प्रति लीटर है, जिस पर 50% अनुदान भी देय है। इच्छुक कृषक कृषि रक्षा इकाइयों से रसायन क्रय कर सकते हैं किसान दिवस की बैठक में परियोजना निदेशक, उप कृषि निदेशक, अपर जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियंता (नहर), भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता (विद्युत), सहायक अभियंता (नलकूप), मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य) सहित राघवेन्द्र प्रताप शाही, कौशलेशनाथ मिश्र (प्रदेश उपाध्यक्ष, भा.कि.यू.), इंजीनियर अतुल मिश्रा, रमेश मिश्रा, अनिरुद्ध सिंह, मारकण्डेय सिंह, मनोज पाण्डेय, भरत सिंह, सत्याग्रहण सरोज तथा अन्य प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

द्वितीय पुण्यतिथि पर भृगुनाथ प्रसाद बरनवाल को दी गयी श्रद्धांजलि

देवरिया।स्व. भृगुनाथ प्रसाद बरनवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर मंगलवार को राघव नगर स्थित एक उत्सव सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें दृढ़ निष्ठा, सहयोगी स्वभाव, विनम्र व्यवहार और धार्मिक चेतना का प्रतीक बताया।

सभा की अध्यक्षता समाजसेवी श्यामसुंदर भगत ने की, जबकि पूर्व विधायक रवीन्द्र प्रताप मल्ल, सदर विधायक शलभमणि त्रिपाठी और डा० राजेश कुमार बरनवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभा का संचालन डॉ0 रविकान्त मणि त्रिपाठी ने किया। वहीं प्रसिद्ध लोकगायिका पूनम मणि त्रिपाठी ने भजन प्रस्तुत किया।

परिजनों की ओर से डॉ. घनश्याम बरनवाल, अरुण कुमार बरनवाल, अरविन्द कुमार बरनवाल, राजीव कुमार बरनवाल, संजय कुमार बरनवाल, आशीष कुमार बरनवाल, मयूर बरनवाल, मधुर बरनवाल, शाश्वत बरनवाल, प्रतीक बरनवाल, श्रेयांस बरनवाल, हर्षित बरनवाल और आर्यान्श बरनवाल सहित अन्य स्वजन व श्रद्धालु उपस्थित रहे और श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर स्व. बरनवाल के पुत्र अरुण कुमार बरनवाल ने अत्यंत भावुक शब्दों में कहा कि, बाबूजी ने हमें न केवल जीवन जीने की कला सिखाई, बल्कि यह भी सिखाया कि सेवा, त्याग और धर्म को जीवन का मूल बनाना चाहिए। आज भले ही वे हमारे बीच शारीरिक रूप से नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनके संस्कार और उनकी छाया हम सबके जीवन में सदा विद्यमान हैं।यह आयोजन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि उस अमर विरासत को स्मरण करने का माध्यम है, जिसे बाबूजी ने अपने कर्मों से गढ़ा।हम सब उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं।

श्रद्धांजलि सभा के उपरांत सहभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष अलका सिंह, अखिलेन्द्र शाही, डॉ0 मिथिलेश सिंह, डॉ0 दिवाकर तिवारी, इन्द्र कुमार दीक्षित, राजेन्द्र जायसवाल, पुष्पा बरनवाल, अनिल त्रिपाठी, धीरेन्द्र मणि, कमलेश मित्तल, पुरुषोत्तम मरोदिया, राणाप्रताप सिंह, वकील सिंह, नित्यानन्द यादव, सरोज पाण्डेय, रामप्रवेश भारती, संजय कुमार यादव, कृष्णमोहन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, रिश्तेदार और शुभचिंतक शामिल हुए। कार्यक्रम की गरिमा और आत्मीय वातावरण ने स्व. बरनवाल के व्यक्तित्व की गहराई को एक बार फिर सबके समक्ष जीवंत कर दिया।वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बाबूजी के संस्कार हमारी अमूल्य धरोहर हैं, और उनकी धार्मिक भावना आज भी हमारे जीवन की प्रेरक शक्ति बनी हुई है।

शक्ति केंद्र पर हुआ आयोजन

भटनी(देवरिया) ।स्थानीय बिकास खण्ड के भरहेचौरा में भारतीय जनता पार्टी भटनी मण्डल द्वारा चलाये जा रहे विकसित भारत संकल्प सभा अभियान के अंतर्गत पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश प्रजापति के नेतृत्व में एक सभा का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मण्डल सांयोजक द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश प्रजापति का स्वागत माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्ष की उपलब्धियों सहित विभिन्न जनहित योजनाओं सहित गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए मोदी सरकार की अब तक कि गई उपलब्धियों को बरी बारी से गिनाया ।कार्यक्रम में भटनी मण्डल के किसान मोर्चा के अध्यक्ष शिवसरदार मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।साथ ही शक्ति केन्द्र सांयोजक कन्हैया कुशवाहा मण्डल के सभी बूथ अध्यक्ष आये हुए लाभार्थियों के साथ सहभागी नजर आये।

भीषण गर्मी के बाद राहत , खेती कार्य ने पकड़ी रफ्तार

देवरिया । महीनों की भीषण गर्मी के बाद अब मौसम में बदलाव से लोंगों ने राहत की सांस ली है ।किसानों के चेहरे पर राहत की लहर दौड़ गई है।हाल ही में हुई हल्की बारिश और बादलों की आवाजाही से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे खेतों में खेती-किसानी के कार्य शुरू हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अब खेतों की जुताई, बीज उपचार और धान की नर्सरी तैयार करने में जुट गए हैं।खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य भारत के हिस्सों में, जहां जून का प्रथम सप्ताह बेहद तपती धूप और लू से प्रभावित रहा, अब वहीं खेतों में हरकतें तेज हो गई हैं ।किसानों ने बताया कि अगर जल्द ही अच्छी वर्षा हो जाती है तो बुवाई का कार्य समय पर पूरा कर लिया जाएगा, जिससे इस बार अच्छी फसल की उम्मीद बन रही है। कृषि विभाग भी सतर्क है और किसानों को बीज वितरण, तकनीकी जानकारी और उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में जुटा है। किसनो ने बताया, कि पिछले कुछ हफ्तों से गर्मी ने बेहाल कर रखा था, लेकिन अब मौसम थोड़ा नरम पड़ा है और हम लोग धान की तैयारी में लग गए हैं। अगर समय से पानी गिर गया, तो अच्छी फसल की पूरी उम्मीद है ।उधर शहरी क्षेत्र में गर्मी और बिजली कटौती बेहाल लोंगों ने राहत की सांस ली है ।पहली वर्षात में ही नगरीय क्षेत्रों नालों ,नालियों में कचरे के वजह से पानी सड़कों मुहल्लों में फैल गया ।वर्षा होने आम की फसल पकने के लाभ फल विक्रेताओ मिल रहा है और फलों की विक्री भी बढ़ गयी है ।भीषण गर्मी से सड़कों ,बाजारों की गायब रौनक भी लौटने लगी है ।निष्कर्षतः, ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की नरमी और संभावित मानसूनी बारिश ने खेती कार्य को रफ्तार दे दी है। किसान पूरी तैयारी के साथ खेतों में जुट चुके हैं, और अब सबकी नजरें आसमान की ओर टिकी हैं।

भोलेनाथ की कथा सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

तमकुहीराज, कुशीनगर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के गाव महुअवा देवरिया में चल रहे नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के सातवे दिन कथा में कथावाचक कैलास जी महाराज ने भोलेनाथ की अनेकों महिमा का बर्णन किया ।क्षेत्र के महुअवा देवरिया में चल रहे रुद्र महायज्ञ के सातवे दिन बुधवार को कथा में पहुचे क्षेत्रीय बिधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने रामलीला मंडली का फीता काटकर उद्घघाटन किया ।यज्ञ का भक्तिमय माहौल देख कर दौरान बिधायक ने भी भरत और राम का सुंदर बर्णन करते हुए कहा कि जब भगवान राम बन गए और रात्रि में बन में रुके तो बन देवी ने प्रकट होकर कहा कि प्रभु आप इस अरण्य क्षेत्र में आये है मेरे लायक आदेश बताइये ।इस पर प्रभु राम ने कहा कि हे देवी मैं जिस रास्ते से यहाँ आया हु उस रास्ते से कांटे हटा दीजिये ।इस देवी ने प्रभु से कहा कि आप तो आ गए है अब किसके लिये रास्ता साफ करना है तो प्रभु ने कहा कि मेरा भाई भरत मुझको खोजते हुए यहाँ जरूर आएगा तो उसके पैर में काटे न चुभे ।यह सुनकर देवी भी आश्चर्य में पड़ गयी ।पंडाल में बैठक दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए ।इस दौरान कमेटी के दुखी कुशवाहा, अमलेश तिवारी, बीरेश शर्मा, बीरेंद्र श्रीवास्तव, नत्थू गुप्ता, सुदर्शन चौरसिया, सतीश गुप्ता, रामसकल तिवारी उपस्थित रहे।

विकास कार्यों की अनदेखी से नाराज कांग्रेसियों ने कैंट विधायक का पुतला फूंकने का किया प्रयास

जिला संवाददाता

बरेली। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल द्वारा सुभाष नगर क्षेत्र की विकास कार्य की अनदेखी किए जाने से नाराज युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने उनका पुतला फूंकने का प्रयास किया। इस दौरान युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की ।बुधवार को जिला युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष साहिब सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में इकट्ठे हुए।यहां से पार्टी के युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने जुलूस निकाला और जुलूस चौकी चौराहा की ओर बढ़ने लगा।इस दौरान पुलिस बल ने मौके पर पहुंच गई। इन्होंने ने कैंट विधायक का पुतला जब्त कर लिया। पुलिस और कार्यकताओं के बीच में बीच छीना-झपटी भी हुई। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला नहीं जला सके ।कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि ₹निसंदेह आज पुतला पुलिस द्वारा छीन लिया गया हो, लेकिन यह आंदोलन युवक कांग्रेस के जोश को रोक नहीं सकता। यह संघर्ष जारी रहेगा ।₹पार्टी जिलाध्यक्ष साहिब सिंह ने कहा कि ह्लबीजेपी का मेयर और विधायक होने के बावजूद सुभाष नगर में बुनियादी विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। अगर जल्द ही सुभाष नगर पुलिया की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कैंट विधायक का पुतला लखनऊ विधानसभा के सामने जलाया जाएगा और अनिश्चितकालीन आंदोलन छेड़ा जाएगा ।ह्लप्रदर्शन में प्रमुख रूप से पंडित राज शर्मा, शुक्रविंदर सिंह, तनवीर सिंह, अली प्रधान, अमन सिंह, मोनू सिंह, गोविन्द सिंह, अमजद मामू, नबी हसन, धर्म सिंह, फतह सिंह, शंकर सिंह, पीलू सिंह, सतनाम सिंह, सोहिब खान, मोहम्मद हनीफ, आदित्य सिंह, फैजल, कारण सिंह, अर्जुन सिंह और बंटी सिंह मौजूद रहे।

बीएसए संतोष कुमार राय को दी गयी भावभीनी विदाई

अयोध्या। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों ने जिलामंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह के नेतृत्व में निवर्तमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय को भावभीनी विदाई दिया। शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बीएसए को फूल-मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह ने उनके कार्यकाल को अभूतपूर्व उपलब्धियां वाला बताया। विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन के प्रयास सराहनीय रहे। वही आधारभूत संरचना तथा बुनियादी ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन बदलाव भी किए गए। बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी फोकस किया गया।

खुद घटना स्थल पर जाकर खबर लिखें पत्रकार: रजनीकांत

जिला संवाददाता

कसया, कुशीनगर। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) द्वारा बुद्ध स्थली स्थित एक होटल में क्षेत्रीय पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें वक्ताओं ने देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग सरकार से की ।बुधवार को आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी पत्रकार का व्यक्तित्व

- **पत्रकार हित में आपसी मतभेद भुलाकर करें काम: सुभाष श्रीवास्तव**
- **पत्रकार लोकतन्त्र का सजग प्रहरी: मनीष कुमार जायसवाल बुलबुल**
- **एबीपीएसएस द्वारा क्षेत्रीय पत्रकार मिलन समारोह आयोजित**

असाधारण होता है। वह अपने व्यक्तित्व से दुनिया को बदल सकता है। हियर सेंस के बजाय खुद घटना स्थल पर जाकर खबर लिखें।जो देखें वह लिखें। पत्रकार सुरक्षा कानून के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि इस मुहिम को नैतिक समर्थन दें। वरिष्ठ पत्रकार सोनू शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों को सच लिखने की आदत डालनी चाहिए।जो देखें लिखें।पक्षकार बनने की जरूरत नहीं। उसी से पत्रकार जाना जाएगा। कहीं सुरक्षा का सवाल नहीं है।खुद में चेतना जागृत करें। वरिष्ठ पत्रकार सुभाष लाल श्रीवास्तव ने कहा कि आपसी भेद भुलाकर पत्रकार हित में आगे आकर संघर्ष करें। डॉ ओम प्रकाश द्विवेदी ओम ने कहा कि पत्रकार अपने अस्तित्व को लेकर चिंतित हों और पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।नपा पडरौना अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष कुमार जायसवाल बुलबुल ने कहा कि पत्रकार लोकतन्त्र का सजग प्रहरी है। डॉ नन्द रतन महाथेरा, समाजसेवी ओम प्रकाश जायसवाल, प्रदेश सचिव विपिन कांत सिंह, प्रदेश संयोजक आरके भट्ट, जिलाध्यक्ष बिजनौर हासिम अहमद, महिला विंग संयोजिका मनीषा सिंह चौहान, बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, राजकुमार, एसएन शुक्ल, मिथिलेश्वर पाण्डेय आदि ने संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय

महा सचिव विजय राव, मंडल अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, अजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडेय, विनय तिवारी, विजय यादव, जिला महा मंत्री विनोद तिवारी, ज्ञानेश्वर बरनवाल, तहसील अध्यक्ष गण कामख्या नारायण मिश्रा, अर्जुन वेदांत, आशुतोष दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, मनीष गुप्ता, अबुल आकिब अंसारी (मुन्ना), मस्तराज शर्मा आदि ने माल्यार्पण किया और मोमेंटो, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आभार प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह ने व्यक्त किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा, संचालन कवि संतोष संगम ने किया। इस दौरान संजय चाणक्य, डीके पाण्डेय, एससी चंदन, सुधाकर उपाध्याय, बृजबिहारी त्रिपाठी, मुन्ना राय, योगेश गोविंद राव, शीतल सिंह, एडवोकेट सुमन सिंह, संदीप सिंह, सरफराज आलम, असलम अंसारी, सौरभ मणि, मंतोष जायसवाल, फैजुल हक आदि है।

दिव्यांग बच्चों के सशक्तीकरण के लिए जिलाधिकारी की अपील

देवरिया। अध्यक्ष उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के कार्यालय निर्देश अनुपालन क्रम में जिले के सभी ब्लॉकों में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उनके विकास व पुनर्वास संबंधी कार्ययोजना जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में 20 जून 2025 से प्रस्तावित है। जिसमें विभिन्न गांवों से चिन्हित दिव्यांग बच्चों को ब्लॉक परिसर में शिविर लगाकर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक सेवाएं प्रदान की जाएंगी।चिन्हित बच्चों को कृत्रिम अंग, छड़ी, दृष्टिबाधित को स्मार्ट केन, ब्रेल किट, मंदबुद्धि बच्चों के लिए एम.आर. किट, पैर से दिव्यांग बच्चों के लिए व्हीलचेयर, सी.पी. चेयर, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, वॉकर आदि उपकरणों को देने हेतु चिन्हांकन किया जाएगा चिन्हित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण व यूडीआईडी कार्ड देने के लिए ब्लॉकवार मेडिकल बोर्ड की तैनाती की गई है। हर ब्लॉक में इस शिविर के आयोजन के लिए तिथि निर्धारित की गई है। 20 जून गौरीबाजार, 24 जून बैतालपुर, 25 जून भलुअनी, 26 जून देवरिया सदर, 27 जून भटनी, 28 जून बरहज, 1 जुलाई भागलपुर, 2 जुलाई लार, 3 जुलाई सलेमपुर, 4 जुलाई रामपुर कारखाना, 8 जुलाई भाटपार, 9 जुलाई तरकुलवा, 10 जुलाई रुद्रपुर, 11 जुलाई पथरदेवा, 15 जुलाई बनकटा, 16 जुलाई देसाई देवरिया में निर्धारित की गई है। इस कार्यक्रम का प्रशासनिक क्रियान्वयन मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय द्वारा किया जाएगा। शिविर स्थल पर किसी असुविधा के लिए दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के नोडल अधिकारी डॉ. अजय शाही के मोबाइल नंबर 9695211111 पर और अन्य विभागों से समन्वय हेतु दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी से संपर्क कर सकते हैं।

संक्षेप

वाटर कूलरों का ईओ ने किया निरीक्षण

सीतापुर। भीषण गर्मी से आम नागरिकों एवं नगर निवासियों को पेयजल हेतु ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत हरगांव ने नगर में पांच जगहों पर वाटर कूलर लगवाए थे। भीषण गर्मी में जनमानस की प्यास बुझाने के लिए, हरगांव तीर्थ, नगर पंचायत कार्यालय के सामने, थाने के सामने मस्जिद के पास, कमला पेट्रोल पंप के पास, ग्रीन फील्ड एकेडमी हरगांव के पास वाटर कूलर लगवाए थे। जिसमें ग्रीन फील्ड एकेडमी के पास लगे हुए वाटर कूलर के लिए बोरिंग कराकर पानी सप्लाई पेयजल के लिए की जा रही है। जिससे आम जनमानस को शीतल पेयजल मिलता रहे। अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने आज सभी वाटर कूलरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नगर में लगे हुए वाटर कूलर ठीक है। हरगांव थाना के सामने मस्जिद पर लगे हुए वाटर कूलर का निरीक्षण कर पानी भी पिया। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी अहिबरन लाल, बिनोद कुमार, अतुल कुमार, दीपक कुमार, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

राजस्व भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

सीतापुर। तहसील क्षेत्र के अहमदपुर ढकवा गांव निवासी राजेंद्र कुमार ने गांव की राजस्व भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत सपा सांसद आर.के. चैधरी से की है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 435, जो खलिहान के रूप में दर्ज है। उस पर गांव के ही राजेश पुत्र मूलचंद द्वारा कब्जा कर लिया गया। ग्रामीणों के खेतों तक जाने का रास्ता भी अवरुद्ध कर दिया गया है। जिससे आमजन को भारी परेशानी हो रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद आर.के. चैधरी ने उपजिलाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम राखी वर्मा ने तहसीलदार को टीम गठित के जांचकर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

रिटायर्ड दारोगा के घर लाखों की चोरी

सीतापुर। कोतवाली महोली की पाताबोझ चौकी क्षेत्र के बम्हौरा रोड स्थित पुलिस महकमे के रिटायर्ड दरोगा रामखेलावन सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार रात को चोरों ने धावा बोलकर लाखों की कीमत के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर की पिछली दीवाल फांदकर घर में दाखिल हुए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी और बक्से को तोड़कर करीब 15 लाख कीमत के जेवरात और 60 हजार रुपये नगदी चुरा ले गये। जब सुबह रामखेलावन सिंह की पत्नी उर्मिला सिंह जागी तो देखा घर का सामना बिखरा पड़ा हुआ है। कमरे में गई तो अलमारी का लाकर टूटा हुआ मिला। शोर मचाने पर परिवार के सभी सदस्यों की नींद खुल गई और डायल 112 को सूचित किया। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने थाने की पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची चौकी पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि जांच कर कार्यवाही कई जायेगी।

मार्ग दुर्घटना में महिला घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्कूल से अपनी स्कूटी से घर लौट रही शिक्षिका को अनियंत्रित गति से आ रहे बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे शिक्षिका गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसे सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सी एच सी सफीपुर में भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया गया। ऊगू कस्बा निवासी अपूर्वा उर्फ लक्ष्मी ऊगू ग्रामीण के परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। बुधवार दोपहर छुट्टी के बाद वह स्कूटी से घर लौट रही थी तभी ऊगू गांव के पास अनियंत्रित गति से आ रहे बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे शिक्षिका गम्भीर रूप से घायल हो गई और स्कूटी भी क्षति ग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने शिक्षिका के घरवालों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल शिक्षिका को अस्पताल पहुंचाया।

करंट से महिला की मौत

पाटन। बिहार थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव में अपरान्ह 1 बजे एक महिला की बिजली के करंट लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के भदेवरा निवासी विजय बहादुर पुत्र महानंद ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी शिव कांति 40 वर्ष खेत जा रही थी। इस दौरान वह गांव के बाहर बिन्दादीन के खेत में लगे मोटर के बिजली कनेक्शन के निकले कटे तार की चपेट में आ गयी। करंट लगने से शिवकान्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

168.60 करोड़ लागत की 7 परियोजनाओं शिलान्यास

जिला संवाददाता(vol)

- 46.74 करोड़ लागत की 9 परियोजनाओं का लोकार्पण
- नीट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा शिवानी मौर्य को किया को किया सम्मानित
- आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को वितरित किए गोल्डन कार्ड, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लाभार्थियों को किया सम्मानित
- ग्राम बगसती में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

सीतापुर। जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आए, मंत्री, जलशक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतंत्र देव सिंह ने ग्राम कनरखी एवं ग्राम बंगालीपुरवा में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान गोबरहिया नाले पर रेगुलेटर निर्माण की परियोजनाओं का विधि विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। मंत्री ने बाढ़ खण्ड बाराबंकी एवं सिंचाई खण्ड सीतापुर की 168.60 करोड़ लागत की 7 परियोजनाओं का शिलान्यास किया तथा सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर एवं सिंचाई खण्ड, सीतापुर की 46.74 करोड़ लागत की 9 परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपित कर सभी को अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा पर्यावरण को संरक्षित रखने का भी संदेश दिया। साथ ही श्रमिकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया।

मंत्री की अध्यक्षता में ग्राम बंगालीपुरवा में विकसित भारता का अमृत काल-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अवसर पर पंचायत चौपाल भी आयोजित की गयी। मंत्री ने नीट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शिवानी मौर्य को सम्मानित किया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत श्याम लाल, ओम प्रकाश, कमला देवी, नेम कुमार, नैना देवी, भोला नाथ आदि लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग 200 पात्रों का पंजीकरण कर आयुष्मान कार्ड जारी कराए गए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लाभार्थियों माधव राव, अशोक कुमार, राम प्रसाद, कल्लू राम, छोटे लाल एवं सोमवारी लाल आदि को सम्मानित भी किया। इसके उपरांत मंत्री ने ग्राम बगसती में सरयू नदी के दायें तट पर स्थित चहलारीघाट गनेशपुर के किमी0 18.920 से किमी0 19.670 के मध्य बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। मंत्री ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास संभव हो सका है। उनकी सेवा, संकल्प एवं सुशासन से व्यापक परिवर्तन हुए हैं। विश्वपटल पर देश की स्थिति मजबूत हुयी है। योजनाओं से पात्र लाभान्वित हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक प्रयास किए गए हैं, जिनमें ड्रोन दीदी योजना के द्वारा महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। गांव गांव तक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रधानमंत्री द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने ग्रामीणों से अपेक्षा की कि वह अपने बेहतर स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य करें। परिवार में महिलाओं एवं बुजुर्गों का सम्मान करें। गांव में आपसी समन्वय एवं सौहार्द की भावना से रहें तथा बुरी आदतों से दूर रहें। विधायक सेवता ज्ञान तिवारी ने क्षेत्र के विकास हेतु व्यापक स्तर पर परियोजनाएं स्वीकृत कराए जाने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मंत्री जल शक्ति विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी तथा सरकार की बेहतर कार्यप्रणाली से क्षेत्र को हुए लाभों के विषय में बताया। उन्होंने लोकार्पण एवं शिलान्यास की गयी परियोजनाओं के विषय में भी जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई हरिश्चन्द्र गुप्ता सहित सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क पार कर रहे बच्चों को कार ने रौंदा, 3 की मौत

सीतापुर। सिधौली मंगलवार साइकिल सिधौली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। देवीपुर के निकट सड़क पार कर रहे बच्चों को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

बताते है हाइवे किनारे स्थित देवीपुर निवासी सभी बच्चे रिश्तेदारी में आई अपनी बुआ व उनकी पुत्री ईशु को लेकर सड़क पार कर रहे थे। सभी हमजोली एक साथ हाइवे पार कर रहे थे। इस दौरान अचानक सीतापुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रही एक कार की चपेट में आ गए। अनियंत्रित कार इशू सहित सभी 5 बच्चों को रौंदती चली गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया। जहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल सीतापुर और फिर लखनऊ रेफर किया गया। घायलों की पहचान 11 वर्षीय ईशु पुत्र अजय निवासी मिश्रापुर, 10 वर्षीय शैलेश पुत्र गड्डू निवासी देवीपुर, 19 वर्षीय सचिन पुत्र राजा निवासी देवीपुर, 18 वर्षीय अमित पुत्र गड्डू निवासी देवीपुर और 9 वर्षीय लक्ष्मी पुत्री सुरेश चंद्र के रूप में हुई है। गांव में कोहराम मचा हुआ था सिधौली विधायक मनीष रावत ने पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी और विभिन्न सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इलाज के दौरान ईशु, अमित और सचिन ने दम तोड़ दिया। जिनमें से सचिन की मौत सीतापुर जिला अस्पताल में, जबकि अमित और इशू की मौत लखनऊ के एक निजी अस्पताल में हुई। लक्ष्मी और शैलेश का इलाज जारी है, दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सीओ कपूर कुमार ने बताया कि पुलिस ने कार व चालक को मौके से हिरासत में ले लिया गया है। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

डंपर के कहर से पिता-पुत्र की मौत

पुरवा-उन्नाव। तेज रफ्तार डंफर के कहर से पिता-पुत्र की मौत हो गई। डंफर की टक्कर से ट्रैक्टर, ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल सवार चपेट में आ जाने से हाहाकार मच गया।

बुधवार को पुरवा मौरावां मार्ग पर तुसरौर गांव के निकट तेजरफ्तार डंफर ने मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा व ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मारकर खंती में जा गिरा जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा ई-रिक्शा सवार आधा दर्जन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। एम्बुलेंस से सभी को सीएचसी भिजवाया गया। दो गंभीर घायलों को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भिजवाया। घटना की सूचना पर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ अजय कुमार सिंह व तहसीलदार रामशंकर, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना और घटना की जानकारी हासिल की। मौरावां की तरफ से तेज रफ्तार खाली आ रहे डंपर ने पुरवा की तरफ से मौरावां की ओर जा रहे ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद ट्राला नियंत्रित हो गया और पुरवा की तरफ से मौरावां की ओर जा रहे ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में लेकर खंती में जा गिरा जिससे मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे दब गई। वहीं मोटरसाइकिल चालक आशीष यादव पुत्र शिव प्यारे निवासी पूरनदासखेड़ा कोतवाली पुरवा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल में बैठी आशीष की पत्नी ममता और 12 वर्षीय पुत्र अंशुमान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ई-रिक्शा में सवार शगुन पुत्री जितेंद्र यादव निवासी गांव नरपतपुर थाना बीघापुर, उर्मिला पत्नी रामबाबू निवासी गांव कठार थाना बीघापुर, सबा पत्नी हसरत निवासी मियां टोला थाना पुरवा, अमन अवस्थी पुत्र अजय अवस्थी निवासी मझकोरिया थाना पुरवा, शबा पत्नी हसरत निवासी मियां टोला थाना पुरवा, जामिलुन्निशा पत्नी रहमत अली निवासी मोहल्ला मसवानी थाना पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस और प्राइवेट वाहनों के माध्यम से पुरवा स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां गंभीर हालत के चलते हैं अमन अवस्थी पुत्र अजय अवस्थी निवासी मझकोरिया, अंशुमान पुत्र आशीष यादव को चिकित्सक ने गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन इलाज के दौरान अंशुमान की भी मौत हो गई। मृतक आशीष एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे।

अमरनाथ बाबा बफोनी के दर्शनार्थियों को भंडारे के लिए सामग्री का किया वितरण

शुक्लागंज, उन्नाव। शिव मानव सेवा समिति के बैनर तले हर वर्ष की भांति राजधानी मार्ग धोबिन पुलिया टेलीफोन एक्सचेंज के समीप बैसवारा सर्विस सेंटर परिसर पर कश्मीर अमरनाथ बर्फानी दर्शनार्थी के प्रति विशाल भंडारे के आह्वान पर राशन कलेक्शन गत दिनों खोला गया। जिससे चारो दिशा से कार्यकर्ताओं द्वारा राशन सामग्री एकत्रित किया गया जिससे ट्रकों से राशन सामग्री एकत्रित करने के दौरान आचार्य बबलू पंडित द्वारा सांस्कृतिक विधि विधान के साथ सर्वप्रथम गणेश जी की पूजन अर्चन करने के पश्चात काश्मीर अमरनाथ बर्फानी शंकर जी की मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया। पूजन अर्चन करने के दौरान शिव मानव सेवा समिति कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों का बहुत बड़ा जनसमूह बनकर भूखे को अन्न प्यासे को पानी बाबा बर्फानी अमरनाथ की जय जय कारे नारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर झूमने नाचने लगे इसी दौरान ट्रकों को राजमार्ग जुलूस के साथ नारे लगाते हुए राशन सामग्री ट्रकों में एकत्रित कर भंडारे के संदर्भ में प्रस्थान किया गया। शिव मानव सेवा समिति के बैनर तले हर वर्ष की भांति कश्मीर अमरनाथ दर्शनार्थी यात्रा के दौरान 26 जून प्रथम जत्था बस द्वारा प्रस्थान करेगी। इस मौके पर बॉबी पांडे मनोज यादव रज्जन सिंह बैसवारा काकुस्थ्य पूर्व पालिका प्रतिनिधि राजेश गुप्ता गोल्डी उदय पांडे अजय तिवारी संजय सिंह राजू अविनाश बाजपेई नारायण मिश्रा राहुल सप्रू पूर्व प्रधान रामनारायण यादव विष्णु पांडे मिंटू निषाद अनिल रश्मि लोक अंशु लक्ष्य पांडे नमो पांडे गजेंद्र वीर बिक्रम बहादुर मंगल सिंह बैसवारा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता समाजसेवियों मौजूद थे।

पुलिस के नए पाठ्यक्रम में समय के साथ बदलाव किए जा रहे: आईजी

सीतापुर। लखनऊ जोन के आईजी तरुण गाबा बुधवार को लखीमपुर से लौटते समय अचानक सीतापुर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइन में सिटी सर्किल के आए चौकीदारों को साइकिल, टार्च और गमछा वितरित किए। इस दौरान आईजी ने चौकीदारों को अपराध नियंत्रण के लिए सजग रहने, संवेदनशील व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने और घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौकीदार गांव और शहर की सुरक्षा व्यवस्था की

अहम कड़ी हैं, इन्हें सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। आईजी ने जिले में प्रशिक्षण ले रहे 1400 नए प्रशिक्षु आरक्षियों से भी बातचीत की। उन्होंने प्रशिक्षुओं का हौसला बढ़ाया और बेहतर पुलिसिंग के गुर सिखाए। उन्होंने पुलिस बैरक, मेस और शौचालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आईजी ने बैरिकों की साफ-सफाई और सुव्यवस्थित माहौल देखकर संतोष जताया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के लिए बनाए गए वॉल पेंटिंग और शैक्षिक वातावरण की सराहना की। आईजी तरुण गाबा ने कहा कि पुलिस के नए पाठ्यक्रम में समय के साथ बदलाव किए जा रहे हैं। खास तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के बढ़ते प्रयोग को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षु आरक्षियों को भी डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य की पुलिसिंग तकनीक, साइबर क्राइम और एआई आधारित अपराधों को समझने के लिए पुलिस को आधुनिक ज्ञान से लैस किया जा रहा है। इस मौके पर पुलिस के एएसपी उत्तरी आलोक सिंह, सीओ सिटी अमन सिंह, सीओ सदर सतीश चंद्र शुक्ला, कोतवाली निरीक्षक अनूप शुक्ला, आरआई बाल कृष्ण वर्मा, टीएसआई फरीद अहमद सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

दिया गया योग प्रशिक्षण

सीतापुर। 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में जाना जाता जाता संपूर्ण विश्व में योग करके स्वस्थ और निरोगी बनने के लिए योग को अति महत्वपूर्ण माना जाता है। इस वर्ष इसी योग दिवस के पूर्व एक सप्ताह यानी कि 15 जून से योग सप्ताह दिवस के रूप में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम मनाया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी कसमंडा ने बुधवार को ग्राम पंचायत महोली के नंदिनी गौशाला में स्थित नंदिनी वाटिका में उपस्थित ग्रामवासियों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें योग के द्वारा विभिन्न प्रकार के योग सिखाए गए तथा उनके लाभ भी बताए। इस अवसर पर अरुण कुमार मिश्र, टिल्लू पंडित, बेबी तिवारी, पूर्णेन्द्र सिंह, कमलेंद्र सिंह, इदरीश, मोहम्मद आलम, आनंद प्रकाश, गुड्डू सहित भारी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे।

मोदी सरकार के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने पर चौपाल आयोजित

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के रूप में 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 11 वर्ष विषयक कार्यक्रम लगातार कर रही है। इसी क्रम में सेवता विधानसभा में रामपुर मथुरा के कनरखी मजरा बंगाली पुरवा में एक चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश शासन के जल शक्ति मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई एवं कार्यक्रम काआयोजन सेवता विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को 11 वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है और इस समय में देश निरंतर उन्नति के शिखर पर चढ़ता गया है। जहां देश में विकास की इबारत लिखी गई है। वहीं अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है धारा 370 समाप्त हो चुकी है और सबका साथ सबका विकास एवं सबके विश्वास के मूल मंत्र के साथ देश में प्रत्येक व्यक्ति का विकास हो रहा है। आज भारत विकसित राष्ट्र बनने की कतार में खड़ा हुआ है और विश्व की सबसे बड़ी चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

कार्यक्रम में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो भारत के 140 करोड लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वह बिना भेदभाव के सभी भारतीयों का विकास चाहती है। भारतीय जनता पार्टी तुष्टिकरण की विरोधी है वह सब के साथ न्याय पूर्ण व्यवहार चाहती है और पार्टी आतंकवाद की घोर विरोधी है। इसी प्रकार देखा जा सकता है कि पिछले 11 सालों में आतंकी घटनाओं में बड़ी कमी आई है और जहां भी घटना हुई है। उसका मुंह तोड़ जवाब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा दिया गया है। आज विश्व पटल पर भारत अपनी शक्ति के साथ दुनिया को संदेश दे रहा है कि हम वसुधैव कुटुंबकम की नीति का पालन करते हैं परंतु यदि किसी ने भारत की तरफ नजर टेढ़ी की तो नया भारत घर में घुस के कमर तोड़ देता है। उन्होंने 11 साल में हुए विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र सरकार के सफल 11 वर्ष पर बिंदुवार विकास कार्यक्रमों के विषय में बताया।

आदेश बेअसर, ओपीडी पर्चे पर डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवाएं

उन्नाव। जिला अस्पताल में एक रुपए में ओपीडी का पर्चा बनवाकर जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को डॉक्टर महंगी दवाएं लिख रहें हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से लेकर अधिकारियों के आदेश का उनपर असर नहीं है। मामूली बीमारी होने का भी बिल एक हजार रुपए पहुंच रहा है। जिला अस्पताल में मरीजों को ओपीडी व अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए एक रुपए का पर्चा बनवाना पड़ता है। इस पर्चे पर डॉक्टर की सलाह, दवाएं और जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ओपीडी के बनने वाले पर्चे पर ही स्किन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रियंका श्रीवास्तव स्किन संबंधित बीमारियों की दवाएं मरीजों के ओपीडी पर्चे पर ही बाहर की मंहगी दवाइयां मरीजों को लिख रहीं हैं। ओपीडी के लिए बनने वाले पर्चे पर डॉक्टर मरीजों को वह दवाएं लिखते हैं जो अस्पताल में उपलब्ध हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी के डॉक्टर हर दूसरे मरीज को बाहर की दवाएं लिख रहे हैं। पर्ची पर ब्रांडेड दवाओं के स्थान पर अधिक कमीशन वाली दवाएं लिखी जाती हैं। जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को जो दवाएं लिख रहे हैं उन पर उन्हें 50 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है। डॉक्टर आरए मिर्जा सीएमएस जिला अस्पताल ने बताया कि डाक्टरों को निर्देश है कि वह केवल दवा वितरण कक्ष में उपलब्ध दवाएं ही मरीजों को लिखें। अगर कोई भी डॉक्टर बाहर की दवा ओपीडी पर्चे पर लिख रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा।

डीएम ने जानी चकबंदी कार्यों की प्रगति

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे सभी चकबंदी कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चकबंदी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन गाँवों में चकबंदी का कार्य लंबित है। वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ किया जाए। भूमि विवादों, अभिलेखीय त्रुटियों तथा किसानों की आपत्तियों का समाधान तेजी से कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि फील्ड स्तर पर अधिकारी सक्रिय रहें और किसानों से संवाद बनाकर विश्वासपूर्वक कार्य करें। कार्यों की गुणवत्ता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में चकबंदी पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाओं में चकबंदी निदेशालय के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि चकबंदी संबंधी कार्य जिन गांवों में क्रियाशील है। वहां प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी न्यायालय में लम्बित वादों को समय से निस्तारित किया जाये। पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दिनदहाड़े लुटेरों ने लूट की घटना को दिया अंजाम

- एसपी ने खुलासे के लिए 5 टीमों का किया गठन

उन्नाव। दिनदहाड़े बेखौफ नकाबपोश लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दे दिया। लूट की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। लुटेरों ने घर में घुसकर हथियार के बल पर 45 हजार रुपए चांदी के गहने, सिक्के व नौकरानी का मोबाइल लेकर रफूचक्कर हो गए।

घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की, साथ ही एसपी उन्नाव ने भी घटना स्थल पर पहुंच निरीक्षण किया। घटना के खुलासे के लिए एसपी ने 5 टीमों का गठन किया है। आपको बता दे कि पूरा मामला उन्नाव जनपद के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोपीनाथ पुरम का है। जहां रहने वाली कुसुम श्रीवास्तव अपनी वृद्ध मां मुन्नी देवी और नौकरानी विमला के साथ घर थी। तभी तीन नकाबपोश लूटेरे घर में घुसे और तमंचा दिखाकर सभी को एक कमरे में बंद किया और अलमारी की चाबी ले ली। लुटेरों ने अलमारी में रखें 45 हजार नकद, चांदी की पायल, गहने चांदी के सिक्के लेकर फरार हो गए। बदमाश जाते समय नौकरानी का मोबाइल भी अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पहुंची पुलिस ने छानबीन की और साक्ष्य को इकट्ठा किया। सूचना मिलते ही एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। एसपी ने कहा कि लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित कर दी गई हैं। सीसीटीवी फुटेज, फिंगरप्रिंट और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से जल्द खुलासा होगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। शुक्लागंज उन्नाव शिव मानव सेवा समिति के बैनर तले हर वर्ष की भांति राजधानी मार्ग धोबिन पुलिया टेलीफोन एक्सचेंज के समीप बैसवारा सर्विस सेंटर परिसर पर काश्मीर अमरनाथ बर्फानी दर्शनार्थी के प्रति विशाल भंडारे के आह्वान पर राशन कलेक्शन गत दिनों खोला गया जिससे चारो दिशा से कार्यकताओं द्वारा राशन सामग्री एकत्रित किया गया जिससे ट्रकों से राशन सामग्री एकत्रित करने के दौरान आचार्य बबलू पंडित द्वारा सांस्कृतिक विधि विधान के साथ सर्वप्रथम गणेश जी की पूजन अर्चन करने के पश्चात काश्मीर अमरनाथ बफार्नी शंकर जी की मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया पूजन अर्चन करने के दौरान शिव मानव सेवा सीमित कार्यकताओं एवं समाजसेवियों का बहुत बड़ा जनसमूह बनकर भूखे को अन्न प्यासे को पानी बाबा बफार्नी अमरनाथ की जय जय कारे नारे लगाते हुए श्रद्धालुओं भाव विभोर होकर झूमने नाचने लगे इसी दौरान ट्रकों को राजमार्ग जुलूस के साथ नारे लगाते हुए राशन सामग्री ट्रकों में एकत्रित कर भंडारे के संदर्भ में प्रस्थान किया गया शिव मानव सेवा समिति के बैनर तले हर वर्ष की भांति कश्मीर अमरनाथ दर्शनार्थी यात्रा के दौरान 26 जून प्रथम जत्था बस द्वारा प्रस्थान करेगी। इस मौके पर बॉबी पांडे मनोज यादव रज्जन सिंह बैसवारा काकुस्थ्य पूर्व पालिका प्रतिनिधि राजेश गुप्ता गोल्डी उदय पांडे अजय तिवारी संजय सिंह राजू अविनाश बाजपेई नारायण मिश्रा राहुल सप्रू पूर्व प्रधान रामनारायण यादव विष्णु पांडे मिंटू निषाद, अनिल रश्मि लोक अंशु लक्ष्य पांडे नमो पांडे गजेंद्र वीर बिक्रम बहादुर मंगल सिंह बैसवारा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता समाजसेवियों मौजूद थे

संक्षेप

बंद पानी निकासी को अधिकारियों ने खुलवाया

बांदा। तिंदवारी कस्बे के संतोषी नगर में फतेहपुर मार्ग पर शिव मंदिर के पास भू-माफिया ने नाले पर अतिक्रमण कर उसे बंद कर दिया था जिससे मंगलवार को हुई बारिश के चलते दो दर्जन घरों में पानी घुस गया था। नाले से पानी की निकासी बंद करने को लेकर नगरवासियों ने इसकी शिकायत आलाधिकारियों से की थी। अधिकारियों के आदेश पर बुधवार को नगर पंचायत तिंदवारी के प्रभारी, ईओ, डिप्टी कलेक्टर लाल सिंह यादव, तहसीलदार सदर विकास पांडेय, नायब तहसीलदार तिंदवारी और लेखपाल की मौजूदगी में नाले का अतिक्रमण जेसीबी से साफ किया गया ताकि बरसात का पानी आसानी से निकल सके।

ऑर्थो और स्पाइन ओपीडी शुरू

बरेली। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने शहर के पांशुल फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में विशेष ऑर्थो और स्पाइन ओपीडी सेवाएं शुरू की हैं। इसका उद्घाटन हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक्स और स्पाइनल सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. वी. ए. सेंथिल कुमार ने किया।डॉ. सेंथिल हर महीने के तीसरे बुधवार को शाम 5 से 8 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस सेवा का उद्देश्य बरेली और आसपास के लोगों को उन्नत जोड़ प्रत्यारोपण व स्पाइन सर्जरी की सुविधाएं उनके शहर में ही उपलब्ध कराना है।

डॉ. सेंथिल ने बताया कि यदि समय रहते इलाज किया जाए तो जोड़ों की समस्याएं गंभीर रूप न लेकर आसानी से ठीक की जा सकती हैं।उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों से सर्जरी के बाद मरीज जल्दी ठीक होते हैं और अस्पताल में रुकने का समय भी कम होता है।मैक्स हॉस्पिटल नोएडा का ऑर्थोपेडिक विभाग नी और हिप रिप्लेसमेंट, स्पाइन व आर्थोस्कोपी सर्जरी जैसे उन्नत इलाज के लिए जाना जाता है।

अवध विवि ने उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया तेज की

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल शीघ्र घोषित करने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने मूल्यांकन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया को और तेज करने के लिए 19 जून से 150 और अधिक शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए लगाया जा रहा है।

मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

जिला संवाददाता

देवरनियां, बरेली। कोतवाली देवरनियां पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, पुलिस ने दो अन्य बदमाशों को भी घेराबंदी कर पकड़ लिया है। तीनों

- एक बदमाश के लगी गोली और एक सिपाही भी घायल
- बदमाशों के पास से नकदी समेत पांच लाख का चोरी का सामान बरामद

शातिर चोर बताए जा रहे हैं। इनके कब्जे से चोरी का सामान, तमंचा, चाकू और नकदी समेत पांच लाख का सामान बरामद हुआ है। नव नियुक्त थाना प्रभारी के एक सप्ताह के कार्यकाल में यह दूसरी बड़ी सफलता मिली है। पकड़े गए बदमाशों में एक तिहाड़ जेल भी जा चुका है।नव नियुक्त थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा बताया गया उनकी अगुवाई में? पुलिस टीम 17/18 जून की रात्रि को चेकिंग कर रही थी, कि चौकी रिछा क्षेत्र में शारदा नहर पुलिया गांव बसंतनगर को जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध बाइक सवार तीन संदिग्ध लोग दिखे तो उन्हें रुकने का इशारा किया, मगर उन्होंने रुकने के बजाए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, और भागने लगे, तो जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक बदमाश देवरनियां के गांव नवादा निवासी दानिश पुत्र जमील अहमद के पैर में गोली लग गई, मुठभेड़ में एक कांस्टेबल रोहित भी घायल हो गए हैं। पुलिस ने घायल बदमाश और कांस्टेबल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस पूछताछ में? पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम दानिश पुत्र जमील अहमद, नाजिम पुत्र इनायत हुसैन, परवेज पुत्र अब्दुल वहीद निवासीगण गांव नवादा, थाना देवरनियां बताया।पकड़े गए बदमाशों के पास से भारी मात्रा में चोरी का समान, जिसमें एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस, एक खोखा, दो नाजायज चाकू, सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार नकदी समेत करीब पांच लाख का समान बरामद किया है। बदमाशों ने थाना देवरनियां और शेरगढ़ क्षेत्र में पूर्व में हुई चोरी, नकबजनी और चोरी की घटनाओं को करना कबूल किया है। थाना प्रभारी के अनुसार पकड़े गए बदमाशों में दानिश एक मामले में तिहाड़ जेल भी जा चुका है, अभी उसका ब्यौरा नहीं मिला है, ब्योरा जुटाया जा रहा है।

रेलवे ट्रैक किनारे मिट्टी में मिला सेना का मोर्टार सेल, आर्मी और पुलिस ने कराया डिस्पोज

बरेली। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रामगंगा पुल से कुछ ही दूरी पर मंगलवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब रेलवे ट्रैक के किनारे मिट्टी डालते वक्त मजदूरों को एक मोर्टार सेल मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और सेना के बम निरोधक दस्ते ने मोर्चा संभालते हुए देर रात इसे डिफ्यूज कर दिया।सेना की जांच में पता चला कि यह मोर्टार सेल काफी पुराना और मिसफायर्ड था। माना जा रहा है कि इसे फायरिंग रेंज में अभ्यास के दौरान इस्तेमाल किया गया था और बाद में मिट्टी में दबा दिया गया होगा।20 साल पहले इसी गांव में थी सेना की फायरिंग रेंज:रेलवे लाइन के किनारे जो मिट्टी डाली जा रही थी, वह कैंट क्षेत्र के कोनी प्रतापपुर गांव से लाई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 साल पहले वहां सेना की फायरिंग रेंज हुआ करती थी। उस समय एक हादसे में कुछ लोग घायल हो गए थे, जिसके बाद रेंज को बंद कर दिया गया था।ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि मिट्टी में दबा मोर्टार सेल वहीं से ट्रक के जरिए रेलवे ट्रैक किनारे पहुंच गया।

सेना की टीम ने रात में ही किया डिफ्यूज:

मंगलवार रात करीब एक बजे मजदूरों को मिट्टी में संदिग्ध वस्तु दिखी। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। उन्होंने पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कराई। सेना की बम निरोधक यूनिट ने पुष्टि की कि यह मोर्टार शैल है, जो मिसफायर हो चुका है।बाद में उसे मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया।

रेलवे पुलिस में मचा हड़कंप:

घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ में हड़कंप मच गया, क्योंकि यह जगह रामगंगा पुल से महज कुछ मीटर की दूरी पर है, जो एक संवेदनशील जोन है।

2022 में भी मिला था हैंड ग्रेनेड:

सुभाषनगर क्षेत्र में 2022 में भी खुदाई के दौरान एक हैंड ग्रेनेड मिला था।ऐसे में यह दूसरा मौका है जब क्षेत्र में इस तरह का विस्फोटक मिला है।

रेलवे स्टेशन में बंद रहे पंखे, बच्चे और महिलाएं परेशान

बांदा। रेलवे स्टेशन में सुविधाओं का बेहद अभाव है। ग्रेड स्टेशन होने के बावजूद बुधवार को भारी उमस के चलते पंखे न चलने से यात्रियों, छोटे बच्चों और महिलाओं को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय कानपुर से चित्रकूट जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के इंतजार में बैठी महिलाएं और छोटे बच्चे गर्मी से दो-चार होते रहे। इंटरसिटी एक्सप्रेस निर्धारित समय 2:05 की जगह यहां 45 मिनट देरी से पहुंची, पंखे न चलने को लेकर यात्रियों ने पूंछताछ काउंटर पर जानकारी दी। काउंटर से एनाउंस कर पंखे चालू करने के लिए ड्यूटी में तैनात कर्मी को कहा गया लेकिन इसके बावजूद कोई टेक्नीशियन पंखा ठीक करने नही पहुंचा। जबकि इसके लिए लगातार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। यात्रियों ने कहा कि बांदा रेलवे स्टेशन को ह्यएह्व ग्रेड का दर्जा तो दिया गया है लेकिन रेलवे की ओर से लोगों को सुविधाओं के नाम पर परेशान होना पड़ रहा है। यात्रियों ने यात्री सुविधाएं मुहैया कराने के लिए मंडल रेल प्रबंधक से कार्रवाई की मांग की है।

होटलों और ढाबों पर बाल श्रमिकों को रेस्क्यू कर छापेमार कार्यवाही करें: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि जिले के श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें और समय-समय पर श्रमिकों के पंजीयन के लिए कैम्पों का आयोजन भी कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की बाल श्रमिकों को रेस्क्यू करने के लिए ढाबों पर छापा मारा कार्यवाही करें और जो भी बाल श्रमिक पाया जाए उनका पुनर्वासन सुनिश्चित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही भी अमल में लाएं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर बीती शाम कलेक्ट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला श्रम बंधु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रम अधीन नियमों का प्रभावी परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर नियोजकों से संपर्क करें और श्रमिकों को उपलब्ध कराए जाने वाले आर्थिक लाभों से शत प्रतिशत रूप से लाभान्वित करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रमिकों को पूर्ण मानक के अनुसार लाभान्वित करने के लिए शासन द्वारा संचालित उनके हितार्थ एवं कल्याणार्थ जो योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित कराए जा रहे हैं उनका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले में लाभान्वित होने वाले श्रमिकों तथा बाल श्रमिकों को पुनर्वासन का लाभ उपलब्ध कराया गया है, की जानकारी का प्रेस नोट के माध्यम से उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि नियोजकों एवं श्रमिकों के बीच मधुर संबंध बनाए रखना तथा श्रमिकों का किसी भी स्तर पर शोषण ना होना सुनिश्चित रखने के लिए व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं औद्योगिक स्थान में भी निरीक्षण की कार्यवाही करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पंजीकृत श्रमिकों की सूची का लगातार गहनता के साथ निरीक्षण करते रहें और जो श्रमिक भी अपात्र पाया जाए तत्काल उसका नाम सूची से हटाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त कृष्ण कुमार गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 के0के राहुल, पुलिस, उद्योग, बाल कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं नियोजक तथा श्रम बंधु समिति के सदस्य मौजूद थे।

जिले के 16 मंडलों में योग दिवस मनाया जायेगा

बांदा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर भाजपा के प्रत्येक मंडल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को हुई बैठक में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने इन कार्यक्रमों के संयोजक व मॉनिटरिंग टीम की जिम्मेदारियां तय कीं। उन्होने बताया कि 19 से 20 जून तक जिले के सभी मंडलों में योग दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे और 21 जून को सभी 16 मंडलों में योग दिवस एक साथ मनाया जाएगा।इसके लिए मंडलों में संयोजकों व सह संयोजकों की नियुक्ति कर दी गयी है।यह योग दिवस के सफल संचालन के लिए उत्तरदायी होंगे। उन्होने बताया कि 23 जून को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गोष्ठियां आयोजित होंगी। इनमें प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता वक्ता के रूप में भाग लेंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला, अखिलेश श्रीवास्तव, लवलेश सिंह, अशोक त्रिपाठी जीतू, जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, विवेकानंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र त्रिपाठी, प्रेमनारायण द्विवेदी, ममता त्रिपाठी, मनोज पुरवार, जागृति वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, पंकज रैकवार, दिलीप तिवारी, निखिल सक्सेना, संतू गुप्ता, मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

जेएनयू काउंसलर जीत पर कृष्णकांत का स्वागत

बांदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्र कृष्णकांत द्विवेदी के जेएनयू काउंसलर पद की ऐतिहासिक जीत के बाद बांदा आगमन पर अटल सरोवर पार्क नवाब टैंक में कार्यकताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्हे माल्यार्पण कर ध्येय यात्रा पुस्तक भेंट की गयी। इसके पश्चात कृष्णकांत द्विवेदी के साथ अभाविप कार्यकताओं की बैठक हुई। उन्होने बताया कि एबीवीपी जैसे राष्ट्रवादी छात्र संगठन ने जेएनयू दिल्ली से जुड़कर जो जीत हासिल की है उसमें संगठन, गुरूजनों एवं परिजनों का सहयोग रहा। कहा कि चुनाव के दौरान छात्र-छात्राओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर और अपने विचारों को रखकर सबके सहयोग से ऐतिहासिक जीत हासिल की है। नगर अध्यक्ष नवीन पांडेय ने कहा कि जिस तरह से कृष्णकांत ने दिल्ली में बांदा का नाम रोशन कर संगठन का परचम लहराया है इसी प्रकार कार्यकर्ता जिले की सभी नगर इकाई एवं कालेज इकाई में संगठन राष्ट्रवाद का ध्येय लेकर उनका चहुमुखी विकास किया जाएगा। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री दिव्यांशु मिश्रा, नितीश कुमार निगम, जिला संयोजक गोविन्द तिवारी, स्वतंत्र साहू, सुभाष त्रिपाठी, आशीष पांडेय, श्लोक द्विवेदी, रामेन्द्र शर्मा, विकास सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभियंता की पिटाई के विरोध में इंजीनियरों का प्रदर्शन

बांदा। आजमगढ़ में अधिशाषी अभियंता के साथ डीएम की मारपीट को लेकर बुधवार को घटना के विरोध में केन नहर प्रखण्ड कार्यालय में इंजीनियर एसोसिएशन ने धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने डीएम के विरूद्ध कई मांगें रखीं। अभियंताओं ने कहा कि डीएम को अखिल भारतीय सेवा से बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज हो। इसके अलावा उनके पिछले कार्यकाल की जांच कराई जाए। एसोसिएशन का कहना है कि प्रदेश में जिलाधिकारियों द्वारा अभियंताओं का उत्पीड़न बढ़ रहा है इससे अभियंताओं के पद की वेतना को आघात पहुंच रहा है। एसोसिएशन ने मांग की है कि अभियंताओं को केवल शासन की निर्धारित बैठकों में बुलाया जाए और बैठकों की वीडियोग्राफी भी की जाए। एसोसिएशन ने कहा कि प्रदेश के अभियंता पूरी निष्ठा से विकास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं और वह लोगों को जनहित के कार्यों का लाभ दे रहे हैं। घटना से प्रदेश के अभियंताओं में जबरदस्त आक्रोश है। इंजीनियर एसोसिएशन का कहना है कि जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार द्वितीय ने 13 जून को अधिशाषी अभियंता अरूण सजदेव को अपने आवास पर बुलाया और वहां उन्होने अभियंता के साथ गाली-गलौज करने के साथ डंडे से मारपीट की।

बजरंग इंटर कॉलेज में चल रहा योगाभ्यास

बांदा। शहर के आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में 17 जून से छात्रों का योग शिविर चल रहा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों, सरकारी संस्थानों में भी योग दिवस का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। आदर्श बजरंग इंटर कालेज में योग प्रशिक्षक बिन्दु कुमार सिंह गौतम, एनसीसी कैडेट, छात्रों और शिक्षकों को प्रतिदिन योगाभ्यास करा रहे हैं। योगाभ्यास के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडेय, पूर्व चीफ ऑफिसर मंगल प्रसाद, लेफ्टिनेंट रामप्रसाद, केयरटेकर कमलेश कुमार, व्यायाम शिक्षक रमेश कुमार और प्रवक्ता देशराज सिंह के अलावा लगभग एक सैकड़ा एनसीसी कैडेट तथा छात्र मौजूद रहे। बताते चलें कि योग सप्ताह के चलते इंटर कालेजों, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों, नगर पालिका की ओर से शहर के अवस्थी पार्क, पुलिस लाइन तथा सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में भी योगाभ्यास किया जा रहा है।

जेब्रा क्रॉसिंग की मांग को लेकर वरिष्ठ नागरिक समिति ने बैठक आयेजित की

बिजनौर। नागरिक जन कल्याण सेवार्थ समिति बिजनौर की जैन धर्मशाला में आयोजित बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि बुजुर्गों के सड़कों पर आने-जाने की सुविधा हेतु जेबरा क्रॉसिंग बनवाए जाने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाना चाहिए जिसका सभी वरिष्ठ जनों ने समर्थन किया। जैन धर्मशाला में डॉ0 आर0के अग्रवाल की अध्यक्षता एवं जी एस खन्ना के संचालन में आयोजित बैठक में समिति के अध्यक्ष इंजीनियर मांगू लाल भारद्वाज ने समिति के उद्देश्यों एवं नए सदस्यों के बढ़ाए जाने पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में शांति दुबे, करुणा गर्ग एवं सुधा द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई एवं ईश्वर का सच्चा भक्त बोध को पढ़कर सुनाया गया। बैठक में उपस्थित सुरेंद्र प्रकाश भटनागर आदि ने निकटतम तीर्थ स्थलों विदुरकुटी, शुक्रताल, सिद्धबली कोटद्वार, हस्तिनापुर एवं हरिद्वार में एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा जिसके लिए सभी ने सहमति प्रकट की। सुरेंद्र प्रकाश भटनागर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति द्वारा आयोजित बैठक में सभागार का किराया एवं जलपान की व्यवस्था समिति द्वारा की जानी चाहिए। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने समिति सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद हम सबको फलीभूत करता है। इसलिए हमेशा बुजुर्गों की सेवा एवं सम्मान करना इंसान का परम कर्तव्य है। डॉ अंगिरस ने कहा कि हमें अपने पैसे का सदुपयोग गरीबों एवं पीड़ितों की सेवा करने में लगाकर पुण्य लाभलेना चाहिए। उन्होंने बच्चों को संस्कारित शिक्षा से लाभान्वित करने पर जोर दिया।

वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा को भारी भीड़ ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

जिला संवाददाता

नगीना, बिजनौर। अचानक तबीयत बिगडने से वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। पत्रकार अनुज शर्मा के निधन की खबर मिलते ही पत्रकारों एंव उनके शुभ चिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकारों, समाजसेवी, राजनैतिक लोगों ने उनके पैतृक निवास पर पहुंचकर अंतिम दर्शन किये। बुधवार को पत्रकार अनुज शर्मा के शव का नगीना कोतवाली मार्ग स्थित शमशान घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। नगीना के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा (63 वर्ष) की मंगलवार की सुबह अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन उन्हें नगीना, बिजनौर व नजीबाबाद के चिकित्सकों के पास उपचार के लिए ले गये। उपचार के दौरान दोपहर लगभग 3 बजे अचानक उनका आकस्मिक निधन हो गया।

पत्रकार अनुज शर्मा के निधन की खबर सुनते ही पत्रकारों एंव उनके शुभ चिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकारों, समाजसेवी, राजनैतिक लोगों ने उनके पैतृक निवास पर पहुंचकर अंतिम दर्शन किये। अनुज शर्मा ने अपने पत्रकारिता जीवन की शुरूआत 1990 में की थी और 35 वर्षो के पत्रकारिता के जीवन में अनुज शर्मा ने दैनिक जागरण, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, पंजाब केसरी जैसे बड़े समाचार पत्रों काम किया तथा वर्तमान में वह पंजाब केसरी अखबार के नगीना तहसील प्रभारी के रुप में कार्य कर रहे थे। बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे पत्रकार अनुज शर्मा के शव का नगीना कोतवाली मार्ग स्थित श्मशान घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम शव यात्रा में पत्रकार डॉ मुअज्जम रियाजी, मनीष राणा, गौरव गोयल, शहजाद अंसारी, डॉ शेख नगीनवी, यासीन सोनी, शेख मुनीर आलम, शेख जमशेद, अनवर महमूद, यासिर शमशी, आफताब अंसारी, डॉ0 रतेंद्र विश्नोई, मनोज वाल्मीकि, धर्मेंद्र चैधरी, अफसार सिद्दीकी, मुकेश त्यागी, नन्द किशोर सैनी, विकास अग्रवाल, राशिद उस्मानी, चै0 दिग्विजय सिंह, सौरभ मित्तल, साहू कपिल अग्रावल, विक्की जैन, कय्यूम राईन, कुंवर हर्षवर्धन, शहराज खलील, आलोक चैधरी, अनूप वाल्मीकि, प्रमोद चैहान, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, विक्की बाबा, अजीत अग्रवाल, पंडित सचिन शर्मा, डा0 मनोज शर्मा, विकास शर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सरयू नदी में एक बालक की डूबने से मौत, एक किशोर गायब

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में सरयू स्नान के दौरान अंबेडकरनगर निवासी बालक की मौत हो गई,जबकि डूबकर लापता प्रयागराज निवासी एक किशोर की तलाश जारी है। पड़ोसी जनपद अंबेडकरनगर के भीटी थाना क्षेत्र स्थित रायगंज निवासी विपिन कुमार अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मंगलवार को अयोध्या दर्शन-पूजन को आए थे। मध्य रात्रि के बाद वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ नयाघाट क्षेत्र स्थित घाट पर सरयू स्नान के लिए गए थे। इसी दौरान लगभग दो बजे स्नान के दौरान बच्चे अर्पित गुप्ता (10) वर्ष डूबने लगा और उसने पानी पी लिया। मामले की जानकारी पर विपिन ने अपने बेटे को बाहर निकाला और इलाज के लिए श्रीराम अस्पताल पहुंचाया तो बालक की हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिवार बालक को लेकर सुबह 3:10 बजे जिला अस्पताल पहुंचा तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के मेमो पर नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उधर बुधवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे अयोध्या कोतवाली के ही लक्ष्मण घाट पर स्नान के दौरान एक किशोर अर्पित पटेल गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। जानकारी पर जल पुलिस के जवानों ने स्थानीय गोतलहोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया है लेकिन खबर लिखे जाने तक लापता किशोर का अभी कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

बताया गया कि हादसे का शिकार अर्पित पटेल (15) पुत्र ज्ञान बहादुर निवासी चांदपुर सराय बनी का पुरवा थाना चांदपुर प्रयागराज अपने पिता तथा चाचा के लड़के के साथ अयोध्या आया था। स्नान के दौरान वह और उसके चाचा का लड़का डूबने लगा था , चाचा के लड़के को तो बचा लिया गया लेकिन अर्पित सरयू में लापता हो गया।

दवाई लेने जाते समय गाड़ी में अचानक लगी आग, मां बेटे ने कूदकर बचाई जान

बिजनौर। मां को दवाई के लिए ले जाने के दौरान गाड़ी में अचानक आग लग गई। मां बेटे ने बामुश्किल कार से कुदकर अपनी जान बचाई। सुचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार थाना मंडावर क्षेत्र के गांव चाहडवाला निवासी भीम पुत्र श्रषिपाल बुधवार की सुबह अपनी मां अमलेश देवी को अपनी कार वैगनआर से बिजनौर दवाई दिलवाने के लिए जा रहा था। भीम की गाड़ी जैसे ही औरंगाबाद शकूरपुर गांव के आगे पहुंची तो अचानक गाड़ी में रखें गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली और गाड़ी धू-धू कर जलने लगी। मां बेटे ने बामुश्किल गाड़ी की खिड़की खोलते हुए कुदकर अपनी जान बचाई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्नि शमन के अधिकारियों को सूचना दी जिसके बाद अग्नि शमन की गाड़ी ने मौके पर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि मां बेटे दोनो सुरक्षित बच गये और एक बडा हादसा होने से बच गया।

फरीदपुर पुलिस ने दबोचा बाइक चोर गिरोह, 6 बाइक बरामद

फरीदपुर, बरेली। देहात की फरीदपुर पुलिस ने बुधवार को एक शातिर बाइक चोर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 6 बाइक बरामद की गई हैं, जिनके इंजन और चेचिस नंबर मिटा दिए गए थे। गैंग चोरी की बाइक को फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेच देता था। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रेशमबाग अंडरपास के पास कुछ युवक चोरी की बाइकों के साथ खड़े हैं। मौके पर पहुंची टीम ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

पकडे गए आरोपी फरीदपुर के मोहल्ला भूरे खां गौटिया निवासी सुहैल पुत्र वली उल्ला, इमरान पुत्र अशरफ और बदायूं के बिनावर नई बस्ती निवासी अयान पुत्र आले हसन को गिरफ्तार किया है। तीनों की उम्र 20 से 22 साल के बीच है। पुलिस के मुताबिक अयान पेशे से बाइक मैकेनिक है। वह चोरी की बाइकों के इंजन नंबर घिसकर नकली नंबर उकेरता था और फिर उन्हें बेचने में मदद करता था। बाकी दोनों साथी बाइक चोरी में उसका साथ देते थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ फरीदपुर और फतेहगंज पूर्वी थानों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब इनके पुराने मामलों की भी पड़ताल कर रही है।

केंद्रीय सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अनुरूप बीमा क्षेत्र के पेंशनर्स को सुविधा दें: श्याम माथुर

बरेली। जनरल इंश्योरेंस पेंशनर एसोसिएशन नॉर्दर्न जोन के महासचिव श्याम माथुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने सन-1995 में पेंशन योजना लागू की। लेकिन आज तक पेंशन अपडेशन की सुविधा जो कि केंद्रीय कर्मचारियों, आरबीआई, राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपलब्ध है केंद्रीय कर्मचारियों की पेंशन योजना के अनुरूप पेंशन योजना होने के उपरांत भी सार्वजनिक बीमा कंपनी में लागू नहीं किया गया। माथुर बुधवार को यहां एसोसिएशन के कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। इस दौरान आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की।उन्होंने कहा कि फैमिली पेंशनर की भी आजतक बैंक, एलआईसी और केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर 30% पेंशन सुविधा लम्बित हैं जिससे इन फैमिली पेंशनर की स्थिति बहुत चिंताजनक है। माथुर ने कहा कि कि एक ओर केन्द्रीय सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए विविध योजनाएं बनाई जा रही हैं परन्तु हमारे संस्थान में महिलाओं को आर्थिक रूप से सश्रम बनाने पर ध्यान नहीं दे रही हैं जबकि बीमा कंपनियों ने लिखित रूप से सरकार को आश्वासन किया है कि इसके क्रियान्वयन में सरकार से किसी प्रकार के आर्थिक सहयोग की आवश्यकता भी नहीं है और कंपनियां अपने उपलब्ध साधनों से उसका प्रबंध किया जाएगा।माथुर ने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों को 80 वर्ष की आयु के बाद बढ़ाई जाने वाली पेंशन योजनाऐं का लाभ नहीं दिया जा रहा है।मेडिक्लेम प्रीमियम जो सेवानिवृत व्यक्ति स्वयं वहन कर रहा है उस पर भी सरकार द्वारा 18% जीएसटी वसूला जा रहा है जिसे भी समाप्त करने की मांग की गई है।सरकार से मांग की गई कि साधारण बीमा कंपनियों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निवारण करें जिससे इन वरिष्ठ नागरिकों को धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर नहीं किया जाएं।इस अवसर पर एसोसिएशन संगठन सचिव रजनीश पाण्डेय, अनिल कांत सक्सेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

युद्ध के नुकसान

भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और इस कारण यहां ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है। देश में जीवाश्म ईंधन के स्रोत बहुत सीमित हैं और इसलिए भारत को अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का 85 प्रतिशत तक आयात करना पड़ता है। इस कारण देश का पेट्रोलियम आयत बिल पहले से ही बहुत अधिक है। जब दुनिया में तनाव होता है, युद्ध या युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो तेजी से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ जाती हैं। इससे भारत की अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित होती है। भारत ईरान से भी कच्चा तेल और गैस आयात करता है। दुनिया के जिन देशों में तेल और गैस की आपूर्ति की जाती है, करीब 20 फीसदी आपूर्ति ईरान ही करता है। यदि कच्चे तेल की कीमत 1 डॉलर प्रति बैरल बढ़ती है, तो भारत का आयात बिल 14,000 करोड़ रुपये बढ़ जाता है। इजरायल-ईरान युद्ध भड़कने से तेल की कीमतें करीब 7 फीसदी बढ़ चुकी हैं। निवेशक और तेल कंपनियां चिंतित हैं कि यह युद्ध कब तक चलेगा? समग्र तौर पर देखें, तो बीते कुछ सप्ताह के दौरान कच्चा तेल औसतन 10 डॉलर महंगा हुआ है। इसमें अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति का भी योगदान है। अमरीका अपने व्यापारिक साझेदारों को भी नहीं छोड़ता। बहरहाल तेल महंगा होता जाता है, तो कमोबेश भारत की जीडीपी पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अभी जो मुद्रास्फीति नियंत्रण में लग रही है, वह भी निश्चित रूप से बढ़ेगी। रुपया और भी कमजोर होगा। योजनाओं के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। लिहाजा युद्ध किसी भी देश के लिए फायदेमंद स्थिति नहीं है।

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध लंबे समय तक चला तो इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को भी बहुत नुकसान होगा।

ईरान और ओमान के बीच एक संकरा-सा जलमार्ग है-होर्मुज जलडमरूमध्य। भारत करीब दो-तिहाई कच्चा तेल और करीब 50 फीसदी प्राकृतिक गैस इसी रास्ते से आयात करता है। लिहाजा यहां कोई भी व्यवधान तेल की कीमतों, शिपिंग लागत और बीमा खर्च बढ़ने का कारण बनेगा। भारत का पश्चिमी देशों को करीब 30 फीसदी निर्यात इसी रास्ते से किया जाता है। भारत का ईरान के साथ कारोबार 14,246 करोड़ रुपये और इजरायल के साथ 27,608 करोड़ का है। 2024-25 में भारत ने ईरान को 1.24 अरब डॉलर का माल निर्यात किया था। इजरायल को 2.15 अरब डॉलर का निर्यात और 1.61 अरब डॉलर का आयात किया। ईरान इस जलमार्ग को बंद करने की धमकी पहले भी दे चुका है और अब तो युद्ध के हालात हैं। होर्मुज से ही दुनिया के तेल-परिवहन का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ईरान 33 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का उत्पादन करता है। एक फ्रेंच बैंक के मुताबिक, ईरान का तेल-निर्यात गिर कर 16 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया है। उसकी उत्पादन क्षमता से बिल्कुल आधा उसका निर्यात हो गया है। यदि बाजार से यह सप्लाई भी हटा ली जाये अथवा युद्ध के कारण ऐसा करना पड़े, तो ओपेक अपने उत्पादन में कोई कटौती किए बिना ही 22 लाख बैरल रोजाना की क्षतिपूर्ति कर सकता है। मौजूदा हालात में विशेषज्ञों का आकलन हैं कि तेल की कीमतें 100 डॉलर तक पहुंच सकती हैं। यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपनी हालिया अध्ययन में खुलासा किया है कि वैश्विक तेल की मांग घट सकती है, क्योंकि युद्ध के तनाव देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक असर डालेंगे। बहरहाल बुनियादी चिंताएं और सरोकार तेल के दाम बढ़ने और व्यस्त व्यापारिक मार्ग बंद होने को लेकर है। अमरीकी निवेशक संस्थानों का आकलन है कि इस रास्ते को बंद किया गया, तो भी तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल तक उछल सकती हैं। इन कीमतों का स्थानीय पेट्रोल पंपों पर कितना असर पड़ेगा, यह सरकार के फैसले पर है, क्योंकि कच्चा तेल सस्ता हुआ था, तो भी ग्राहकों को रियायत नहीं दी गई थी। आज भी पेट्रोल-डीजल के दाम 90-100 रुपये के करीब हैं। बहरहाल ईरान और इजरायल दोनों देशों के साथ भारत के महत्वपूर्ण संबंध हैं। ऐसे में दोनों देश अगर लंबे समय तक युद्ध में उलझते हैं, तो इससे भारत को बड़ा नुकसान होगा। आर्थिक भी और कूटनीतिक भी। क्योंकि भारत के हित ईरान में भी हैं, इजरायल भरोसेमंद सहयोगी है और पूरे मध्य पूर्व में लाखों भारतीय कामगार हैं जो युद्ध और तनाव से प्रभावित होते हैं।

विचार

तुच्छ विचार वालों की संगति से मनुष्य की बुद्धि तुच्छ हो जाती है। समान श्रेणी के लोगों से ज्यों की त्यों बनी रहती है और उच्च विचार वालों की संगति से उत्कर्ष प्राप्त करती है।

–महाभारत.

जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं, तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान तक नहीं देता।

–स्वामी विवेकानन्द.

अधिक जनसंख्या होने से या दूसरे देशों को हड़पकर कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता।

–रस्किन.

युवा अवस्था आवेशमय होती है। यदि वह क्रोध से आग हो जाती है, तो करुणा से पानी भी हो जाती है।

–प्रेमचंद.

जो विवेकी, विरक्त, शमी, दयी और मुमुक्षु हो, उसी में ब्रह्म विचार की योग्यता मानी जाती है।

–शंकराचार्य.

आतंकवाद के खिलाफ भारत की मुहिम

मनोज वार्ष्णेय

इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की पांच दिवसीय यात्रा पर थे। वह पहले साइप्रस की राजधानी, निकोसिया पहुंचे वहां पर उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ शांति की बात को प्राथमिकता दी। इसके बाद जब वह कनाडा में जी-7 की समिट में पहुंचे तो इजरायल-ईरान जंग लड़ाई गंभीर स्थिति में पहुंच चुकी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीच समिट से यह कहकर वापस अमेरिका चले गये कि कुछ बहुत ही खास होने जा रहा है। जाहिर है संकेत साफ है कि ईरान पर इजरायल के हमले के साथ अब अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देश भी शामिल होकर उसे मटियामेट करने की सारी योजना बना चुके हैं। बहरहाल बुधवार को जब ईरान पर पहले से कई गुना ज्यादा गंभीर हमले की आशंका है, उस दौरान प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर क्रोएशिया पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की पूर्व की यात्राओं को देखें तो उनकी हर यात्रा में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने और शांति-व्यापार-विकास को समर्थन की बात होती है। जी-7 समिट जैसा प्लेटफार्म भी मानवता को सपोर्ट करता है और यहां पर विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों ने भी आतंक को खत्म करके शांति की बात कह नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ शांति की जंग को समर्थन दिया है।

प्रधानमंत्री की यह यात्रा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर जैसी तीक्ष्ण कार्रवाई के बाद पहली विदेश यात्रा भले ही हो पर इस यात्रा का जो पैगाम विश्व के सामने जा रहा है, वह यह है कि मोदी की यात्राएं इंसानियत का पैगाम लेकर हो रही हैं। वह हर हाल में देश-दुनिया से आतंकवाद को मिटाने के लिए संकल्पित हैं। जी-समिट और साइप्रस में उन्होंने जिस प्रकार से आतंकवाद को नकारने के लिए शांति को प्राथमिकता दी वह साफ करता है कि भारत भी परमाणु हथियारों की होड़ से दूर है। निकोसिया में उन्होंने दुनिया को बताया कि भारत और यहां की सरकार पाकिस्तान और उसके जैसे देश जो दूसरे देशों की संप्रभुता पर हमला करते हैं, अवैध रूप से उसका हिस्सा अपने कब्जे में रखते हैं, उनके खिलाफ है। यह बात सर्वविदित है कि साइप्रस की काफी जमीन पर तुर्किए का अवैध कब्जा है और वह जब तब उसे धौंस दिखाता रहता है। यह उसी तरह की हरकत है जैसी हरकत पाकिस्तान भारत के साथ करता है। प्रधानमंत्री मोदी की इस पांच दिवसीय यात्रा को तीन नजरिए से देखना होगा, ऐसा करने से स्पष्ट होता है कि प्रधानमंत्री मोदी जहां भी जा रहे हैं,

वहां पर उनका एजेंडा बहुत साफ है। एक यह कि भारत किसी भी हद तक आतंकवाद के खिलाफ है और हर उस देश के साथ है, जो आतंकवाद से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दूसरा नजरिया यह है कि भारत अब विकासशील राष्ट्रों की श्रेणी से ऊपर उठकर विकसित राष्ट्रों के समकक्ष पहुंचने की स्थिति में है। तीसरा नजरिया इस यात्रा से साफ नजर आता है कि पाकिस्तान हर कहीं मदद की भीख मांग रहा है और जहां पर भी लड़ाई-झगड़े की बात होती है, वहीं पर उसके रहनुमा, खासकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, बिलावल भुट्टो तथा आसीम मुनीर मदद के लिए धन की मांग करते हैं, साथ ही धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए उन्मादियों को प्रोत्साहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इसके विपरीत भारत के प्रधानमंत्री आतंकवाद को मिटाने के लिए सहयोग का संदेश देते नजर आते हैं।

जी-7 समिट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद कहा है कि यह यात्रा उन देशों को धन्यवाद देने तथा आभार प्रकट करने का अवसर है, जिन्होंने आतंकवाद से निपटने में हमारी लड़ाई का समर्थन किया। मोदी की यह यात्रा इस मायने में भी थोड़ी अलग है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद 59 सांसदों के दलों ने 32 देशों की यात्रा कर दुनिया के सामने पाकिस्तान का धार्मिक उन्मादी तथा आतंकवादी चेहरा बेनकाब किया था। जब यह दल भारत लौट आया तो खुद उन दलों में शामिल नेताओं से बात करके उन्होंने विदेशी राजनीतिज्ञों का फीडबैक लिया। इस फीडबैक से भी मोदी की यात्रा में काफी रणनीतिक-कूटनीतिक लाभ की राह खुल सकती है। जब इजराइल और ईरान में जंग छिड़ी है और दोनों देश अपनी पूरी ताकत से दूसरे देश को बरवाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान को समर्थन देने के अतिरिक्त कहा है कि मुस्लिम वर्ल्ड इजरायल के खिलाफ एकजुट हो जाए। जब दो देशों में जंग हो रही हो और दूसरे देश उसे रोकने के लिए प्रयास कर रहे हों, तब मुस्लिम वर्ल्ड का एकजुट होना, कहना क्या पाकिस्तान की आतंकवादी मानसिकता नहीं है? क्या वह दुनिया को दो संप्रदाय में बांटकर खुद का भला कराने की नहीं सोच रहा है? दूसरी तरफ जी-समिट को अधूरा छोड़कर ट्रंप भले ही चले गए हों, लेकिन वह भी आतंकवाद को पनाह देने वाले, परमाणु आतंक की धमकी देने वालों को सबक देना चाहते हैं। यही नहीं वह परमाणु हमले से दूसरे राष्ट्रों को सुरक्षित रखने के लिए हर स्तर पर जाने को तैयार हैं। जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था, तो पाकिस्तान ने भी परमाणु बम की बात कर परमाणु आतंकवाद को फैलाया था।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा न केवल वैश्विक संबंधों को और मजबूत तथा पारदर्शी बनाएगी बल्कि इंसानियत का पैगाम भी देगी। अभी रूस-यूक्रेन तथा इजरायल-ईरान एक दूसरे पर कब्जे के लिए लड़ रहे हैं और बांग्लादेश में जबरदस्त अशांति है। पाकिस्तान की हालत तो इतनी खराब है कि वहां के नेता जब भी किसी दूसरे देश में जाते हैं, तो सिर्फ दुत्कार के अतिरिक्त कोई मदद नहीं मिल पा रही है। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसीम मुनीर को अमेरिका में जिस प्रकार से विरोध का सामना करना पड़ा वह भी उसकी कूटनीतिक हार और बेइज्जती का एक हिस्सा माना जा सकता है। खुद पाकिस्तान अभी भी इसी से सहमा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित कहा है न कि समाप्त। ऐसी स्थिति में वह दूसरे देशों को समर्थन देने की बात करके यह बताना चाहता है कि उसकी स्थिति दूसरों की मदद करने के लिए बेहतर है। प्रधानमंत्री मोदी के बयान और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहवाज शरीफ के बयानों से भी स्पष्ट हो रहा है कि वह किस तरह का संदेश दे रहे हैं। जब इजरायल और ईरान में हमला आरंभ हुआ तो भारत ने स्पष्ट तौरपर दोनों से शांति की बात कही, यह भी कहा कि दोनों ही उसके मित्र हैं। इसके विपरीत पाकिस्तान ने अशांति फैलाने के लिए मुस्लिम वर्ल्ड एक होने की बात कही। यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान पहले भारत के पहलगाम में अपने आतंकवादियों के सहयोग से सांप्रदायिकता फैलाने का प्रयास कर चुका है। सभी जानते हैं कि पहलगाम में धर्म पूछकर की गई हत्याओं का मतलब क्या था? प्रधानमंत्री मोदी की पूर्व की यात्राओं को देखें तो उनकी हर यात्रा में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने और शांति-व्यापार-विकास को समर्थन की बात होती है। खास बात यह है कि वह अब तक ऐसे दर्जनों देशों की यात्रा कर चुके हैं और जहां पर भारत की नुमाइंदगी करते प्रधानमंत्री पहले दशकों से नहीं गए थे, वहां भी जा रहे हैं। क्या यह मानवता और शांति के लिए दुनिया को मनाने का प्रयास नहीं माना जाना चाहिए? जी-समिट जैसा प्लेटफार्म भी मानवता को सपोर्ट करता है और यहां पर हुई विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों ने भी आतंकवाद को खत्म करके शांति की बात कह नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ शांति की जंग को समर्थन ही दिया है।

सोशल मीडिया

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रैकोमा मुक्त घोषित किया है, यह मील का पत्थर है सार्वजनिक स्वास्थ्य में और भारत की स्वास्थ्य सेवा और नागरिकों के लिए गर्व का क्षण है। जेपी नड्डा.

कांग्रेस और सपा अब आईसीयू में हैं, जनता जल्द ही इन्हें 2047 विकसित भारत बनने तक के लिए वेंटिलेटर पर पहुंचा देगी। इनके जहरीले बयानों का यही इलाज है। केशव प्र. मौर्य.

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि, उनका अदम्य साहस, वीरता, बलिदान हमे हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। राहुल गांधी.

जीवन का परम लक्ष्य

अंतर्दृष्टि

अध्यात्म साधन, मानव जीवन का परम लक्ष्य अपने दृष्टिकोण खण्ड खण्डता, विभिन्नता, संकीर्णता से हटाकर सर्वत्र उस विश्वात्मा, परमात्मा की विराट सत्ता का दर्शन और उसकी अनुभूति प्राप्त करना मनुष्य के लिए यही सत्य और सनातन राजमार्ग है। अब जाति, गुण, कर्म, स्वभाव संस्कार आदि समाप्त हो जाते हैं। मानव मात्र में आत्मदृष्टि से देखने पर सर्वत्र उस विश्वात्मा की प्रतिष्ठापना के दर्शन होते हैं। इतना ही नहीं प्राणी मात्र वृक्ष, वनस्पतियां, जड़, चैतन्य में उसी परम शक्ति का क्रिया कलाप दिखाई देता है और तभी निर्वाचनीय आनन्द की प्राप्ति होती है। जिस क्षण उस विश्वात्मा की अनुभूति प्राप्त होगी उसी क्षण समस्त पाप, ताप, अभ्यास जनित संस्कार आचरणों का अंत हो जायेगा और अमृत यद्धि भाति अमृत रूप में जो सब में प्रकाशित है उसी अमृत में आत्मा का प्रवेश होगा। फिर सर्वत्र अनन्त आनन्द रूपी अमृत के ही दर्शन होंगे। हमारी आत्मा में भूमा स्थिति दिव्य प्रकाश मुखिरत हो उठेगा।

साधना का तात्पर्य ही है साथ लेना, सधा लेना, पशु प्रशिक्षक यही करते रहते हैं। अनगढ़ और उच्छृंखल प्राणी को उपयोगी समझा जा सके। उसके बढ़े हुए स्तर का मूल्यांकन हो सके। पालने वाला अपने को लाभान्वित हुआ देख सके। सिखाने वाला भी अपने प्रयास की सार्थकता देखते हुए प्रसन्न हो सके। समझा यह जाता है कि भक्त भगवान को साधता है। उसको मूर्ख समझते हुए उसकी गलतियां निकालता रहता है। तरह-तरह के उलाहने देता है। साथ ही गिड़गिड़ाकर नाक रगड़कर, खींसे निपोर कर अपना उचित अनुचित उल्लू सीधा करने के लिए जाल जंजाल बुनता है। प्रशंसा के पुल बांधता है। छिटपुट भेंट चढ़ाकर उसे फुसलाने का प्रयत्न करता है। समझा जाता है कि सामान्य लोगों से व्यवहारिक जगत में अदान-प्रदान के आधार पर ही लेन-देन चलता है पर ईश्वर या देवता ऐसे हैं जिन्हें वाणी की वाचालता तथा शारीरिक मानसिक उचक-मचक करने भर से वशवर्ती किया जा सकता है। यह दार्शनिक भूल मनुष्य को प्रकारान्तर से प्रच्छन्न नास्तिक बना देती है। एक नास्तिक वह है जो प्रत्यक्षवाद के आधार पर ईश्वर की सत्ता स्पष्ट दृष्टिगोचर न होने से उसकी सत्ता से इनकार करते हैं। दूसरे प्रच्छन्न नास्तिक वे हैं जो उससे पक्षपात की, मुफ्त में लंबी चौड़ी मनोकामनाओं की पूर्ति चाहते रहते हैं। मनुष्य विधि व्यवस्थाओं को तोड़ता छोड़ता रहता है। पर ईश्वर के लिए यह संभव नहीं है कि अपनी बनाई कर्म फल व्यवस्था का स्वयं उल्लंघन करे या दूसरों को ऐसा करने के लिए उत्साहित करे तथाकथित भक्त लोग ऐसी ही आशाएं किया करते हैं। अंततः उन्हें निराश होना पड़ता है।

हर जगह आयेगा समाजवाद

व्यंग्यलोक

सरकारों ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। इसमें कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। समाजवाद का अर्थ अब अमीर-गरीब की खाई को पाटना भर नहीं है, अपितु हर क्षेत्र में हर नागरिक को समान रूप से कार्य करने का अधिकार मिल जाये तो यह भी समाजवाद ही है। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत सार्वजनिक हो जाती है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं।

पूरन सरमा

समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिख रहा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हैं। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन से दोस्ती रखना गर्व की बात मानी जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बीपीएल हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। गरीबी मिटाते-मिटाते नेता अमीर हो गये, लेकिन इन गरीबों की गरीबी अभी तक भी इनका पीछा नहीं छोड़ रही।

पारिस्थितिकी असंतुलन की गंभीर चेतावनी

वन्य जीवन

के.पी.सिंह

कुछ महीनों पहले नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में समुद्र से 1000 से 2700 मीटर ऊंचे हिमालय क्षेत्र में 10 किंग कोबरा देखे गये। इसके पहले कभी भी एवरेस्ट क्षेत्र में 9000 की ऊंचाई पर किसी ने कभी कल्पना नहीं की थी कि किंग कोबरा जैसा जहरीला सांप मिल सकता है। क्योंकि यह आमतौर पर उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में ही पाया जाता है। लेकिन उसके बाद यह एक अकेली हैरान करने वाली घटनाभर नहीं रही बल्कि गोपालेश्वर, भंज्यांग, सोखोल और फुलचैक जैसे क्षेत्रों में भी ब्लैक किंग कोबरा दिखायी दिया है। भारत और नेपाल के वन्य जीव विशेषज्ञों ने इसे एक असामान्य घटना बताया है।

नेपाल में वाणिकीय संस्थान के विष्णु पांडे ने तो यहां तक कहा है कि उन्होंने कोविड-19 महामारी के ठीक पहले गौरी शंकर रेंज में कोबरा के अंडे देखे थे। लेकिन तब माना गया था कि दुर्घटनावश ऐसा कुछ हुआ होगा। लेकिन हाल में जिरी नगर पालिका क्षेत्र से भी जो कि समुद्र तल से 1600 मीटर से 5000 मीटर के बीच तक है, कोबरा की कई प्रजातियां देखे जाने का दावा हुआ है। इससे साफ है कि भारत के वर्षा वनों और नेपाल के तराई क्षेत्र में पाया जाने वाला किंग कोबरा पारिस्थितिकी परिवर्तन की गंभीर चेतावनी दे रहा है। जलवायु परिवर्तन के अलावा दूसरा कोई कारण स्वभाविक तौर पर पर नहीं सूझ रहा कि किंग कोबरा आखिर इतने ऊंचे और ठंडे स्थान पर कैसे पाया जा सकता है? भारत में तो आमतौर पर यह मान्यता रही है कि सर्दियों के दिनों में काला नाग यानी ब्लैक कोबरा गहरे बिलों में छिपा रहता है, क्योंकि ठंड उसे निष्क्रिय कर देती है और बारिश के दिनों में इसके ज्यादा से ज्यादा पाये जाने की आशंका रहती है। भारतीय वन्य जीव संस्थान के वैज्ञानिक रमेश चिन्नासामी का भी मानना है कि किंग कोबरा आमतौर पर वर्षा वनों में ही रहता है और यह स्वाभाविक तौर पर शर्मीला जीव है। हालांकि अभी भारतीय विशेषज्ञ यह मानने को तैयार नहीं हैं कि बढ़ते तापमान के कारण किंग कोबरा ने अपना आवास क्षेत्र बदल दिया है या विस्तारित कर लिया है। लेकिन इस बात से दुनियाभर के वन्य जीव विशेषज्ञ चिंतित तो हैं और व्यवस्थित तौर पर एक बड़े शोध की मांग भी कर रहे हैं।

नैनीताल के एक वन्यजीव विज्ञानी और किंग कोबरा के शोधकर्ता जिगनास ढोलिया ने भी यह माना है कि किंग कोबरा कुमायुं के कुछ हिस्सों में भी जिसमें मुक्तेश्वर भी शामिल है, जो कि समुद्र तल से 2000 मीटर ऊंचा है, वहां पर भी देखा गया है। इसलिए भले यह एकाएक विश्वास के लायक बात न लग रही हो, लेकिन जिस तरह से एक नहीं अनेक उदाहरण सामने आ रहे हैं कि किंग कोबरा ऊंचे हिमालय क्षेत्र में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है, उससे इस बात पर गंभीरता से विचार करना जरूरी हो गया है कि बढ़ते तापमान के कारण किंग कोबरा जैसा सरीसृप अपने आवास को बदलने के लिए बाध्य हो गया है। कुछ लोगों का दावा है कि उन्होंने कार्बेट टाइगर रिजर्व में भी किंग कोबरा देखें हैं, जो कि समुद्र तल से 300 से लेकर 2000 मीटर तक ऊंचाई पर स्थित है।

वास्तव में कुछ दिनों पहले एक मौसम अध्ययन के तहत यह चेतावनी भी दी गई थी कि नेपाल, भारत सहित हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र के 8 देशों में दीर्घकालिक औसत से 0.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 2 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने की आशंका है। नेपाल और भारत दोनो देशों में हाल के सालों में जिस तरह से मौसम की चरम घटनाएं देखी गई हैं, उसके कारण तापमान में वृद्धि न सिर्फ अनुमान का विषय है बल्कि प्रत्यक्ष प्रमाण बन चुकी है। इसलिए हिमालय में किंग कोबरा का पाया जाना, अचंभित करने वाली बात नहीं है, लेकिन यह प्रकृति की एक गंभीर चेतावनी जरूर है। क्योंकि यह केवल एक सांप की उपस्थिति भर नहीं है बल्कि हमारे समय की बहुत गंभीर कहानी है। बदलते मौसम, बिगड़ता पारिस्थितिकी संतुलन निश्चित रूप से आने वाले समय की गंभीर चुनौती का संकेत है। हिमालय की ऊंचाईयों में इस तरह किंग कोबरा का पाया जाना हमें जलवायु नीतियों और वन संरक्षण की याद दिलाती है। यही नहीं स्थानीय पारिस्थितिकी अध्ययन में हमें और अधिक सजग रहने की जरूरत बताती है।

आप की बात

गरीबों का कल्याण

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है।

आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.

अवैध निर्माण पर अंकुश

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

धमेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.

युवाओं में उद्यमिता का विकास

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है।

शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

युवक की हत्या में तीन गिरफ्तार, दो फरार

अयोध्या। थाना रौनाही क्षेत्र में बीते 14 जून को मिले अज्ञात शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मृतक की पहचान लखनऊ निवासी 22 वर्षीय साहिल पुत्र साबिर के रूप में हुई है, जिसकी हत्या उसके ही दोस्तों ने विवाद के बाद कर दी थी। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि साहिल अपने पांच परिचितों के साथ शराब पी रहा था। इस दौरान रुपए और अन्य मामलों को लेकर आपसी विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। यही नहीं, मारपीट का वीडियो भी बनाया गया। हत्या के बाद आरोपियों ने लाश को लखनऊ से लाकर रौनाही क्षेत्र में फेंक दिया था ताकि पहचान न हो सके। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। सर्विलांस व सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीन आरोपियों अश्वनी सिंह उर्फ मिर्ची, नसीम उर्फ छोटू कटरा और आसिफ कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। एसएसपी ने बताया कि सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है ।

नगर निगम को मिली 351 करोड़ सीवरेज योजना की सौगात

जिला संवाददाता

- वल्लभ भाई पटेल व अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में द्वार का होगा निर्माण
- विकास के नवीन युग में प्रवेश कर चुकी है अयोध्या: वेद प्रकाश गुप्ता

अयोध्या। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार में भयमुक्त परिवेश के कारण आज उत्तर प्रदेश निवेशकों की पसंद बन गया है। भाजपा की सरकार से पहले यूपी की पहचान यहां के अपराधियों व अपराध की घटनाओं को लेकर होती थी। लेकिन आज अपराधियों पर होने वाली कार्रवाई को लेकर उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों के लिए पथ प्रदर्शक बन गया है। अंतिम व्यक्ति को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिला है। पीएम मोदी की नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के 11 वर्षो का कार्यकाल स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। धारा 370 को हटाना, तीन तलाक पर कानून, नारी वंदन अधिनियम, राममंदिर का निर्माण व अयोध्या का विकास समेत कई उपलब्धियां इसमें समाहित है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या आज विकास के नवीन युग में प्रवेश कर चुकी है। विकास की रश्मि प्रकाशित रामनगरी ने वैश्विक पयर्टन मानचित्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि अमृत-2 के तहत 351.4 करोड़ की लगात से नगर निगम की सीवरेज योजना पार्ट-2 के तहत 27 हजार घरो को जोड़ा जाएगा। इस परियोजना की लागत 351 करोड़ रुपये है। जिसमें चार पम्पिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसमें टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ में अयोध्या अम्बेडकरनगर मार्ग में बाकरगंज बाजार में लौह पुरुष सरकार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार व अयोध्या गोण्डा मार्ग पर पेट्रोल पम्प के पास अटल बाजपेई द्वार का निर्माण कराया जाएगा। लौह पुरुष सरकार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार की लागत 16.57 लाख रुपये आएगी। जिसके तहत 9.42 लाख रुपये की प्रथम किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी द्वार की लागत 17.17 लाख आएगी। जिसकी प्रथम किश्त के रुप में 10.302 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। अयोध्या धाम में फटिक शिला पार्किंग का निर्माण व पयर्टकीय सुविधाओं का विकास का कार्य, रामपथ व धर्मपथ पर मिसिंटग फैन का कार्य, राम की पैड़ी पर आरती घर व पयर्टन विकास का कार्य, लता चैक के दाहिने तरफ राम की पैड़ी कैनाल रोड पर धर्मपथ के समानान्तर राष्ट्र की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले थीम वाल का सौन्दयीकरण प्रस्तावित है। इसके साथ नगर निगम क्षेत्र में 17 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। रीडगंज चैराहे से गुलाबबाड़ी तक मार्ग का चैड़ीकरण 9.50 करोड़, लगभग 33 करोड की लागत से रामपथ से गद्दोपुर होते हुए रायबरेली रोड तक चैड़ीकरण, 40 करोड की लागत से देवकाली से जेल रोड का चैड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण, लगभग 113 करोड की लागत से नियावां चैराहे से पाटेश्वरी देवी मंदिर होते हुए रामपथ तक फोरलेन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि रामकथा पार्क में नवीन पर्यटक आवास गृह का निर्माण कार्य, गुलाबबाड़ी पार्क का सौन्दर्यीकरण, गुप्तारघाट में यात्रियों की सुविधा के लिए बेंच व प्रकाश व्यवस्था, राजघाट के निकट एम्पिलिथिएटर एवं फूड कोर्ड का कार्य, किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामनगरी के विकास में यहां के संत महंतों के साथ आम जनता की सरकार से अपेक्षा व सुझाव को समाहित करना सबसे ज्यादा जरुरी है। इसमें पूरे विश्व से आने वाले पर्यटक व तीर्थयात्रियों की आवश्यकताएं भी शामिल है। इसके लिए लगातार तीर्थयात्रियों व आम जनता से संवाद स्थापित करते हुए उनकी अपेक्षा व सुझावों को सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। जिससे विकास की इस पटकथा में जनता आज खुद को जोड़कर देख रही है। इस बीच परियोजनाओं को लेकर विपक्ष ने गुमराह करने का लगातार प्रयास किया। चाहे व मुआवजे का प्रश्न हो अथवा जनता की अन्य समस्याएं, उनका लगातार त्वरित गति से समाधान किया गया। इसके लिए हर व्यक्ति से सम्पर्क व संवाद को प्राथमिकता दी गई। मौके पर महानगर अध्यक्ष अध्यक्ष बाल कृष्ण वैश्य, रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, शैलेन्द्र कोरी, हरभजन गौड़ मौजूद रहे

कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ योग संगोष्ठी का आयोजन

बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के आयोजन के संबंध में पूरे जनपद में हो रहे विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में समस्त तहसील, विकासखंड, ग्राम पंचायत, सार्वजनिक स्थलों, उद्यान आदि में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम प्रातः सम्पन्न हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम संपादित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न विद्यालयों में योगासन, निबंध, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। समस्त ग्राम पंचायतों में आयुष ग्राम योग दिवस का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम में भी योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी क्रम में विकास भवन सभागार में डॉ अंतरिक्ष वैसवार, डॉ अजय सिंह, योग प्रशिक्षक जय प्रकाश वर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रभात मिश्रा ने तथा कलेक्ट्रेट सभागार में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा, चिकित्साधिकारी डॉ पियूष पांडेय, डॉ पीयूष नायक, योग प्रशिक्षक जय प्रकाश वर्मा ने योग एवं आयुष द्वारा संगोष्ठी संपादित की गई।

वन मंत्री का कतर्नियाघाट आगमन कल

बहराइच। मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (वन्यजीव प्रभाग) भारत सरकार श्री भूपेन्द्र यादव का 20 जून 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मंत्री श्री यादव 20 जून 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार पहुंचकर नौका विहार करेंगे तथा घड़ियाल के एक वर्षीय शावकों को नदी में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे।

अपरान्ह 01:00 बजे फील्ड डायरेक्टर द्वारा कतर्नियाघाट पर प्रस्तुति, एसटीपीएफ के साथ वार्ता तथा संभावित किट वितरण कार्यक्रम में मा. मंत्री श्री यादव द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। मा. मंत्री श्री यादव अपरान्ह 03:00 बजे कतर्नियाघाट से लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

स्कूल जाने वाले बच्चों को दें संतुलित आहार: शिखा मंडल

जिला संवाददाता

अयोध्या। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, बच्चों को हाइड्रेटेड और पोषित रखना बेहद जरूरी हो गया है। गर्मियों में बच्चों को थकावट, डिहाइड्रेशन और सनबर्न जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में संतुलित आहार उन्हें स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करता है। उक्त जानकारी डायटिशियन शिखा मंडल ने दी। उन्होंने बताया किबच्चों को दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा नारियल पानी या इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय जैसे स्पोर्ट्स ड्रिंक भी शरीर के खोए हुए नमक की भरपाई में मददगार होते हैं। तरबूज और खीरे जैसे फलों का रस भी हाइड्रेशन और पोषक तत्वों के लिए अच्छा विकल्प हैं। उन्होंने बताया कि गर्मियों के सुपरफूड्स जो बच्चों के लिए फायदेमंद हैं उनमें तरबूजः पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर, गर्मियों के लिए आदर्श फल है। आमः विटामिन ए और सी पोटैशियम और फाइबर से भरपूर आम स्वादिष्ट और पौष्टिक होते हैं। खीराः कम कैलोरी और अधिक जलयुक्त होने के कारण खीरा गर्मी में ठंडक देता है। दहीः प्रोबायोटिक्स, प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर दही पाचन तंत्र और हड्डियों के विकास के लिए लाभकारी है।शिखा मंडल ने माता-पिता के लिए सुझाव दिया कि वह बच्चों को हल्के भोजन दें: सलाद, फल और घर पर बना फ्रूट-योगर्ट जैसे हल्के आहार चुनें। भारी भोजन से परहेज करें: भारी भोजन गर्मियों में बच्चों को सुस्त और असहज महसूस करा सकता है।

लौह पुरुष और अटल की याद में बनेगा स्मृति द्वार



- बाकरगंज में लौह पुरुष व गोंडा मार्ग पर बनेगा बाजपेयी द्वार
- नियावां से पाटेश्वरी मंदिर होते हुए रामपथ तक बनेगी फोरलेन
- 351 करोड़ की लागत से सीवर लाइन से जोड़े जाएंगे 27 हजार घर

अयोध्या। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या धार्मिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे के विकास में नए आयाम स्थापित कर रहा है। अब यहां लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में स्मृति द्वार का निर्माण कराया जाएगा। शासन ने इसकी स्वीकृति देते हुए निर्माण के लिए पहली किस्त भी जारी कर दी है। इस परियोजना से अयोध्या की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गरिमा और बढ़ेगी। अम्बेडकरनगर मार्ग में बाकरगंज बाजार में लौह पुरुष सरकार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार व अयोध्या गोण्डा मार्ग पर पेट्रोल पम्प के पास अटल बाजपेई द्वार का निर्माण कराया जाएगा लौह पुरुष सरकार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार की लागत 16.57 लाख रुपये आएगी, जिसके तहत 9.42 लाख रुपये की प्रथम किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी द्वार की लागत 17.17 लाख आएगी। जिसकी प्रथम किश्त के रुप में 10.302 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। अयोध्या धाम में फटिक शिला पार्किंग का निर्माण व पयर्टकीय सुविधाओं का विकास का कार्य, रामपथ व धर्मपथ पर मिसिंटग फैन का कार्य, राम की पैड़ी पर आरती घर व पयर्टन विकास का कार्य, लता चैक के दाहिने तरफ राम की पैड़ी कैनाल रोड़ पर धर्मपथ के समानान्तर राष्ट्र की संस्कृति को प्रर्दशित करने वाले थीम वाल का सौन्दयीकरण प्रस्तावित है। इसके साथ नगर निगम क्षेत्र में 17 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। रीडगंज चैराहे से गुलाबबाड़ी तक मार्ग का चैड़ीकरण 9.50 करोड़, लगभग 33 करोड की लागत से रामपथ से गघ्द्वोपुर होते हुए रायबरेली रोड तक चैड़ीकरण, 40 करोड की लागत से देवकाली से जेल रोड का चैड़ीकरण तथा सुद्दढीकरण, लगभग 113 करोड की लागत से नियावां चैराहे से पाटेश्वरी देवी मंदिर होते हुए रामपथ तक फोरलेन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। रामकथा पार्क में नवीन पर्यटक आवास गृह का निर्माण कार्य, गुलाबबाड़ी पार्क का सौन्दयीकरण, गुप्तारघाट में यात्रियों की सुविधा के लिए बैंच व प्रकाश व्यवस्था, राजघाट के निकट एम्पिलिथिएटर एवं फूड कोर्ड का कार्य, किया जाएगा।योगी सरकार ने स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया है। इसके तहत 351 करोड़ रुपये की लागत से 27 हजार घरों को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा, जिससे शहर की स्वच्छता और जनस्वास्थ्य में सुधार होगा। साथ ही नियावां से पाटेश्वरी मंदिर होते हुए रामपथ तक फोरलेन सड़क का निर्माण होगा, जो यातायात को सुगम बनाएगा और तीर्थयात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा। इसके अतिरिक्त, नगर निगम क्षेत्र में अन्य सड़कों के निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है, जो अयोध्या को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप प्रदान करेगा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया आिज उत्तर प्रदेश निवेशकों की पसंद बन गया है।

जिलाधिकारी ने किसान दिवस में समस्याओं पर की चर्चा

.अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त सम्मानित किसान भाइयों का स्वागत करते हुये किसानों द्वारा पिछले किसान दिवस में उठाई गई समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें विद्युत विभाग के बिंदु पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जांच करके आख्या प्रेषित करे। अमानीगंज के किसान द्वारा किसान सम्मान निधि के बारे में शिकायत किया गया कि सम्मान निधि नहीं आ रही है, जिस पर उप कृषि निदेशक ने बताया कि सम्बन्धित किसान का 02 पंजीकरण है जिसमें 8 किस्त गया 01 पंजीकरण पर आया हुआ पैसा वापस करने के बाद पैसा आयेगा। बैठक में उपस्थित किसानों के द्वारा जनपद में बंद पड़े नलकूपों की जानकारी दी गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि समय से नलकूपों को सही करा दिया जाय।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों को किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर व गुणवत्ता युक्त समयबद्व निस्तारण किए जाने हेतु निर्देशित किया। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी जैसे उद्यान विभाग, विद्युत विभाग, गन्ना विभाग, सिंचाई विभाग, नलकूप, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी आदि विभागों के अधिकारी एवं जनपद के समस्त प्रगतिशील किसान किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बिजली कटौती के खिलाफ आप का विरोध-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी। प्रदेश में बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी/सांसद संजय सिंह के आवाहन पर जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह के नेतृत्व मे पदाधिकारियो ने पटेल तिराहे पर प्रदर्शन करते हुये महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित 3 सूत्रीय ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि प्रदेश सरकार बिजली कटौती के मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई कर निर्बाध 24 घंटे बिजली देने, बिजली कटौती की समस्या का तत्काल निवारण करे। ताकि प्रदेश के किसानों को भी अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी का सामना न करना पड़े। सरकार फर्जी मीटर रीडिंग को लेकर कंपनियों की चल रही मनमानी पर सख्ती से कदम उठाकर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता, सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्राइवेट कंपनियों को बिजली बिल निकालने का ठेका देने से भी आम आदमी पर फर्जी बिजली बिलों का बोझ बढ़ गया है। प्राइवेट कंपनियों द्वारा घरों में जाकर मीटर रीडिंग लेने के बजाय मनमाने तरीके से लोगों की बढ़ी मीटर रीडिंग भरकर जो भ्रष्टाचार का खेल खुलेआम चलाए जा रहा है। उस पर सरकार पूरी तरह मौन है। यह सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण है। प्रदर्शन में अरविंद यादव, आकाश वर्मा, सतेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

झुपेड़िया संस्था ने गरीबों को दिया राशन

बीकापुर-अयोध्या। बीकापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पातूपुर मजरा छोटी बल्लीपुर में झुपेड़िया संस्था ने बुधवार को गरीब परिवारों की मदद की। संस्था ने मुनेश्वर के नेतृत्व में 22 महिलाओं और पुरुषों को मुफ्त राशन वितरित किया। प्रत्येक परिवार को 5 किलो चावल, 3 किलो आटा, 1 किलो दाल, 1 किलो नमक, 1 लीटर कडू का तेल और 1 किलो चीनी दी गई। साथ ही एक टोकरी भी दी गई।

कार्यक्रम के आयोजक मुनेश्वर प्रसाद ने संस्था की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था गरीब परिवारों को निशुल्क राशन देती है। 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को हर महीने 500 रुपए पेंशन दी जाती है। गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक मदद भी की जाती है। संस्था का लक्ष्य है कि प्रत्येक गांव में कार्यक्रम आयोजित कर गरीब परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

जिला संवाददाता

- मोतिकपुर पीएचसी डॉक्टर की अनुपलब्धता पर कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन बाधित करने के दिये निर्देश
- झाड़-झंखाड़ देखकर व्यक्त की नाराजगी

बाराबंकी। जनपद में जनस्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, सुलभ और जवाबदेह बनाने की दिशा में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने हरख सिद्धौर एंव हैदरगढ़ विकासखण्डो के अन्तर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण मे जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरख परिसर स्थित जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने, बड़ी मात्रा में अनुपयोगी एवं कंडम सामग्री मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल नीलामी कर परिसर को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध दवाओं की सूची पूर्ण, ओपीडी में आने वाले किसी भी मरीज को बाहर से दवा न लिखने एंव सभी प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहने के निर्देश दिये। सेमरावा पीएचसी मे खंड विकास अधिकारी को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने वाले मार्ग को सुगम बनाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सिद्धौर क्षेत्र के पीएचसी मोतिकपुर परिसर में झाड़-झंखाड़ की स्थिति मिलने पर तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा डॉक्टर की अनुपलब्धता की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने सम्बधित डाक्टर के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये वेतन अग्रिम आदेशो तक बाधित करने के सीएमओ को निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगंज, पी0एच0सी0 टीकारामन, उप स्वास्थ्य केंद्र बेहटा का भी निरीक्षण करते हुये केंद्रों को साफ-सुथरा रखने, रजिस्टरों के अद्यतन संधारण, बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण तथा शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ शम्स तबरेज खां, संबंधित खंड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डिजनीलैंड पार्क प्रदर्शनी और मेला में शाम होते ही बढ़ने लगती है रौनक

- एक से बढ़कर एक घरेलु उपयोगी सामान की हो रही जबरदस्त सेल

बाराबंकी। हैदरगढ़ रोड़ स्थित मैदान पर चल रहे डिजनीलैंड पार्क प्रदर्शनी एंव मेला 20 जून तक आयोजित होगा। जोकि आम लोगों के लिए शाम 5 से रात 10 बजे तक खुला रहता है। यंहा आपको 100, 60 से लेकर 10 व 5 रुपये तक के विभिन्न प्रोडक्ट्स मिलेगें। महोत्सव मे आपको ब्यूटी प्रोडक्ट, हेयर बैंड, रबर बैंड, आर्टिफिशियल ज्वेलरी की रिंग्स और क्लेचर से लेकर नेल पेंट तक का सामान मात्र 10 रुपये में मिल जाएगा। किचन लवर लोगो के लिये तो यहां पर डिनर सेट, चम्मच, प्लेट, कटोरी आदि बहुत ही कम रेट पर उपलब्ध है। जोकि देखने में काफी खूबसूरत है। महोत्सव आयोजक मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि बच्चों के लिए यहां 20 से लेकर 100 रुपये तक के खिलौने, मनोरंजन हेतु विभिन्न प्रकार के झूले मिलेंगे। महिलाओ के लिये यहां लेटेस्ट एंव खूबसूरत सैंडल के स्टाल लगे हुये है। जिस पर लगी बम्पर सेल का फायदा आमजन को मिल रहा है। महोत्सव मे छोटे बड़े सभी लोगों के लिए मनोरंजक झूलों के साथ-साथ आकर्षक दुकाने सजी हैं। जहां जरूरत का हर सामान उपलब्ध हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता

बहराइच । जनपद में संभावित बाढ़ से पूर्व की जा रही तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि दौरान-ए-बाढ़ पीड़ितों को वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न, पशुओं के लिए भूसे आदि की व्यवस्था के लिए समय पूर्व ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जायें। वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग कर रहे उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में होने वाली वर्षा के बारे में अपडेट रहें। एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया गया कि पूर्व की बांढ़ में प्रभावित होने वाले मजरों का अनिवार्य रूप से स्थलीय निरीक्षण करें तथा ग्राम के लोगों से वार्ताकर करके राहत व बचाव कार्यों के संचालन हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर लें।

डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों एवं मजरों के प्रमुख लोगों, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिवों, स्वास्थ्य, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास विभाग के ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के व्हाट्सअप नम्बरों का ग्रुप बना लें तथा आपदा के समय किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। डीएम ने कहा कि दैवीय आपदा में न्यून से न्यूनतम जानी व माली नुकसान हो इसके लिए जरूरी है कि हमारी तैयारियां व बैकअप प्लान हमारे पास उपलब्ध हो।

डीएम ने कहा कि वन क्षेत्रों के आस-पास के दुरूह क्षेत्रों जहां पर चहलवा व सुजौली सहित अन्य संवेदनशील ग्राम पंचायतों के मजरों के लिए के लिए अलग से बुकलेट तैयार कर ली जाय। बीडीओ को निर्देश दिया कि ग्रामों में अनावश्यक रूप से खोदे गये गड़ढों को वर्षा से पूर्व भरवा दिया जाय। उन्होंने कहा कि वर्षा का पानी भर जाने से ऐसे आमजन विशेषकर बच्चों के खतरा बन जाते हैं। तटबन्धों की सुरक्षा के द्दष्टि से डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्ययेक 500-500 मीटर के लिए टीमें गठित कर तटबन्धों के रेन कट व रैट होल को भरवा दिया जाय तथा पूरी सघनता के साथ तटबन्धों का निरीक्षण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाय।

डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उपलब्ध नावों का सत्यापन करा लिया जाय तथा पूर्व में आयी बाढ़ के अनुभव के आधार पर नावों, मोटर बोट इत्यादि की आवश्यकता का आंकलन कर लिया जाय। डीएम ने कहा कि ऐसे स्थान जहां पर तेज बहाव के साथ पानी बहता है वहां पर लाईफ जैकेट के साथ बड़ी नावों का संचालन किया जाय। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थान पर क्षमता से अधिक लोगों का नाव पर सवार न करने के सम्बन्ध में नाविकों निर्देशित भी कर दिया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि नावों के संचालन के नाविकों की सूची तथा उनके मोबाइल नम्बर संकलित कर लिए जाएं। क्षेत्रों में मौजूद आपदा मित्रों को भी एक्शन मोड पर रखा जाए तथा उनको भी बचाव व राहत कार्यों के मोटीवेट किया जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ राहत केन्द्रों एवं शरणालयों का भी समय पूर्व आवश्यक मरम्मत एवं रंगाई पुताई करा दी जाए। ऐसे स्थानों पर प्रसाधन, पेयजल एवं प्रकाश के भी माकूल बन्दोबस्त भी अवश्य किये जाएं।

बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा द्वारा बताया गया कि मिहींपुरवा में पशुओं का टीकाकरण कम हुआ है। इस सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि मिहींपुरवा सहित जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शत प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण एवं उपचार करायें।

सरकार ने ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभायी: चंद्रभानु पासवान

मिल्कीपुर-अयोध्या। अमानीगंज विकास खण्ड के घोड़वल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने के अवसर पर पंचायत चैपाल का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पवन सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्र और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा गया और ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक चंद्रभानु पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने जनधन योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि इन योजनाओं ने न केवल गरीबों के जीवन को बेहतर बनाया है, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने भी कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, और ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।विशिष्ट अतिथि और पूर्व ब्लॉक प्रमुख पवन सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। पवन सिंह ने विशेष रूप से ग्रामीण सड़क योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, और निर्मल भारत अभियान जैसी योजनाओं पर जोर दिया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पवन सिंह, प्रधान अनूप रानू, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष बंशीधर शर्मा, संतोष पांडे, और मंडल उपाध्यक्ष अंगद सिंह सहित कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

कूड़ा फेंकने के विवाद में महिला व बच्चे को पीटा, केस दर्ज

गोसाईगंज, सुलतानपुर। थाना क्षेत्र के अजीजपुर गांव में कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। दरवाजे पर खेल रही दो वर्षीय बच्ची और उसकी मां के साथ कथित रूप से मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजीजपुर निवासी ज्ञान भारती पत्नी भीम कुमार ने गोसाईगंज थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि बीते 14 जून की शाम को दो वर्षीय पुत्री नव्या दरवाजे के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान गांव के ही विपक्षी सचिन पुत्र बुधिराम, प्रिन्स पुत्र बुधिराम और सारिका पत्नी प्रिन्स ने कूड़ा फेंकने को लेकर विवाद शुरू हो गया विपक्षियों ने गाली-गलौज करते मारना-पीटना शुरू कर दिया मासूम बच्ची नव्या को भी खींचकर मारा-पीटा। और धमकी देते हुए कहा कि यदि कूड़ा फेंकना बंद नहीं किया तो जान से मार देंगे। मारपीट में मां-बेटी दोनों को चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

करंट से युवक की मौत

जगदीशपुर, अमेठी। घर मे विद्युत तार जोड़ते समय करेंट की चपेट मे आकर युवक गंभीर रूप से झुलस गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित पूरे बिस्मिल्लाह मजरे इटरौर गांव निवासी मोहम्मद वसीम उम्र लगभग 32 वर्ष जो विद्युत तार जोड़ते समय करेंट की चपेट मे आकर गंभीर रूप से झुलस गया जिसे परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनो से पूंछतांछ करने के उपरांत जांच पड़ताल मे जुटी इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि करेंट की चपेट मे आकर युवक की मौत हो गई है परिजनो की स्वेच्छा से पंचनामा के पश्चात शव को उन्हे सौंप दिया गया।

मेला ग्राउंड की जमीन सुरक्षित कराने की मांग

महाराजगंज, रायबरेली। महाराजगंज कस्बे के रायबरेली रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर मेला ग्राउंड की जमीन को सुरक्षित कराए जाने की मांग भाजपा पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी से की है। बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधिमंडल मण्डल महराजगंज द्वारा उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव से मिलकर श्री हनुमानगढ़ी मंदिर रायबरेली रोड महराजगंज के मेला ग्राउंड व आदिकाल से चला आ रहा रावण दहन स्थल को व श्री रामलीला चबूतरा स्थल को सुरक्षित करने की मांग की जिसमें उप जिलाधिकारी द्वारा तत्काल मौके पर लेखपाल को भेजा गया लेखपाल संतोष पटेल द्वारा अवगत कराया गया है कि वहां पर सरकारी भूमि बहुत है नगर पंचायत चाहे तो उसी पर निर्माण करा सकती है और रावण दहन स्थल व श्री रामलीला चबूतरा को बचाया जा सकता है। मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महराजगंज द्वारा भेजे गए जमुना प्रसाद उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव विद्यासागर अवस्थी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्री मती सुधा अवस्थी पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर मातादीन पासी जिला प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश वर्मा मंडल महामंत्री शिवम मिश्र मंडल मंत्री राघवेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा व पूर्व सभासद विजय धीमान अतुल पांडे समाजसेवी संदीप वैश्य प्रिंकल सिंह घनश्याम चैरसिया रामचंद्र सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

बिजली समस्या को लेकर सपा और आप ने किया प्रदर्शन

विद्युत बहाली को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर (वीओएल)। भीषण गर्मी और बदहाल विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सुलतानपुर में दो प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी ने सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व शहर विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कैंप कार्यालय से सड़क पर उतरे और अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ सरकार को घेरा। संडा ने कहा कि जनता त्रस्त है, लेकिन सरकार बेपरवाह बनी हुई है। बिजली की आंख मिचौली से व्यापार, पढ़ाई, और रोजमर्रा की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी, तो सपा पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज करेगी। वहीं, आम आदमी पार्टी ने भी आप प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाहन पर तिकोनिया पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र एडवोकेट ने कहा कि बिजली दरें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन आपूर्ति दिन-ब-दिन घट रही है। 10 से 12 घंटे की बिजली कटौती से आम जनता, किसान और व्यापारी सभी बेहाल हैं। सह प्रभारी मो. अख्तर ने प्राइवेट कंपनियों पर फर्जी मीटर रीडिंग और मनमानी बिलिंग का आरोप लगाया और सरकार की चुप्पी को भ्रष्टाचार को संरक्षण बताया। आप ने तीन प्रमुख मांगें रखीं: 24 घंटे बिजली की गारंटी, किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति, और प्राइवेट कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाकर सख्त कार्रवाई। प्रदर्शन में दोनों दलों के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। बिजली संकट को लेकर जनता की नाराजगी अब सड़कों पर दिखाई देने लगी है, और विपक्ष ने इसे बड़ा आंदोलन बनाने का संकेत दिया है।

विद्यालयों का मर्जर ही बेसिक शिक्षा का बड़ा मर्ज : विजय बंधु

रायबरेली। पुरानी पेंशन और निजीकरण के विरोध में लड़ाई लड़ने वाले अटेवा संगठन की संगोष्ठी का आयोजन शहर के एक होटल में किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु रहे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री नीरजपति त्रिपाठी, संयुक्त महामंत्री रजत प्रकाश, आईटी सह संयोजक वेदप्रकाश आर्य, सिंचाई संघ के अध्यक्ष ओपी यादव, जू.शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव रहे। जिला संगठन और ब्लॉक संगठन के पदाधिकारियों की हुई बैठक में उन्होंने पुरानी पेंशन का मुद्दा उठाने के साथ ही विद्यालयों के मर्जर होने की समस्या पर चर्चा की।

- परिषदीय विद्यालयों के मर्ज होने से लाखों बच्चों को नहीं मिलेगा रोजगार

अटेवा पदाधिकारियों व अन्य संगठन के लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में विद्यालयों के मर्ज होने के मुद्दे को सबसे पहले उठाएगा। विद्यालयों का मर्ज होना भविष्य का निजीकरण है। यह निजीकरण और एनजीओ की सक्रियता की तरफ बढ़ता पहला कदम है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम लोग संघर्ष की तरफ बढ़कर करेंगे। परिषदीय विद्यालयों के मर्ज होने से लाखों बच्चों को रोजगार नहीं मिलेगा। भविष्य में रसोइया, शिक्षामित्र व अन्य पदों पर ग्रहण लगेगा और मानक न पूरे होने पर विद्यालयों से छंटनी की प्रक्रिया भी शुरू होगी। विजय कुमार बंधु ने कहा कि लखनऊ में डॉ. राम आशीष सिंह की स्मृति में बना भवन हर अटेवियन के लिए, गौरव का पल है। ये डॉ. राम आशीष वर्मा की शहादत का बड़ा प्रतीक है। हमने जो कहा था वह करके दिखाया और स्मृति भवन का उद्घाटन व मूर्ति का अनावरण उनकी पत्नी, बच्चों, भाई और पिता जी से कराया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमने स्नातक एमएलसी के चुनाव में नागपुर और बिहार में एनएमओपीएस जीता है। आगे भी हम लोग पुरानी पेंशन को लेकर लड़ेंगे और जीतेंगे भी। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अन्य कर्मचारी संगठन जो पुरानी पेंशन के नाम पर अपनी राजनीति कर रहे हैं, उनमें आप में हकीकत को जमीन पर भी उनसे मिलकर काम करने की क्षमता को देख सकते हैं। देश के चार राज्यों में एनएमओपीएस की लड़ाई से वहां के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिल रही है। यूपी में वर्ष 2027 तक जरूर कुछन कुछ सकारात्मक देखने को मिलेगा।

उप्र इंजीनियर्स एसो. के बैनर तले इंजीनियरों ने दिया ज्ञापन

अमेठी। आजमगढ़ के डीएम रवीन्द्र -द्वितीय द्वारा वहां तैनात सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ बदसलूकी, अमानवीय व्यवहार और जानलेवा हमले से नाराज प्रदेश के सभी विभागों के अभियंताओं ने बुधवार को अपने अपने जनपदों में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारियों को दिया। अमेठी में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता इंजीनियर मनीष रंजन के साथ लोक निर्माण विभाग, जल निगम, सिंचाई विभाग, शारदा सहायक खंड -41और49, और ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अभियंताओं ने डी एम संजय चौहान को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में डीएम आजमगढ़ को बर्खास्त करने ?और उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ केन्द्रीय सिविल सेवा आचरण नियमावली -1964के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के बैनर तले दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के सभी अभियंताओं द्वारा जनहित और विकास कार्यों को ठीक से सम्पादित किया जा रहा है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश में जिलाधिकारियों द्वारा अभियंताओं के उत्पीड़न और उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली घटनाओं में वृद्धि हो रही है। शासन के निर्देश पर आयोजित बैठकों में ही अभियंताओं को बुलाया जाय और बैठक की वीडियोग्राफी कराई जाए, इंजीनियर्स एसोसिएशन यह भी मांग करता है। अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र , इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार, इंजीनियर अनिल कुमार राव, सहायक अभियंता हीरामणि, आरके गुप्ता, इंजीनियर प्रीतम सिंह, इंजीनियर फूल सिंह, मौजूद रहे।

अवैध कब्जा हटवाने गयी राजस्व टीम को लोगों ने खदेड़ा, शिकायतकर्ता को विपक्षी ने पीटा

गौरीगंज, अमेठी। कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के वार्ड नं 13 माधौपुर में भोलानाथ सिंह के शिकायत पर बुधवार को एसडीएम प्रीती तिवारी के साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल ने जेसीबी लेकर अवैध कब्जा हटवाने पहुंच गये जहां उसी गांव निवासी उदयभान सिंह का परिवार राजस्व टीम को खदेड़ा और भोलानाथ के परिजनों को जमकर मारपीटा जिसमें कई लोग घायल हो गए। वहीं पीड़ित भोलानाथ सिंह ने थाने में तहरीर दिया है जबकि राजस्व टीम की तरह से कोई तहरीर नहीं दी गई है। देर शाम तक कोई मुकदमा नहीं दर्ज हुआ था। पीड़ित ने अवैध कब्जा कर रहे विपक्षी के खिलाफ उच्चाधिकारियों को दर्जनों शिकायत किया था। इस सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर राजस्व कर्मी अवैध कब्जा हटवाने गयी थी जिसमें विवाद हो गया राजस्व कर्मियों को खरोंच आयीं है वहीं पीड़ित को चोटें आई। इस संबंध में मीडिया से बातचीत में कहा कि उक्त मामले में जांच कर कार्रवाई की जायेगी पांच आरोपियों को गिरफतार कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस की मिलीभगत से मादक पदार्थों की बिक्री जोरों पर

जगदीशपुर अमेठी। पुलिस व अवैध कारोबारियों की मिलीभगत के चलते मादक पदार्थों की बिक्री जोरो पर है नशे मे धुत नशेडी चोरी छिनैती आदि अपराधिक घटनाओ को अंजाम देने मस्त हैं जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित भूलीनगर, दिछौली ,मटियारी कलां,शादीपुर,नारा अढनपुर ,कंजास, थौरी, कनकूपुर,सरैया सबलशाह, दौलतपुर, पूरबगांव समेत दर्जनो गांवों मे गांजा,स्मैक, चरस, अफीम आदि मादक पदार्थों का धंधा चरम पर चल रहा है अवैध धंधे मे लिप्त कारोबारी दूर दराज व गैर जनपदो से मादक पदार्थ लाकर चोरी चुपके बेचने मे मस्त हैं जिसका सेवन नशेडी एकांत, खेत, बाग, खाईं,खलिहान आदि स्थानों पर बैठकर भरपूर आनंद उठा रहे हैं ग्रामीणो ने बताया कि नशे मे धुत नशेडी गांव मे जाकर तांडव मचाते हैं रात मे मौका पाकर चोरी छिनैती राहजनी आदि अपराधिक घटनाओ को अंजाम देते रहते हैं जिसको लेकर ग्रामीण परेशान रहते हैं मामला थाने पहुंचने पर अपराधियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई ना करके सुलह समझौता के जरिए मामला रफा-दफा कर दिया है जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। इस सम्बन्ध मे क्षेत्राधिकारी मुसाफिर खाना ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर ऐसे लोगो की धर पकड कर कार्यवाई की जाएगी।

लोक कल्याणकारी सेवा सुशासन गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार : जिला महामंत्री

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। केंद्र सरकार के शानदार 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपाईयों ने सरकार की उपलब्धियां बताई तथा चैपाल में समस्याएं सुन पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक-कल्याणकारी सेवा सुशासन गरीब कल्याण को समर्पित ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर लंभुआ विधानसभा के लम्भुआ मंडल में जमखुरी शक्तिकेंद्र पर भाजपाइयों द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा जन चैपाल का आयोजन किया गया। चैपाल को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने कहा कि आप लोग किसी भी समस्या को लेकर हमसे मिल सकते हैं, हम आपकी समस्याओं के निराकरण कराने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। मौके पर मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक संजय सिंह बबलू, राजेश राज मिश्रा, वाचस्पति त्रिपाठी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रंजीत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

परमात्मा का नाम ही भवसागर से पार करने का एकमात्र आधार : डॉ. प्रभाकांत

सुलतानपुर । जयसिंहपुर के निकट आर के यस यम पब्लिक स्कूल मैधन हमजाबाद में बाबा दयारामदास जी महाराज के सानिध्य में चल रही भव्य संगीतमयी श्रीराम कथा में डॉ प्रभाकान्त त्रिपाठी अयोध्या धाम ने कहा कि भगवान के नाम के अनुशासन में संपूर्ण ब्रह्माण्ड बधां हुआ है तथा भगवान से बड़ा भगवान्‌ का नाम है सूर्य चन्द्र वायु अग्नि मृत्यु सब भगवान के अनुशासन के कारण ही अपने कार्यों को करते रहते हैं। वहीं पर प्रयागराज की धरती से चलकर आई हुई मानस माधुरी सुनीता शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्री राम मुनि विश्वामित्र के पास चलकर अनेक असुरों का संहार किया और विधिवत यज्ञ को संपन्न कराया वहीं से मुनि विश्वामित्र भगवान श्रीराम लक्ष्मण को लेकर स्वयंवर में पहुंच धनुष भंग लीलाकर माता सीता के साथ विवाह किया साथ ही भगवान श्रीराम सीता जी का विवाह दिव्य झांकी के माध्यम से संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे विवाह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा पंडाल में लोग झूमते हुए नजर आए जिसमें भक्त भारी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें कौशलेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्य जी ने बताया कि यह पच दिवसीय राम कथा के विश्राम दिवस 17 जून के उपरांत 18 जून को पूणार्हुति भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर डॉक्टर प्रशांत सिंह, कृष्णा कुमार सिंह, दयाशंकर सिंह, प्रकाश सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य दिनेश सिंह, प्रधान अनिल सिंह, प्रधान धर्मेंद्र प्रताप सिंह, दयाशंकर तिवारी, करुणा शंकर पांडेय, अवधेश प्रताप सिंह, एडवोकेट जयसिंहपुर, जीत बहादुर सिंह, राम प्रकाश सिंह, रामसूरत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जैविक खाद पर आधारित किसान संगोष्ठी आयोजित

महराजगंज, रायबरेली। बुधवार को महराजगंज कस्बे के चंदापुर रोड पर स्थित शिव धर्म कांटा परिसर में प्योर - स्योर कंपनी के विशेषज्ञों द्वारा जैविक खाद पर आधारित किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादात में किसानों ने पहुंचकर खेती में जैविक प्रयोग करने की विधि व मात्रा की जानकारी से अवगत हुए। कृषि वैज्ञानिकों ने आए हुए किसानों से जैविक खाद को ज्यादा से ज्यादा धान की फसल में प्रयोग करने पर बल दिया और जहर मुक्त खेती करने की सलाह दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला एवं विशिष्ट अतिथि महराजगंज व बछरावां कस्बे के प्रथम नागरिक प्रभात साहू और शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। प्योर - स्योर कंपनी के पदाधिकारी द्वारा आए हुए अतिथियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला ने अपने संबोधन में संगोष्ठी में आए हुए किसानों से वर्तमान में चल रहे धान की खेती में जैविक खाद डालने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि, आए हुए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा आप लोगों को बताया जाएगा कि, कैसे और कौन सी जैविक का प्रयोग कब-कब और कितनी मात्रा में करना है, किसानों के लिए फायदेमंद होगा। साथ ही प्योर - स्योर कंपोस्ट की जानकारी भी देंगे। श्री अकेला ने कहा कि, रासायनिक खाद से निश्चित रूप से खेती की उर्वरा शक्ति का ह्रास होता है। इसलिए किसानों को जैविक खाद के प्रयोग में ज्यादा दिलचस्पी रखनी होगी। उन्होंने नई तकनीक से खेती करने पर भी बल दिया। बतौर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता प्रभात साहू ने किसानों से जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि, जैविक खेती रसायनों के बिना खेती करने का एक उत्तम तरीका है, जिसमें प्राकृतिक तरीकों का उपयोग किया जाता है। यह एक टिकाऊ कृषि प्रणाली है, जो मिट्टी पानी और पर्यावरण के स्वास्थ्य को बनाए रखने पर केंद्रित है।

शिक्षक कार्यशाला में दिया गया प्रभावी शिक्षण पर प्रशिक्षण

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन कर एनएसजीआई के समस्त शिक्षकों को प्रभावी शिक्षक और प्रेरणा कौशल के साथ प्रभावी शिक्षण विषय पर प्रशिक्षक रणवीर सिंह चैहान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया साथ ही उनके शिक्षण कौशल को निखारने एवं छात्रों को रुचिपूर्ण ढंग से प्रभावी शिक्षण दिए जाने सम्बन्धी जानकारी दी गयी।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला को आवश्यक बताते हुए कहा कि शिक्षक वह है जो सीखना जानता हो और शिक्षा देने में पारंगत हो, कक्षा में पाठों की योजना बनाकर पढ़ना, मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना, अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाकर सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाते हुए छात्रों को अपने शिक्षण कौशल से प्रभावित कर सके। कार्यशाला में शिक्षकों ने प्रभावशाली शिक्षण और छात्र प्रेरणा पर नए दृष्टिकोण प्राप्त किए। इस अवसर पर राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू महराजगंज), तारकेश्वर सिंह (प्रधानचार्य एनएसबीवीएम), कामक्षा सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलोन), शिवांग अवस्थी (प्रधानाचार्य एनएसपीएस लालगंज), इंद्र विक्रम सिंह (आरकेडी एनएसपीएस तेजगाँव), उप प्रधानचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, कफील अहमद, सहित एनएसजीआई की समस्त शाखाओं के शिक्षक अजय राज सिंह, देवेंद्र, ऋतुराज, प्रमोद कुमार, योगेंद्र त्रिवेदी, शैलजा, उमैर अहमद, आलोक सिंह, अनुपमा सिंह, शगुफ्ता इसरार, शिवानी कुशवाहा, कमल श्रीवास्तव, आकाश पांडेय, नीता सिंह, देव सिंह, कमल नयन, असद मोहम्मद, सौरभ यादव, गौतम त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, मधू ठाकुर, आदि उपस्थित रही।

बीजेपी संविधान को बदलकर तानाशाही लाना चाहती है : राजेश तिवारी

- संविधान बचाओ सम्मेलन में गरजे कांग्रेसी बीजेपी पर जमकर साधा निशाना

सुलतानपुर (वीओएल)। आयोजित ह्यसंविधान बचाओ सम्मेलनह्ल में कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखे हमले किए। मुख्य अतिथि और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री श्री राजेश तिवारी ने कहा कि ह्यजो लोग अपने कार्यालयों में तिरंगा नहीं फहराते थे, आज वही तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान बदलने की मंशा रखती है, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ने उन्हें जवाब दे दिया है।

राजेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के हर वर्ग किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के समग्र विकास की पक्षधर है। उन्होंने जातिगत और आर्थिक जनगणना को कांग्रेस की प्राथमिकता बताया और कहा कि राहुल गांधी मजलूमों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। पूर्व राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर तिवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ह्यहम भारत के लोगह्ल की जगह ह्यहम भाजपा के लोगह्ल करने की कोशिश में हैं, लेकिन कांग्रेस यह मंशा कभी पूरी नहीं होने देगी। प्रदेश सचिव अर्जुन पासी ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक राणा ने की, जिसमें फिरोज अहमद खान, संदीप त्रिपाठी, उज्ज्वल शुक्ला, वरुण मिश्रा, ओ.पी. चैधरी, मुईद अहमद और प्रमोद मिश्रा समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने विचार रखे। जिला सचिव दीपक सोनी, अभिषेक तिवारी, अनवर अंसारी, मनीष तिवारी, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

लेखपाल की कार्यशैली से परेशान किसान और छात्र, हटाने की मांग

सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के सुरहुरपुर, बरूआ सकरवारी, उघडपुर, भटपुरा, उदयपुर सकरवारी, खानीपुर, भदिला, बेलवारे सहित आसपास के गांवों के किसान और छात्र-छात्राएं पिछले कई महीनों से लेखपाल की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली से परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित लेखपाल द्वारा समय से कोई भी राजस्व कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि छात्रों को स्कूल, कॉलेज, छात्रवृत्ति व अन्य शैक्षणिक जरूरतों के लिए समय पर आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र की जरूरत होती है, लेकिन संबंधित लेखपाल द्वारा समय से रिपोर्ट नहीं भेजी जाती है। जिससे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसी तरह किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के अंतर्गत भी किसानों को खसरा-खतौनी संबंधी कागजात समय पर नहीं मिल पा रहे हैं। इससे किसानों को बैंक से ऋण लेने में दिक्कतें आ रही हैं और खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। गांववासियों ने जिलाधिकारी सुलतानपुर को सामूहिक प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि उक्त लेखपाल को तत्काल ढेमा सर्कल से हटाया जाए तथा उसकी जगह जिम्मेदार और कार्यकुशल कर्मचारी की नियुक्ति की जाए, जिससे जनसामान्य को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। डीएम स्तर से अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और लेखपाल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की भी मांग की है।

ट्रक चोरी के मामले में न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ केस

गोसाईगंज, सुलतानपुर। आजमगढ़ जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के खरकौली गांव निवासी प्रवीण कुमार पाण्डेय को ट्रक चोरी के मामले में न्यायालय से राहत मिली है। लगातार गुहार लगाने के बावजूद जब गोसाईगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, तब उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायिक मजिस्ट्रेट (कक्ष संख्या-21), सुलतानपुर ने उनके प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ धारा 173(4) बी.एन.एस.एस. के तहत मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। घटना 4 फरवरी 2025 की रात लगभग 11 बजे की है, जब प्रवीण पाण्डेय अपनी ट्रक लेकर सुलतानपुर से फैजाबाद की ओर जा रहे थे। टटियानगर के पास ₹शुद्ध शाकाहारी ढाबा₹ से आगे लगभग 100 मीटर की दूरी पर ट्रक में तकनीकी खराबी आने पर वे मिस्त्री बुलाने निकले। लौटने पर ट्रक और उसमें मौजूद खलासी दोनों गायब मिले। तत्काल 112 नंबर पर कॉल करने के बावजूद कोई सहायता नहीं मिली। अगले दिन उन्होंने थाने और बीमा कंपनी को सूचना दी, लेकिन गोसाईगंज थाने में कई प्रयासों के बावजूद न रिपोर्ट दर्ज हुई और न ही कोई कार्रवाई। थाने के एक कर्मचारी ने यहां तक कह दिया कि ₹जाओ, जो करना है कोर्ट से कराओ।₹ आखिरकार थक-हारकर प्रवीण ने न्यायालय में अर्जी दी और अब न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने पहले ही पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर को रजिस्ट्री द्वारा पूरे घटनाक्रम की सूचना दी थी। इस प्रकरण में थाना पुलिस की निष्क्रियता और पीड़ित की कानूनी लड़ाई ने एक बार फिर पुलिस तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गोरा बाजार होगा सम्राट अशोक चौक

रायबरेली। हमारा लक्ष्य एक कदम विकास की ओर, अंधेरी ठहराव से प्रकाश की ओर। उक्त पंक्तियों को बखूबी चरित्रार्थ कर रहे हैं पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर। श्री सोनकर आज गोरा बाजार चैराहे में भूमि पूजन करने के उपरान्त चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य को सम्मान देते हुए उनके नाम से सम्राट अशोक चैक की घोषणा किया। तदुपरान्त वरिष्ठ समाजसेवी के.के. मौर्या, सुशील मौर्या कोड़रस, राजकुमार मौर्या, शिव बहादुर मौर्य, रवि मौर्या, शिवनरायन मौर्य एडवोकेट, नीरज मौर्य, शैलेन्द्र मौर्य, नन्द लाल मौर्या सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सम्राट अशोक के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। सम्राट अशोक मौर्य वंश के सबसे महान शासकों में से एक थे। 261 ईसा पूर्व हुए कलिंग युद्ध की भयंकर

विनाशलीला ने उनके हृदय को बदल दिया। युद्ध के बाद उन्होनें अहिंसा और बौद्ध धर्म को अपनाया तथा धम्म नीति का प्रचार किया। सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में धर्म, न्याय और कल्याणकारी नीतियों को लागू किया। उनके शिलालेख और स्तम्भ आज भी उनके प्रशासन और विचारधारा का प्रमाण है। ऐसे महान व्यक्तित्व के नाम से चैराहे के नामकरण करने पर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के सभासद परमजीत सिह गांधी, दीनदयाल निर्मल, आसिफ चाकलेट, वीरेन्द्र रावत, रामू चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

वन स्टाप सेंटर का किया गया निरीक्षण

रायबरेली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा भी उपस्थित रहे। अपर जिला जज व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेन्टर, रायबरेली के सम्बन्ध में उपस्थित काउंसलर श्रद्धा सिंह से विस्तृत रुप से जानकारी ली गयी। काउंसलर श्रद्धा सिंह द्वारा वन स्टाप सेन्टर में महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं से अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव नेनिर्देशित किया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में कोई प्रार्थनापत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें। नवांगतुक पीड़िताओं महिलाओं को विधिक, चिकित्सकीय, मानसिक, दैनिक जरूरत की वस्तुओं को उपलब्ध कराने की सलाह के साथ भोजन के संबंध म्रे जानकारी ली गयी।

कृष्णा कुटीर की वृद्ध माताएं गोल्फ कार्ट से करेंगी मंदिरों के दर्शन

सांसद हेमा और जिलाधिकारी ने सीएसआर फंड से दिया वृद्ध माताओं को तोहफा

मथुरा। वृंदावन नगर के चैतन्य विहार कालौनी स्थित कृष्णा कुटीर में रहने वाली वृद्ध माताओं को मंदिरों के दर्शन के लिए अब पैदल नहीं जाना होगा। उन्हें विभिन्न मंदिरों के दर्शन के लिए गोल्फ कार्ट लेकर जाएगी। बुधवार को सांसद हेमा मालिनी, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह तथा सीडीओ मनीष मीना ने इंडियन ओरवसीज बैंक के सीएसआर फंड से एक गोल्फ कार्ट और 12 कूलर, 4 सोलर इन्वर्टर 1 डी फ्रिज कृष्णा कुटीर में दिया है। सीएम योगी की प्रेरणा से आज इंडियन ओरवसीज बैंक की प्रबंधक चंचल द्वारा एक गोल्फ कार्ट कृष्णा कुटीर वृन्दावन में दी गई है जिसकी कीमत लगभग 11 लाख रु.है। सांसद हेमा ने कहा मैंने अभी कृष्ण कुटीर का दौरा किया। यह मेरी तीसरा या चैथा दौरा है। मैं बहुत प्रभावित हुई हूँ जिस प्रकार यहां के कर्मचारी इन वृद्ध माताओं की सेवा करते हैं। माताएं यहां पर बहुत खुश हैं। मैं इन माताओं के चेहरों पर हंसी देखकर बहुत प्रसन्न हूँ। हरे कृष्णा। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि 19 जून को पेंशन कैंप लगाएं और छूटी हुई माताओं के फार्म भरवा कर पेंशन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। डीएम ने वृद्ध माताओं से कहा कि आपके दो बेटे हैं, देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री आप लोगों का ध्यान रख रहे हैं और अन्य स्त्रोतों से आप लोगों की समस्याओं की जानकारी लेते रहते हैं। डीएम ने कहा इस कुटीर का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ ने 2018 में किया था, मुख्यमंत्री का

आदेश है कि इस कुटी में रहने वाली माता बहनों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो, जय माता है वृंदावन में दर्शन करने के लिए जाती है इनके लिए 16 शीटर गोल्फ कार्ट दी गई है, पूरे कुटी सदन में इनवर्टर लगाकर विद्युत व्यवस्था की जा रही है, गर्मी से बचाव के लिए इनको 10 कूलर दिए गए हैं ।सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि कुटीर को में 2018 से जानती हूं यह वृद्ध माता के लिए बनाया गया है इसको मेनका गांधी ने अपने फंड से शुरू कराया था मैं आज बहुत खुश हूं इस बिल्डिंग में करीब 300 से अधिक वृद्ध महिला रहती है। वृद्ध माताओ की देखभाल विपिन त्रिवेदी देख रहे हैं पहले इतनी अच्छी व्यवस्थाएं नहीं थी परंतु आज मैं बहुत ज्यादा खुश हूं हमारे डीएम और सीडीओ दोनों मिलकर पूरी व्यवस्थाओं को संभाल रहे हैं और वृद्ध माता के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं।

वृद्ध माताओं ने जतासयी फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र से मिलने की इच्छा : सांसद हेमा मालिनी ने जब वृद्ध माताओं से भेंट की तो 103 वर्षीय सुमन चैधरी, 101 वर्षीय कोकिला त्रिवेदी तथा 101 वर्षीय विमला देवी ने अभिनेता धर्मेंद्र से मिलने की इच्छा जताई जिस पर सासंद ने कहा कि मैं जल्दी ही उनको आप लोगों के बीच में लाएंगी। वही कई वृद्ध माताओं ने सांसद को बताया कि हम लोगों ने पहली बार किस किस फिल्मों में देखा था जिस पर सासंद बहुत हंसी। कई वृद्ध माताओं ने हेमा मालिनी की फिल्म देखने की इच्छा जाहिर की । वृद्ध महिलाओं को संबोधित करते हुए हेमा मालिनी ने वादा किया कि मैं यहां धर्मेंद्र को भी लेकर आऊंगी आप लोगों को शायद वह परिवार नहीं मिल पाया परंतु आप सब लोग यहां सब एक परिवार है और बड़े अच्छे तरीके से रह रहे हैं, अनाथ आश्रम से भी यहां बच्चों को लेकर आएंगे, जिससे आपको भी अच्छा लगेगा और आप उनके साथ अपना समय बिता पाएंगे। जिलाधिकारी संबोधन में वृद्ध माताओ से बात करते हुए भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू छलकने लगे और करुणा से उनका गला भर उठा। उन्होंने अपने आप को संभालते हुए कहा कि मैं यहां जिलाधिकारी हूं और मेरे साथ सीडीओ भी है, हम लोग आप लोगों को किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होने देंगे।

30 जून तक चलाया जा रहा है टीबी स्क्रीनिंग अभियान

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की बेसहारा झुग्गी मलिन बस्ती आदि में रहने वाले व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग करने के लिए 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बाल संरक्षण गृह में रह रहे बच्चों व किशोर-किशोरियों की टीबी स्क्रीनिंग की गयी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.ब्रज मोहन ने बताया कि इस अभियान को शासन के निदेर्शानुसार 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के विस्तारीकरण के तहत चलाया जा रहा है। इसके लिए सीएमओ डॉ.राम बदन राम के निर्देशन में जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक व एनटीईपी स्टाफ को निर्देशित किया जा चुका है। अभियान से संबंधित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का अपडेटेड माइक्रोप्लान भी शेयर किया जा चुका है। डीटीओ ने बताया कि 30 जून तक चलने वाले अभियान में बेसहारा, झुग्गी मलिन बस्ती आदि में रहने वाले व्यक्तियों में प्राथमिकता के आधार पर अभियान के दौरान टीबी स्क्रीनिंग करायी जानी है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम समस्त बेसहारा, झुग्गी, मलिन बस्ती, अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार, सब्जी मण्डी, फल मण्डी, लेबर मार्केट, निमार्णाधीन प्रोजेक्ट, ईट भट्टे, स्टोन क्रेशर, खदान आदि स्थानों पर जाकर टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग करेगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान टीम 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित जनसंख्या, मधुमेह रोगी, धूम्रपान, शराब एवं नशा करने वाले लोगों, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्तियों, इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगियों, एचआईवी ग्रसित व्यक्ति आदि की टीबी स्क्रीनिंग करेंगी।

● किशोर-किशोरियों की टीबी स्क्रीनिंग

डीटीओ ने जनपद के समस्त लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों को दो सप्ताह से अधिक से खांसी, बुखार, रात में पसीना आना मुंह से खून आना, सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ होना, वजन कम होना, भूख न लगना, थकान होना, गर्दन में गिल्टी गांठे और कोई अन्य लक्षण हों तो वह तुरंत स्वास्थ्य विभाग की टीम को बताएं और अपनी टीबी की स्क्रीनिंग कराएं। डीटीओ ने बताया कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सेवा संस्था आदि का भी सहयोग लिया जा रहा है, जिससे वह लोगों को जागरुक कर सकें।

गौ माता सेवा संघ पदाधिकारियों ने भगवताचार्य का स्वागत किया

टूंडला। गाँव मोहम्मदाबाद के पंचायती शिवालय मन्दिर प्रांगण में आयोजित 21वीं श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में छः वर्षीय भगवताचार्य पंडित यघेन माधव महाराज का अंतरास्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ पदाधिकारियों ने फूल माला एवं पगड़ी पहना कर स्वागत सम्मान किया। भागवत कथा के अंतिम दिवस पर भगवताचार्य द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किया ओर भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता को बहुत हीं मार्मिक तरीके से लोगों ने श्रवण कर सारा वातावरण भक्ति मय हो गया ।इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां, प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, प्रदेश उपाध्यक्ष रीतेश कुमार नंदवंशी, जितेन्द्र पचौरी, मुकेश उपाध्याय, बीनू वर्मा, उदय प्रताप वर्मा, नेत्रपाल सिंह, मुकेश उपाध्याय, संकी राणा, राजीव राजपूत, सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण गौतम भारतीय खाद्य निगम सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

टूंडला। सामाजिक कार्यकर्ता टूंडला बछगाँव निवासी श्रीकृष्ण गौतम को केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें भारतीय खाद्य निगम यानी एफ सीआई की उत्तर प्रदेश परामर्शदात्री समिति का दूसरे कार्यकाल हेतु पुनः सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उपभोक्ता मामले मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन हुई है। परामर्शदात्री समिति का अध्यक्ष अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम को भारत सरकार द्वारा मनोनीत किया गया है। श्रीकृष्ण गौतम ने इस नई जिम्मेदारी के लिए प्रल्हाद जोशी केंद्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली भारत सरकार और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए गर्व और उत्तरदायित्व दोनों का प्रतीक है। पिछले कार्यकाल में उनके द्वारा दिए गए सुझावों एवं उनके क्रियान्वयन को देखते हुए मुझे यह जिम्मेदारी पुनः सौंपी गई है। गौतम ने कहा कि एफ सीआई जो कि खाद्यान्न की खरीद भंडारण और वितरण प्रणाली से जुड़ी होती है। उत्तर प्रदेश के किसानों और खाद्य वितरण व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाने, अन्नदाताओं को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न समय पर उपलब्ध कराने में एफसीआई की बड़ी भूमिका होती है। मैं इस संस्था के माध्यम से राज्य में खाद्यान्न वितरण प्रणाली को और पारदर्शी बनाने के लिए नीतिगत सुधारों पर भी काम करूंगा। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग तक सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ पहुंचाने, आधुनिक स्टील साइलो जैसी भंडारण संरचनाओं के माध्यम से खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने, स्टेशनों पर उतरने वाले खाद्यान्न हेतु शेड निर्माण हेतु दिशा में योजनाएं बनाने हेतु ठोस सुझाव देंगे। श्री गौतम क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज सदस्य बतौर भी कार्य कर रहे हैं।



संक्षेप

कैंटर ने टैंपो में मारी टक्कर, ड्राइवर की मौत

मथुरा। थाना जमुनापार क्षेत्र में राया रोड - स्थित दूधाधारी रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार कैंटर ने टेंपो को टक्कर मार दी। उपचार के दौरान - घायल ड्राइवर की मौत हो गई। हादसे में टेंपो चालक पवन पुत्र सुरेश चंद निवासी नगला तिरवाया थाना राया गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने टेंपो में फंसे चालक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि पवन मथुरा से राया की तरफजा रहा था। इस दौरान कैंटर ने टक्कर मार दी। अस्पताल में उपचार के दौरान पवन की मृत्यु हो गई।

विद्युत कटौती से नाराज जनता ने किया प्रदर्शन

मथुरा। वृन्दावन में लगातार हो रही विद्युत कटौती के खिलाफ लोगों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में आक्रोशित महिला- पुरूष मथुरा वृन्दावन मार्ग स्थित पागल बाबा बिजलीघर पर प्रदर्शन करने पहुंच गए। प्रदर्शन के दौरान भीड़ सड़क पर उतर आई, जिससे मथुरा-वृन्दावन मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। बिजली समस्या से त्रस्त स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द समाधान की मांग की। स्थिति उस समय गंभीर हो गई जब प्रदर्शनकारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर भीड़ की ओर बढ़ गया, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पागल बाबा बिजली घर पर धरना दे रहे लोगों पर जबरन ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की गई। इस घटना से मौके पर हड़कंप मच गया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आक्रोशित लोगों ने ट्रैक्टर चालक की मजाहमत भी कर डाली। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में घंटों बिजली गुल रहना अब आम हो गया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई, पानी की सप्लाई, व्यापार और घरेलू कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ हुआ विरोध प्रदर्शन, जमकर बरसायीं चप्पलें

मथुरा। जगतगुरु चित्रगुप्त आचार्य डॉ. स्वामी सच्चिदानंद ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्वामी सच्चिदानंद ने बताया कि प्रदीप मिश्रा ने महाराष्ट्र के वीण में शिवकथा के दौरान भगवान चित्रगुप्त पर अभद्र टिप्पणी की है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। स्वामी सच्चिदानंद के समर्थकों और सामाजिक संगठनों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर प्रदीप मिश्रा के पोस्टर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। संतों का कहना है कि इससे पहले भी प्रदीप मिश्रा ने 2024 में राधारानी पर अभद्र टिप्पणी की थी। तब माफी मांगने पर संतों ने उन्हें क्षमा कर दिया था। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई थी कि भविष्य में किसी भी देवी-देवता के बारे में इस तरह की टिप्पणी न करें। महाराष्ट्र में कथा वाचन के दौरान कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्र द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी के संबंध में अशोभनीय, अपमानजनक व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। यह कृत्य न केवल देवता का अपमान करने के साथ साथ करोड़ों सलातनियों का भी अपमान किया है यह आंदोलन शांतिपूर्ण होते हुए भी सनातन धर्म की चेतना और आत्मसम्मान का उद्घोष था। सामाजिक संगठनों ने प्रदीप मिश्रा के पुतले पर जूते-चप्पल बरसाए और उसे आग के हवाले कर दिया। विरोध प्रदर्शन के बाद एसएसपी को ज्ञापन सौंपा गया है। इस अवसर पर श्री चित्रगुप्त पीठ के प्रमुख महामंडलेश्वर सुरेशानंद महाराज दीर्घ विष्णु मन्दिर के महंत कान्तानाथ चतुर्वेदी, मंडलेश्वर गौरानंद महाराज, जयश्री श्रीवास्तव एडवोकेट, प्रदीप सक्सेना एड, गोल्डी सक्सेना एड., अनूप श्रीवास्तव एड., धीरेन्द्र कुलश्रेष्ठ, अमित मिश्रा, रोहित पाठक अजय सक्सेना, मनोज सक्सेना, मयंक सक्सेना, सुंदर चैधरी, ठाकुर बिहारी लाल, राज सक्सेना, राकेश सक्सेना शिल्पा स्वरूप, रुचि सक्सेना, रेखा, सुधा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

राजश्री चौधरी का वार: 'हेमा नहीं आयशा बीवी हैं' वृंदावन कॉरिडोर पर फूटा गुस्सा

मथुरा। वृंदावन की पवित्र गलियों में सियासी तूफान मचा है, और इस बार का रंगमंच है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री चैधरी ने बांके बिहारी की नगरी में कदम रखते ही बवंडर खड़ा कर दिया। गोस्वामी समाज की महिलाओं के साथ मुलाकात में उन्होंने बांके बिहारी कॉरिडोर को ह्ववृंदावन की धन-संपदा की लूटह्ल करार दिया और सांसद हेमा मालिनी पर तीखे तंज कसते हुए उन्हें ह्वपूतना और सुपर्णखा की वंशजह्ल बता डाला। बांकेबिहारी कोरिडोर के दौर में अब कृष्ण की गलियों में बांसुरी की तान नहीं, सरकारी बुलडोजर की दहाड़ गूंज रही है श्रृंगार की जगह संहार का नगाड़ा बज रहा है !ह्व पिछले छह महीने से उबाल पर है। प्रोजेक्ट के नाम पर मंदिरों की दीवारें हिल रही हैं, गोस्वामी समाज की नींवें कांप रही हैं। सरकार कहती है ये विकास है। संत कह रहे- ये विनाश है और अब मैदान में उतर चुकी हैं राजश्री चैधरी, जिन्होंने प्रशासन की जुबान पर कुल्हाड़ी और हेमा मालिनी पर लावा फोड़ दिया।

राजश्री चैधरी आज वृंदावन पहुंचीं, जहां गोस्वामी समाज की नाराज महिलाएं पहले से प्रदर्शन कर रही थीं। राजश्री ने आते ही तलवार माइक पर रख दी और एक-एक शब्द को बारूद बना डाला। राजश्री ने सांसद हेमा पर निशाना साधते हुए कहा वो एक एक्ट्रेस हैं, वो क्या जानें हिंदू धर्म का दर्द, हेमा ने धर्म बदलकर शादी की है, असल में वो आयशा बीबी हैं। ह्ववो पूतना और सुपर्णखा की वंशज हैं और आज उन्हीं की तरह वृंदावन की आत्मा को मार रही हैं ।ह्व मतलब, मथुरा की सांसद को सीधे पौराणिक राक्षसों की कैटेगरी में डाल दिया गया। राजश्री ने कहा ह्लसिर्फ घूंघट पहन लेने से कोई राधा नहीं बनता !ह्व उन्होंने कहा ह्लये कॉरिडोर नहीं, वृंदावन की धरोहर की तिजोरी लूटने की स्कीम है ।ह्व ह्लसरकार ब्रजभूमि की धन-संपदा को हड़पना चाहती है, मंदिरों को मॉल बना रही है ।ह्व उन्होंने एलान किया कि हिंदू महासभा अब बांकेबिहारी कोरिडोर में पूरी ताकत झोंकेगी। उन्होंने गोस्वामी समाज की महिलाओं के बीच कहा, अब लड़ाई गांव की नहीं, वृंदावन की आत्मा की हैह्व, अब हर थाने का जवाब हम आंदोलन से देंगे। महिला शक्ति को दबाया तो वृंदावन हिलेगा।

संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने कानपुर में किया धमाकेदार फैशन शो

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने कानपुर की श्री गंगा वैली में हुए लेक्सो शो में अपने शानदार डिजाइनिंग वाले परिधानों का फैशन शो कर धूम मचा दी। रंग बिरंगी लाइटों के मध्य मधुर संगीत के सुरों पर संस्कृति स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग के विद्यार्थी नवीन डिजाइनिंग वाले परिधान पहन कर रैंप वॉक कर रहे थे तो सारा वातावरण

उनके आत्मविश्वास की झलक पाकर तालियों से गूंज उठा। दर्शकों के लिए यह शो थिरकन भरा था तो व्यवसायियों के लिए व्यापार की नई संभावनाएं देने वाला बना। कुशल और अनुभवी मॉडल्स की भांति संस्कृति विश्विद्यालय के छात्र और छात्राएं एक से बढ़कर एक डिजाइनिंग वाले वस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे और हर प्रदर्शन पर दर्शक तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ा रहे थे। दर्शकों की निगाह में यह फैशन शो लाजवाब था इसलिए देर तक चचाओं का केंद्र भी बना। संस्कृति स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग की शिक्षिका शिल्पा ने बताया कि इस फैशन शो को मूर्त रूप देने वाले हमारे सभी विद्यार्थी प्रथम वर्ष के छात्र, छात्राएं हैं जिनमें वंशिका, नेहा, ज्योति, भावना और प्रिंस शामिल थे। विद्यार्थियों ने इस फैशन शो को अंजाम देने के लिए कड़ी तैयारी की थी और अब जबरदस्त सफलता पर सभी बहुत खुश हैं। फैशन शो की सफलता पर विवि के कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता, सीईओ डॉ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रोफेसर एमबी चेट्टी ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी हैं।

अतिक्रमण व जाममुक्त होगा टूंडला सुभाष चौराहा

टूंडला। नगर के सुभाष चौराहे पर ऑटो चालकों की मनमानी के कारण होने वाली जाम की समस्या को दूर करने के लिए तहसीलदार राखी शर्मा और ईओ नगर पालिका आशुतोष त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से सुभाष चौराहा का निरीक्षण किया और ऑटो चालकों को फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे से कतार लगा कर सवारियां भरने के निर्देश दिए। ताकि चौराहे पर इधर उधर ऑटो दौड़ाकर सवारियां भरने के कारण लगने वाले जाम से निजात मिल सके। तहसीलदार और ईओ ने जानकारी देते हुए बताया कि टूंडला सुभाष चौराहे पर ऑटो रिक्शा जाम की एक प्रमुख वजह है, ऑटो चालक चौराहे पर इधर उधर दौड़ाकर सवारियां भरने के कारण जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिसके निराकरण को आज सुभाष चौराहे का निरीक्षण किया गया, और ऑटो चालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने ऑटो को फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे कतार लगाकर सवारियां भरेंगे इधर उधर ऑटो दौड़ाकर सवारियां नही भरेंगे, आगरा और एटा रोड पर चलने वाले ऑटो रिक्शा आगरा रोड़ की तरफ दाएं बाएं से नियमानुसार फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे से ऑटो में सवारियां भरेंगे वहीं फिरोजाबाद और स्टेशन रोड पर चलने वाले ऑटो रिक्शा फिरोजाबाद रोड फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे दांए बाएं से अपनी अपनी निर्धारित पंक्ति में ऑटो खडाकर नियमानुसार सवारियां भरेंगे, सुभाष चौराहा को जाम से मुक्त करने के लिए आगरा रोड एटा रोड फिरोजबाद रोड स्टेशन रोड पर ओवरब्रिज ब्रिज के नीचे ऑटो वालों और फल वाले नाश्ते वाले फास्ट फूड वालों को भी वही स्थान दिया गया है जिसमें साफ सफाई हेतु पालिका द्वारा कर्मचारी मौजूद रहेंगे। जिसका स्वच्छता शुल्क 600 प्रति माह जाएगा फिर भी रोड पर ऑटो टैक्सी या ठेल वाले या पैदल वाले घूमते हुए नजर आएंगे तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ-साथ प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। जिसकी वजह स्वयं जिम्मेदार होंगे, निरीक्षण के दौरान टूंडला तहसीलदार, नगर पालिका ईओ, थाना टूंडला प्रभारी निरीक्षक वा ट्रैफिक पुलिस कर्मी वा पालिका कर्मी मौजूद रहे।

भाजपा के पूर्व पार्षद के घर में बिजली विभाग की टीम ने पकड़ी चोरी

वृंदावन। भाजपा से नगर निगम के पूर्व पार्षद के रूक्मिणि विहार स्थित घर में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। बिजली विभाग की टीम ने चैकिंग के दौरान मीटर के जरिये बिजली न लेकर सीधे कटिया केबल डालकर बिजली चोरी पकड़ी। जिसपर विभाग ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। वहीं इस मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। मंगलवार को मथुरा कृष्णा नगर स्थित एंटी पावर थेप्ट थाने में दी तहरीर में रूक्मिणी विहार बिजलीघर के अवर अभियंता सुनील कुमार सिंह ने बताया कि वह एसडीएम संदीप वार्ष्णेय एंव दो लाइन मैन एवं विभाग के कर्मचारियों के साथ रूक्मिणी विहार में बकाया बिलों का भुगतान प्राप्त करने के लिए घर-घर जाकर अभियान चला रहे थे। इसी दौरान मोतीलाल भारती के घर पर बिजली चैकिंग के लिए पहुंचे। यहां भाजपा से पूर्व पार्षद हेमंत भारती द्वारा बाइपास कर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग पकड़ा गया। मोतीलाल भारती पार्षद हेमंत भारती के पिता हैं। यहां जिस केबल से बिजली चोरी हो रही थी उसका बिजली की टीम द्वारा विच्छेदन कर दिया गया। जिसकी वीडियोग्राफी भी टीम द्वारा की गई। इस संबंध में विभाग के अवर अभियंता सुनील कुमार सिंह ने वृंदावन कोंतवाली में बिजली चोरी किये जाने के मामले में तहरीर दी है। वहीं बिजली चेकिंग करते टीम और पार्षद से बिजली अधिकारियों से हुई बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे लेकर नगर में सत्तारूढ़ पार्टी की हनक को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है।

● अवर अभियंता ने दी थाने में तहरीर

हेमा मालिनी को 'सूर्पनखा' व 'पूतना' कहे जाने पर भाजपा की कड़ी निंदा

मथुरा। भाजपा के मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने आज एक कड़ा बयान जारी कर अखिल भारतीय हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती राजश्री चैधरी द्वारा अभिनेत्री एवं मथुरा की सांसद हेमा मालिनी के लिए की गई अमर्यादित टिप्पणी की तीव्र निंदा की। राजश्री चैधरी ने हाल ही में हेमा मालिनी को सूर्पनखा और पूतना जैसे अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया था, जिसे भाजपा ने न केवल अस्वीकार्य बताया बल्कि उसे नारी गरिमा और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विरुद्ध बताया। श्याम शर्मा ने कहा मथुरा की जनप्रतिनिधि और करोड़ों लोगों की श्रद्धा की प्रतीक हेमा मालिनी के प्रति इस प्रकार की भाषा का प्रयोग अत्यंत निंदनीय है। यह न केवल महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाता है, बल्कि लोकतंत्र की गरिमा के भी विरुद्ध है।

विकसित भारत का अमृतकाल पर भाजपा मथुरा महानगर की प्रोफेशनल मीट का आयोजन आज : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों कृ सेवा, सुरक्षा एवं गरीब कल्याण को समर्पित ह्वविकसित भारत का अमृतकालह्व के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर द्वारा 19 जून (गुरुवार) शाम 5 बजे मुकुंद धाम, कंकाली के सामने, बी.एस.ए. रोड, मथुरा पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा यह सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत के निर्माण में सहभागी बनने की अपील है। सभी प्रबुद्ध नागरिकों से निवेदन है कि समय पर पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं ।ह्ववहीं उन्होंने कहा इस आयोजन में अधिवक्ता, चिकित्सक, व्यापारी, इंजीनियर, शिक्षाविद, युवा उद्यमी व अन्य बुद्धिजीवियों को एक मंच पर आमंत्रित कर केंद्र सरकार की नीतियों व उपलब्धियों पर संवाद होगा।

विकास भवन में किसान समाधान दिवस आयोजित

फिरोजाबाद। विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे जिला कृषि अधिकारी भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम चतुर्थ सहायक अभियंता सिंचाई अवर अभियंता सिंचाई, सहायक उद्यान निरीक्षक व सहायक प्रबंधक सहकारी बैंक वैज्ञानिक केवीके, प्रतिनिधि एचडीएफसी सहायक अभियन्ता नलकूप सहायक अभियन्ता लघुसिंचाई, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थिति रहे। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान द्वारा कृषकों बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के महत्व एवं राजकीय बीज गोदामों पर उपलब्ध धान तिल संकर मक्का संकर बाजरा मूंग एवं उर्द बीजों की एवं जिप्सम उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गयी तथा उर्वरकों का प्रयोग संतुलित मात्रा में करने की कृषकों को सलाह दी गयी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. विश्वजीत सिंह ने कृषकों को पशुपालन विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में बताया कि वर्तमान में सीएम प्रगतिशील पशुपालन प्रोत्साहन योजना मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ सवर्धन योजना मिनी नन्दनी कृषक समृद्धि योजना एवं राष्ट्रीय पशुधन मिशन एनएलएम के बारे में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही पालतू पशुओं को गला घोटू- खुरपका-मुँहपका बिमारी से वचाव के लिए टीकाकरण कराने की सलाह दी। सहायक उद्यान निरीक्षक बृजेश कुमार ने कृषकों को उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में बताया कि वर्तमान में पीएम कृषि सिंचाई योजना माइक्रो इरीगेशन योजनांतर्गत ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर माइक्रो स्प्रिंकलपर पर क्रमश 80 प्रतिशत व लघु सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत एवं पोर्टेवल स्प्रिंकलर, रेनगन स्प्रिंकलर पर निर्धारित ईकाई लागत का सामान्य कृषकों को 65 प्रतिशत व लघु सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत अनुदान डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में हस्तान्तरण की जायेगी साथ ही राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अनुसूचित जाति जनजाति औद्यानिक विकास कार्यक्रम राज्य सेक्टर एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सहायक लघु सिंचाई, रवीन्द्र कुमार द्वारा कृषकों को लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे मे बताया गया कि वर्तमान में विकास खण्ड एका जसराना एवं मदनपुर में उथले नलकूप योजना, मध्यम गहरे नलकूप, गहरे नलकूप योजना संचालित योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए रूफ-टॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के विषय में जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके, सुभाष चन्द्र शर्मा ने कृषकों को फसल उत्पादन में नयी तकनीकी के साथ खेती करने से कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के विषय में जानकारी दी गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ शैलेन्द्र कुमार ने कृषकों को खेत तालाव योजना से जुडी महत्व पूर्ण जानकारी दी।

आंगनवाड़ी केन्द्रों को अब खाद्य विभाग से पंजीकरण प्राप्त करना अनिवार्य

फिरोजाबाद। सहायक आयुक्त खाद्य चंदन पांडेय ने बताया कि आंगनवाडी केन्द्रों को अब खाद्य विभाग से पंजीकरण प्राप्त करना अनिवार्य होगा शासन द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों को खाद्य पंजीकरण शुल्क से माफ किया गया है ।आंगनवाडी केन्द्रों को निर्धारित खाद्य पंजीकरण शुल्क में छूट दी गई है। अबआंगनवाडी केन्द्रों को पंजीकृत कर खाद्य विभाग द्वारा फूड सेफ्टी प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि बताया है कि शासन द्वारा जनपद के समस्त आंगनवाडी केन्द्रों को खाद्य पंजीकरण से आच्छादित पंजीकृत श्रेणी में जोडने करने हेतु प्रति वर्ष 100 रुपये शुल्क को माफ करते हुए समस्त आंनवाडियों को पंजीकृत कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। इसके क्रम में जनपद की आंगनवाडियों को डाटा जिला कार्यक्रम अधिकारी से प्राप्त कर लिया गया है तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी के सहयोग से शीघ्र ही जनपद के समस्त आंगनवाडी केंद्रों को खाद्य पंजीकरण कैम्प लगाकर निशुल्क खाद्य पंजीकरण प्रमाण पत्र निर्गत किये जायेंगे। उक्त कार्य के नोडल अधिकारी डा0 अनिल यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं श्री अरुण कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कैम्प का आयोजन कर पंजीकरण निर्गत करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। आंगनवाडियों को खाद्य पंजीकरण निर्गत कराकर उन्हें खाद्य सुरक्षा के विषय में जागरुक करते हुए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

संक्षेप

टाटा ने किया रिसाइकल विद रिस्पेक्ट का शुभारंभ

लखनऊ। टाटा मोटर्स ने पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम उठाया है। कंपनी ने लखनऊ और रायपुर (छत्तीसगढ़) में अत्याधुनिक रिसाइकल विद रिस्पेक्ट वाहन स्क्रैपिंग यूनिट्स की शुरूआत की है। इन फैसिलिटीज का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअल रूप से किया। यह केंद्र सभी तरह के पुराने वाहनों–चाहे वो पैसेंजर कार हों, कमर्शियल व्हीकल्स, टू-व्हीलर या थ्री-व्हीलर–को सुरक्षित और ज़िम्मेदारी से स्क्रैप करने के लिए बनाए गए हैं।

मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) से ब्रांड अम्बेसडर बने रणवीर सिंह

नई दिल्ली। मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) ने बॉलीवुड पावरहाउस कहे जाने वाले अभिनेता रणवीर सिंह को अपने नए ब्रांड एंबेसडर के तौर पर जोड़ा है। इस साझेदारी के तहत ब्रांड ने एक लिमिटेड टाइम पेशकश के तौर पर द रणवीर सिंह मील को लॉन्च करने का भी एलान किया है। इसे विशेष रूप से रणवीर सिंह के पर्सनल मैकडॉनल्ड्स फेवरेट्स से बनाया गया है। यह कंपनी के ग्लोबल फेमस ऑर्डर्स प्लेटफॉर्म से प्रेरित है। मैकडॉनल्ड्स के मेन्यू पर अपने पसंदीदा ऑर्डर के साथ रणवीर सिंह अब बीटीएस और ट्रैविस स्कॉट जैसी वैश्विक हस्तियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम पर मैकडॉनल्ड्स ने किसी मील का नाम रखा है। रणवीर सिंह की स्फूर्ति, सांस्कृतिक रूप से उनका जुड़ाव और युवाओं पर उनकी गहरी पकड़ उन्हें इस ब्रांड के लिए बिलकुल फिट बनाती है, जो पीढ़ियों से फन, फ्लेवर और फैन से जुड़ा रहा है। मैकडॉनल्ड्स की पहचान है वाइब्रेंट एवं जॉयफुल होना और रणवीर इस पर बिलकुल फिट बैठते हैं।

टीटीके प्रेस्टिज ने लॉन्च की हेक्समैजिक ट्राई-प्लाई नयी रेंज

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टिज ने अपने नए कुकवेयर इनोवेशन ट्राई-प्लाई हेक्समैजिक को लॉन्च किया है। यह नई रेंज ट्रिपली तकनीक की दमदार मजबूती को हनीकॉम्ब पैटर्न वाली नॉन-स्टिक फिनिश के साथ जोड़ती है, जो हाई-परफॉर्मेंस कुकिंग का एक नया दौर शुरू करती है। ट्राई-प्लाई हेक्समैजिक रेंज को भारतीय परिवारों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह फ्राय पैन और कड़ाही – दोनों में उपलब्ध है। इस रेंज की सबसे बड़ी खासियत इसका हाई-टेक हनीकॉम्ब डिजाइन है, जो नॉन-स्टिक कोटिंग और मेटल करछी (लैडल्स) के सीधे संपर्क को कम करता है। यह विशेष डिजाइन न केवल कोटिंग की उम्र बढ़ाता है, बल्कि बार-बार इस्तेमाल के बावजूद बर्तन को लंबे समय तक टिकाऊ और प्रभावी बनाए रखता है।

अमेजन फ्रेश पर क्यूरेटेड मिलेट स्टोर शुरू

नई दिल्ली। अमेजन फ्रेश के खास मिलेट स्टोरफ्रंट के साथ अब स्वच्छ, ग्लूटन-फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है। और इसका मतलब यह नहीं कि खाना बोरिंग हो गया है, चाहे आप दिन की शुरूआत कर रहे हों हाई-प्रोटीन बनाना पैनकेक मिक्स से, या जल्दी में मिलेट नूडल्स का लंच बना रहे हों, या फिर चावल की जगह फॉक्सटेल और बार्नयार्ड मिलेट जैसे अनपॉलिश्ड विकल्प अपना रहे हों, इस स्टोर में आपको मिलते हैं आसानी से पकने वाले मिक्सेज, नेचुरल आटा और फाइबर-युक्त अनाज, वो भी स्लॉटेड डिलिवरी और बेहतरीन कीमतों के साथ। स्वस्थ और स्वच्छ भोजन अब न सिर्फ आसान और सुलभ है, बल्कि स्वाद से भरपूर भी।

पीएनबी मेटलाइफ ने किया 1041 करोड़ का बोनस घोषित

बंगलुरू। पीएनबी मेटलाइफ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रुपये 1041.45 करोड़ का रिकॉर्ड बोनस घोषित किया है। यह राशि पिछले वर्ष के रु. 930 करोड़ बोनस से 12प्रतिशत अधिक है और इसमें भाग लेने वाले लगभग 5.68 लाख पात्र पॉलिसीधारकों को इसका फायदा मिलेगा। यह पड़ाव पीएनबी मेटलाइफ के अनुशासित वित्तीय प्रबंधन एवं दीर्घकालीन निवेश रणनीति को दर्शाता है, जिससे कंपनी के हिस्सा लेने वाले प्रोडक्ट्स पर ग्राहकों का भरोसा मजबूत होगा।

सेंसेक्स में 139 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बुधवार को दूसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 139 अंक और टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 41 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती लाभ को गंवाते हुए अंत में 138.64 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,444.66 अंक पर बंद हुआ। कमजोर शुरुआत के बाद सूचकांक सुबह के कारोबार में 81,858.97 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह लाभ को कायम रखने में विफल रहा। सेंसेक्स एक समय 346.29 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 41.35 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,812.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सर्वाधिक 1.79 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, बजाज फिनसर्व और एनटीपीसी नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक में 5.12 प्रतिशत की तेजी आई। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण घरेलू बाजार शुरुआती बढ़त बरकरार रखने में विफल रहे। हालांकि, मांग में सुधार की उम्मीद में वाहन और सोच-विचार कर खरीदे जाने वाली उपभोक्ता वस्तुओं से संबंधित कंपनियों के शेयरों तेजी आई। निफ्टी ने शुरुआत में बढ़त हासिल की, लेकिन मुख्य रूप से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव के कारण यह गति बरकरार नहीं रह सकी। बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा के नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा। हालांकि, ज्यादातर लोगों को प्रमुख ब्याज दर में बदलाव की उम्मीद नहीं है, लेकिन फेडरल रिजर्व की टिप्पणी... विशेष रूप से वैश्विक तनाव और व्यापार शुल्क चिंताओं के कारण मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता के मद्देनजर अधिक महत्वपूर्ण होगी। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप और छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1482.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 8,207.19 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे टूटकर 86.47 पर बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 86.47 (अस्थायी) पर बंद हुआ। जोखिम लेने से बचने तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपये में यह गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर घरेलू शेयर बाजारों और डॉलर की मजबूती के बीच रुपये में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी निवेशकों की बिकवाली दबाव के कारण भी रुपये पर दबाव रहा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण घरेलू बाजार में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 86.42 पर खुला तथा 86.25 के उच्चतम स्तर और 86.57 के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में 86.47 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 13 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.34 पर बंद हुआ था। अनुज चौधरी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंता के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर रुपये पर पड़ सकता है। हालांकि, तनाव में किसी भी तरह की कमी से वैश्विक जोखिम वाली परिसंपत्तियों में सुधार देखने को मिल सकता है। कारोबारी अमेरिका से साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं।

डेटा सेंटर परियोजनाओं, चिप विनिर्माण के लिए भारत बन रहा प्रमुख गंतव्य

नयी दिल्ली। पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं कृत्रिम मेधा (एआइ) में निवेश के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि इनमें भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से खुद को डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट एआई इज बीटिंग द ऑड्स में कहा कि ऐसे समय में जब सीमापार निवेश धीमा हो रहा है और वैश्विक व्यापार टूट रहा है, तब एआई पर खर्च वर्तमान के विपरीत हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भले ही व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हों, लेकिन एआई की बढ़ती मांग, आपूर्ति से कहीं ज्यादा है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में आउटबाउंड (घरेलू कंपनी द्वारा विदेश में) एआई निवेश की हिस्सेदारी इसकी इनबाउंड (विदेशी कंपनी द्वारा घरेलू बाजार में) हिस्सेदारी से अधिक है। यह बताता है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही हैं। पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रमुख गंतव्य हैं।

सोने में भी 540 रुपये की तेजी

नयी दिल्ली। इजरायल-ईरान संघर्ष के छठे दिन भी जारी रहने के बीच निवेशकों का सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों में झुकाव बढा है।

इससे बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1000 रुपये बढ़कर 108,200 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना 540 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। सर्राफा संघ के अनुसार, मंगलवार को पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 107,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। शुक्रवार को चांदी ने 108,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्चस्तर को फिर से

छुआ। चांदी की कीमतों में तेजी जारी रही और फरवरी, 2012 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 37 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई। रुपये में कमजोरी से घरेलू बाजारों में सर्राफा कीमतों को समर्थन मिल रहा है। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 540 रुपये बढ़कर 100,710 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,380.97 डॉलर प्रति औंस पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर व्यापारियों का ध्यान केंद्रित होने के कारण डॉलर में मजबूती आने से सोने की कीमतें 3,400 डॉलर प्रति औंस से नीचे बनी हुई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने के आह्वान और ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ संभावित हमलों की चर्चाओं ने संघर्ष में अमेरिका की प्रत्यक्ष भागीदारी की आशंकाओं को बढ़ा दिया है, जिससे निवेशकों के बीच सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ गई है।

भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत से अधिक होगी

कोलकाता। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान देश की वास्तविक सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि 6.3 प्रतिशत से अधिक होगी।

जहां जीडीपी देश के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को निर्धारित करता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 4.2 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष के लिए 2.7 प्रतिशत से अधिक रहेगा। इक्रा ने राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इक्रा के अनुसार, रबी के नकदी प्रवाह और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर की सहायता से ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, दरों में कटौती से ईएमआई में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने गोयल पहुंचे लंदन

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर लंदन में हैं। बुधवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

इस यात्रा के दौरान गोयल ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता एफटीए पर हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा इसे अंतिम रूप देने और कार्यान्वयन के लिए एक स्पष्ट, समयबद्ध खाका तैयार करेंगे। भारत और ब्रिटेन ने छह मई को एफटीए पर सहमति बनने की घोषणा की थी। इस समझौते का उद्देश्य श्रम-प्रधान भारतीय

निर्यात जैसे चमड़ा, जूते और कपड़े पर शुल्क समाप्त करना जबकि व्हिस्की तथा कारों जैसे ब्रिटेन के उत्पादों के आयात को आसान बनाना है। इसका लक्ष्य 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना भी है। समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर होना और इसका क्रियान्वयन होना बाकी है। गोयल, ब्रिटेन की राजकोष चांसलर रेचल रीव्स से भी मुलाकात करेंगे और दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक प्राथमिकताओं, वित्तीय सहयोग एवं निवेश सुविधा पर चर्चा करेंगे। रचनात्मक उद्योगों तथा नवाचार-संचालित क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए उनकी संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री लिसा नैंडी से भी मिलने की योजना है। बयान में कहा गया है, ये बैठकें वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं, निवेशकों एवं नीति विशेषज्ञों को एक साथ लाएंगी, ताकि भारत-ब्रिटेन आर्थिक गलियारे की रणनीतिक रूपरेखा तथा प्रस्तावित एफटीए के परिवर्तनकारी प्रभाव पर विचार-विमर्श किया जा सके। मंत्री, वाणिज्यिक संबंधों को गहरा करने और सीमा पार निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोत परिवहन, वित्तीय प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स तथा उन्नत विनिर्माण सहित प्रमुख क्षेत्रों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और उद्योग हितधारकों के साथ भी बातचीत कर सकते हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 के 20.36 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 21.34 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था।

गोवा में श्रमबल की कमी से जूझ रहे निजी उद्योग

पणजी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को रोजगार के अवसरों के बावजूद उद्योगों में श्रमबल की बहुत कमी को स्वीकार किया और कहा कि स्थानीय युवा नौकरी की सुरक्षा की चिंताओं के कारण निजी क्षेत्र में शामिल होने से हिचकते हैं।

सावंत की अध्यक्षता में विभिन्न उद्योग निकायों और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों की एक बैठक में उद्योगों में न्यूनतम मजदूरी को संशोधित करने और कौशल पाठ्यक्रम शुरू करने पर चर्चा की गई। सावंत ने कहा कि उद्योगों में श्रमशक्ति की काफी कमी देखी जा रही है। उन्होंने उदाहरण दिया जिसमें गोवा फार्मा एसोसिएशन द्वारा आयोजित साक्षात्कार के लिए सिर्फ दो उम्मीदवार आए। उन्होंने कहा कि जहाज निर्माण क्षेत्र में भी ऐसी ही स्थिति है। सावंत ने कहा कि रोजगार के अवसर तो उपलब्ध हैं, लेकिन श्रमबल नहीं है। उन्होंने कहा कि बैठक में स्थानीय युवाओं की भर्ती में उद्योगों के सामने आने वाली समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कौशल पाठ्यक्रम शुरू करने और कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवा में युवा नौकरी की सुरक्षा की चिंता के कारण निजी क्षेत्र में जाने से हिचकते हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के बाद, हमने पाया कि युवाओं को लगता है कि निजी क्षेत्र में नौकरी की सुरक्षा नहीं है। वे निजी नौकरियों को करियर विकल्प के रूप में पसंद नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार निजी उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाएगी। सावंत ने कहा कि श्रमिकों का किसी भी तरह का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे प्रबंधन को परिणाम भुगतने होंगे। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक कार्यों के लिए गोवा के ठेकेदारों को अनिवार्य रूप से काम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बैठक में मौजूदा वेतन ढांचे की भी समीक्षा की गई और उद्योगों में न्यूनतम मजदूरी को संशोधित करने का निर्णय लिया गया। चर्चा का एक और अहम मुद्दा बस स्टैंड को औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ने वाले परिवहन की कमी था। उद्योग निकायों से कहा गया है कि वे आवश्यक कार्वाई के लिए अपनी परिवहन जरूरतों को सरकार के सामने पेश करें।

पेज एक का शेष

15 अगस्त

फास्टैग खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। मंत्रालय ने कहा वार्षिक पास को आपके मौजूदा फास्टैग पर सक्रिय किया जा सकता है, बशर्ते कि यह पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो (अर्थात, यह वाहन के विंडशील्ड पर ठीक से चिपका हुआ हो, वैध वाहन पंजीकरण संख्या से जुड़ा हो, ब्लैकलिस्टेड न हो आदि)। वार्षिक पास केवल राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे (एनई) टोल प्लाजा पर ही मान्य है। गडकरी ने कहा कि यह नीति 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाती है। मंत्री ने कहा प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ को कम करके तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को तीव्र एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। सरकार ने सभी एम और एन श्रेणी के वाहनों के लिए फास्टैग लगाना अनिवार्य कर दिया है। एम श्रेणी में यात्रियों को ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कम से कम चार पहियों वाले वाहन शामिल हैं, जबकि श्रेणी एन में यात्रियों के अलावा सामान ले जाने के लिए कम से कम चार पहियों वाले वाहन शामिल हैं। वर्तमान में, उन वाहनों के लिए मासिक पास उपलब्ध हैं जो किसी विशेष टोल प्लाजा से अक्सर गुजरते हैं।

इजराइल ने

दिन है और जिनेवा में ईरान के राजदूत अली बहरीनी ने कहा कि उनका देश इजराइल की आक्रामकता का कड़ा जवाब देगा और अगर अमेरिकी सेना इजराइल के साथ जारी संघर्ष में शामिल होती है तो वह अमेरिका के खिलाफ भी ऐसा ही करेगा। इजराइल ने गत शुक्रवार, 13 जून को अचानक तेहरान पर बमबारी शुरू कर दी और उसके परमाणु तथा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। वाशिंगटन स्थित एक ईरानी मानवाधिकार समूह ने बताया कि ईरान में इजराइली हमलों में कम से कम 239 नागरिकों सहित 585 लोगों की मौत हो गयी और 1,300 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। तेहरान में प्रसिद्ध ग्रैंड बाजार सहित दुकानें बंद हैं और लोग हमलों से बचने के लिए शहर से बाहर जा रहे हैं जिससे सड़कों पर भीड़ काफी बढ़ गई है। ईरान ने जवाबी हमलों में लगभग 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिनसे इजराइल में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गयी और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। ईरान की मिसाइलों ने मध्य इजराइल में इमारतों को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ और हवाई हमले के सायरन ने बार-बार इजराइलियों को शरण लेने के लिए मजबूर किया। सभी की निगाहें अमेरिका पर टिकी हैं, जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरू में खुद को इजराइली हमलों से खुद को दूर रखा था लेकिन उन्होंने अमेरिका की अधिक भागीदारी का संकेत देते हुए कहा कि वह युद्ध विराम से कहीं अधिक बड़ा चाहते हैं। अमेरिका ने इस क्षेत्र में और अधिक युद्धक विमान भी भेजे हैं। वाशिंगटन स्थित संगठन ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ने बताया कि समूह ने हमलों में जान गंवाने वाले लोगों में से 239 की पहचान असैन्य नागरिकों के रूप में और 126 की पहचान सुरक्षा कर्मियों के रूप में की है। यह समूह, ईरान की स्थानीय खबरों और देश में अपने स्रोतों से प्राप्त खबरों की पड़ताल करता है। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ने 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हताहतों की विस्तृत संख्या भी सामने रखी थी।

सरेंडर नहीं

था। उन्होंने पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं। दरअसल, ट्रम्प ने मंगलवार को खामेनेई से सरेंडर करने की मांग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा- अनकंडीशनल सरेंडर (बिना शर्त सरेंडर)। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा है। हम जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं।

ईरान ने मंगलवार को नागरिकों को अपने स्मार्टफोन से वॉट्सएप हटाने का आदेश दिया है। सरकार का आरोप है कि मैसेजिंग ऐप के जरिए ईरानी लोगों की जानकारी इजराइल भेजी जा रही है। हालांकि, वॉट्सएप ने एक बयान में इन दावों को खारिज कर दिया और कहा कि वॉट्सएप एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है, जिसका मतलब है कि सर्विस प्रोवाइडर यूजर्स के मैसेज नहीं पढ़ सकता है। ईरान और इजराइल के बीच 13 जून से संघर्ष जारी है।

बाल साहित्य

कांटा देय (कहानी), गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को टिंचक (कविता), मराठी में सुरेश सावंत को आभालमाया (कविता) और पंजाबी में पाली खादिम (अमृत पाल सिंह) को जादू पत्ता (उपन्यास) के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि अकादमी राजस्थानी में भोगीलाल पाटीदार को पंखेरुवं नी पीड़ा (नाटक), संस्कृत में प्रीति पुजारा को बाल विश्वम् (कविता), संथाली में हरलाल मुर्मू को सोना मिरु-अग संदेश (कविता) और नेपाली में साङ्मु लेप्चा को शांति वन (उपन्यास) के लिए पुरस्कार से नवाज़ने का फैसला किया है। बयान के मुताबिक, असमिया में सुरेंद्र मोहन दास को मैनाहंतर पद्द (कविता), बोडो में बिनय कुमार ब्रह्मा को खान्थि बोसोन आरो आखु दानाय (कहानी), डोगरी में पी.एल. परिहार शौक को नन्हीं टोर (कविता), कोंकणी में नयना आडारकार को बेलाबायचो शंकर आनी हेर काणयो (कहानी) तथा मणिपुरी में शांतो एम. को अंगंगशिंगगी शन्नाबुंगसिदा (नाटक) के लिए बाल साहित्य पुरस्कार मिलेगा।

गंगा गाय

जोड़ा जा सके। एक चौथे निर्णय डेयरी विभाग और पशुपालन विभाग की दो योजनाओं–90% सब्सिडी वाली गाय योजना और गंगा गाय योजना का विलय कर एकीकृत योजना बनाने का रहा। अब इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति के साथ-साथ सामान्य वर्ग को भी मिलेगा। सामान्य वर्ग के लिए सब्सिडी की दर पर फैसला आगामी कैबिनेट बैठक में होगा। कैबिनेट ने पशुधन प्रसार अधिकारियों के 429 रिक्त पदों को भरने के लिए प्रशिक्षण अवधि को दो साल से घटाकर एक साल कर दिया गया है, ताकि चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लायी जा सके।

आतंकवाद पर

को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। उन्होंने कहा दुर्भाग्यवश, हमारा अपना पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए-जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी

पहली यात्रा। मैं हवाई अड्डे पर विशेष स्वागत सम्मान के लिए प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक का आभारी हूं। क्रोएशियाई प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने कहा कि मोदी की यात्रा एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक क्षण में हुई है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, हमने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जगरेब में स्वागत कियाउ यह दुनिया के सर्वाधिक आबादी वाले देश भारत के प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है - जो एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक क्षण में हो रही है। प्लेंकोविक ने कहा कि दोनों देश अपने संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए चीजों को सुगम बना रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, भारत-क्रोएशिया संबंधों में ऐतिहासिक मील का पत्थर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्रोएशिया के जगरेब पहुंचे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है। विशेष सम्मान के तौर पर प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक ने हवाई अड्डे पर उनका औपचारिक स्वागत किया। होटल पहुंचने पर मोदी का स्वागत भारतीय समुदाय के सदस्यों ने किया, जो वंदे मातरम और भारत माता की जय जैसे नारे लगा रहे थे। प्रधानमंत्री के स्वागत में पारंपरिक भारतीय परिधानों में नृत्य प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानमंत्री तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से यहां पहुंचे। कनाडा में प्रधानमंत्री ने जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया और विश्व के कई नेताओं से बातचीत की। इससे पहले उन्होंने अपनी यात्रा के तहत साइप्रस का दौरा किया था। अपनी यात्रा के दौरान मोदी क्रोएशियाई प्रधानमंत्री प्लेंकोविक के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और राष्ट्रपति ज़ोरान मिलनोविक से मिलेंगे। मोदी ने रविवार को नयी दिल्ली में अपने प्रस्थान से पहले एक बयान में कहा, मैं क्रोएशिया गणराज्य की अपनी यात्रा और राष्ट्रपति ज़ोरान मिलनोविक तथा प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ बैठकों को लेकर आशान्वित हूं। उन्होंने कहा, हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुराने घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा के रूप में, इससे पारस्परिक हित के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। विदेश मंत्रालय ने पूर्व में नयी दिल्ली में एक बयान में कहा था, क्रोएशिया की यात्रा यूरोपीय संघ में भागीदारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगी।

उत्तर भारत

से 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 20 और 21 जून को गरज के साथ तैयार फसलों को नुकसान पहुंचाने वाली वर्षा हो सकती है। ऐसे में किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए विशेष सतर्कता बरतनी होगी।

यूपी : सड़क

सवार पांच अन्य लोगों की मौत हो गई। मृतकों में जुबैर (28 वर्ष), तंजीम (26), मोमिना (24), जैनुल (2) और जेबा उर्फ निदा (23) शामिल हैं।

वहीं, सोनभद्र जिले में रॉबर्ट्गंज थाना क्षेत्र के परासी पांडेय गांव के पास तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के अनुसार, पन्नूगंज के पचोखर गांव के निवासी चंदन तिवारी, राजेश और चंदन पांडेय आधी रात (मंगलवार-बुधवार) बाइक से शाहगंज से रॉबर्ट्सगंज लौट रहे थे, तभी एक कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। चंदन तिवारी और राजेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चंदन पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज जारी है।

जबकि देवरिया जिले में, मंगलवार देर रात काली मंदिर के पास देवरिया-रुद्रपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने 45 वर्षीय मजदूर लल्लन निषाद की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बुधवार की सुबह एक लोडर वाहन के फ्लाईओवर से नीचे गिरने से सैर करने के बाद वहां बैठे राजेश (65), रामेश्वर (60) और हरिबाबू (63) की मौत हो गई। इस घटना में 22 वर्षीय वाहन चालक कृष्ण की भी मौत हो गई।

रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड दूत बनाया

नयी दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेलप्रशंसकों को अब रेडिट कम्यूनिटी में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी

और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है, आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे। रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा, मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है।

रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।

इंग्लैंड में रोहित से अधिक कोहली की कमी खलेगी : बॉयकॉट

लीड्स। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला में भारत को रोहित शर्मा से अधिक विराट कोहली की कमी खलेगी और दोनों के हाल ही में इस प्रारूप से संन्यास लेने से शुक्रवार से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में मेहमान टीम की संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा। भारत और इंग्लैंड अगले छह हफ्तों मे पांच टेस्ट खेलेंगे और नए विश्व टेस्ट

चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। बॉयकॉट ने डेली टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा, विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने से भारत की इंग्लैंड को हराने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा। कोहली सबसे बड़ा नुकसान हैं क्योंकि वे तीनों प्रारूप में उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने कहा भारत द्वारा बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेले जाने और बहुत कम आराम किए जाने के कारण, इसका बहुत असर पड़ता है और दिमाग थक जाता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कोहली की अनुपस्थिति को एक बड़ा झटका बताया। बॉयकॉट ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कितनी प्रतिभा या अनुभव है, अगर आप मानसिक रूप से तरोताजा नहीं हैं और चुनौती के लिए तैयार नहीं हैं तो यह थका देने वाला हो जाता है। उन्होंने कहा रोहित एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ समय में एक बेहतरीन स्ट्रोक खेलने वाले

खिलाड़ी लेकिन उन्हें कोहली जितना याद नहीं किया जाएगा।

संक्षेप

शीर्ष वरीय लेवान पेंटसुलिया ने भावन कोला को हराया

मुंबई। जॉर्जिया के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर लेवान पेंटसुलिया ने बुधवार को यहां ऑरियनप्रो मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में भावन कोला को हराया। पेंटसुलिया ने सिर्फ 33 चाल में कोला को शिकस्त देकर दबदबा बनाया। ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोस्यान ने भी प्रकाश राम के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे ने रचित गुरनानी को हराया। हेमल वर्षण और मानस गायकवाड़ की बाजी ड्रॉ रही।

इंटर मिलान को विश्व कप में मोंटेरे ने बराबरी पर रोका

पासाडेना (अमेरिका)। इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने ।-। से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियन्स लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर ।-। किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।

तिलक वर्मा चार काउंटी मैच के लिए हैम्पशर से जुड़े

हैम्पशर (ब्रिटेन)। युवा भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने रोथसे काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच खेलने के लिए हैम्पशर के साथ अनुबंध किया है जो 22 जून से एक अगस्त के बीच खेले जाएंगे। हैदराबाद का बाएं हाथ का ऑलराउंडर हैम्पशर के अगले चार

मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेगा जिसकी शुरुआत 22 से 25 जून को चेम्सफोर्ड में एसेक्स के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। बाईस वर्षीय वर्मा ने 25 टी20 सहित 29 मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें उन्होंने दो शतकों के साथ 749 रन बनाए हैं। उनक नाम तीन अर्धशतक भी हैं। वर्मा ने 2019 में टी20 प्रारूप में शुरुआत की और 2022 आईपीएल सत्र से पहले मुंबई इंडियंस ने उनका चयन किया। तब से उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 54 मैच में 37.47 के औसत और 144.41 के स्ट्राइक रेट से लगभग ।,500 रन बनाए हैं, जिसमें आठ अर्द्धशतक शामिल हैं।

भारत को खुश करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे : पंत

लीड्स। भारत के उप कप्तान ज्षभ पंत ने बुधवार को कहा कि खिलाड़ी अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को अपने दिमाग में रखेंगे और उन्होंने देश को खुशी देने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने का वादा किया। अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान पिछले सप्ताह उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 241 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। पंत ने बुधवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

टी-20 महिला विश्व कप : 14 जून 2026 से

महिला क्रिकेट : भारत का पाकिस्तान के खिलाफ करेगा अपने अभियान की शुरुआत

एजेंसी

दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी।

अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं।

भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता में 2006 के बाद नही दिखेगा एंडरसन का नाम

नयी दिल्ली। शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली श्रृंखला से लेकर 2024 में आखिरी श्रृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं।

अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है। एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की श्रृंखला में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर दबदबा बनाया। शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे।

टेस्ट कप्तान : इंग्लैंड की शृंखला का लुत्फ उठा रहे शुभमन गिल

लीड्स। पहली बार टेस्ट श्रृंखला में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं जबकि सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला भारतीय क्रिकेट में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है जिसमें गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इन सभी ने संन्यास की घोषणा कर दी है। सीनियर खिलाड़ियों में रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, राहुल, ज्षभ पंत (उप कप्तान) टीम में बने हुए हैं जो नए नेतृत्व समूह के साथ अनुभव का मिश्रण प्रदान करते हैं। बीसीसीआई द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है।

गिल ने कहा, ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल। राहुल ने कहा यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने इसे सरल रखते हुए कहा, स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है। शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा, मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद। आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा, जज्बा, टेस्ट और संस्कृति। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा मैं कहूंगा ड्यूक गेंद, मौसम, कॉफी।

उच्च न्यायालय ने बीसीसीआई की याचिका की खारिज

एजेंसी

मुंबई। बम्बई उच्च न्यायालय ने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती देने वाली भारतीय क्रिकेट बोर्ड की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई स्पष्ट अवैधता नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। अदालत ने बीसीसीआई से इस राशि का भुगतान करने को कहा है। कोच्चि टस्कर्स केरल फ्रेंचाइजी को रोंदिवू स्पोर्ट्स वर्ल्ड के नेतृत्व वाले समूह को दिया गया था और बाद में इसे कोच्चि क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित किया गया था। टीम ने 2011 में आईपीएल में भाग लिया लेकिन अगले साल बीसीसीआई ने उनका अनुबंध समाप्त कर दिया था। यह विवाद बीसीसीआई द्वारा इस आधार पर समझौते को समाप्त करने के इर्द-गिर्द है कि केसीपीएल और आरएसडब्लू कथित रूप से अपेक्षित बैंक गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहे।

केसीपीएल और आरएसडब्ल्यू ने 2012 में मध्यस्थता की कार्यवाही शुरू की और अनुबंध को इस तरह खत्म करने को गलत बताया गया। मध्यस्थता पंचाट ने 2015 में उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इसने केसीपीएल को 384.8 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने के साथ ब्याज और लागत के साथ आरएसडब्लू को 153.3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वापस करने का आदेश दिया।

कपिल देव ने पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी करने पर कहा

नयी दिल्ली। भारत के दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी करने पर बुधवार को हैरानी जताते हुए इस फैसले को अजीब बताया। मेजबान इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने हाल में पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया है। कपिल ने 1983 के विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ टुनब्रिज वेल्स में हुए मैच में अपनी नाबाद 175 रन की यादगार पारी के उपलक्ष्य में थ्री सिक्सटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के इतर कहा यह थोड़ा अजीब लगता है। क्या ऐसा भी होता है? लेकिन यह ठीक है, क्रिकेट में सब कुछ चलता है। कहा आखिरकार, कोई अंतर नहीं है। क्रिकेट तो क्रिकेट है। मैदान पर क्रिकेट एक जैसा होना चाहिए। ट्रॉफी का नाम पहले भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में रखा गया था लेकिन इसका नाम बदलने को लेकर सुनील गावस्कर जैसे दिग्गजों ने आलोचना की है। पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत 2007 में इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों के बीच श्रृंखला के विजेता के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार के रूप में की गई थी। इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर दोनों ने भारत की कप्तानी की और दोनों ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला।

विश्व पैरा एथलेटिक्स की ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

नयी दिल्ली। अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। फैशन और क्वीन जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है। पीसीआई के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र झझारिया ने कहा, भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।

भारत पूरी तैयारी के साथ आया इंग्लैंड : रूट

एजेंसी

लीड्स। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है। दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की

इंग्लैंड के नंबर एक बल्लेबाज रूट ने कहा

अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। चौंतीस वर्षीय रूट ने बुधवार को स्काई स्पोर्ट्स के कमेंटेटर और टीम के अपने पूर्व साथी स्टुअर्ट ब्रॉड से कहा आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे श्रृंखलाएं हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं।

उन्होंने कहा आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत श्रृंखला में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा। रूट ने कहा आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण। उन्होंने कहा वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस श्रृंखला को प्रतिस्पर्धी

बनाता है। हम इस श्रृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे। पारंपरिक प्रारूप में 13000 से अधिक रन बनाकर रूट ने पहले ही खेल के महान खिलाड़ियों में अपनी जगह पक्की कर ली है और वह भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी मुकाबलों में अपने इस आंकड़े को और बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन के टूर्नामेंट के लिए रवाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जबकि बाकी दो टीम तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में खेलेंगी। जर्मनी रवाना होने से पहले कप्तान हुंडल ने इस साल के अंत में

होने वाले विश्व कप से पहले इस टूर्नामेंट के महत्व पर जोर दिया। विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। हॉकी इंडिया की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हुंडल ने कहा, एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 से पहले यह टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अब जब कुछ ही महीने बचे हैं तो यह हमारे लिए अपनी ताकत का आकलन करने, नए संयोजन आजमाने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने का एक बेहतरीन अवसर है। उन्होंने कहा हम कुछ बेहतरीन हॉकी टीमों का सामना करेंगे जिससे हमें अपनी ताकत परखने और अलग-अलग रणनीतियां आजमाने का मौका मिलेगा।

विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड मिला

एजेंसी

लंदन। दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं और उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

अध्यक्ष जैन का अदालत से चुनावों को अमान्य घोषित करने का अनुरोध, सदस्यों ने एआईटीए बैठक बुलाई

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के अध्यक्ष अनिल जैन ने दिल्ली उच्च न्यायालय से सितंबर 2024 में कराये गए संघ के चुनावों को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया है जिससे कार्यकारी समिति के नाराज सदस्यों ने 27 जून को बैठक बुलाई है। राज्य संघों द्वारा पिछले साल जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। एआईटीए की एक मान्यता प्राप्त इकाई ने उस समय आरोप लगाया था कि जैन ने संघ में अपने पद का उपयोग निजी फायदे के लिए किया था।

हालांकि नयी संस्था का चुनाव कराने वाली एजीएम (आम सालाना बैठक) से पहले अविश्वास प्रस्ताव को वापस ले लिया गया था। लेकिन सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा चुनावों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका के कारण चुनाव परिणाम न्यायालय के पास सीलबंद लिफाफे में रहे। इसी याचिका पर जवाब देते हुए जैन ने 26 मई को दायर अपने अनुरोध में कहा कि एआईटीए के चुनावों को अमान्य घोषित किया जाना चाहिए लेकिन उन्होंने अदालत से प्रशासकों की समिति (सीओए) नियुक्त नहीं करने का अनुरोध भी किया क्योंकि इससे आईटीएफ (विश्व संचालन संस्था) के साथ एटीएफ (एशियाई संस्था) से आपत्तियां और प्रतिकूल प्रतिक्रिया आएगी जिससे एआईटीए के कामकाज में भी बाधा आएगी। अनुरोध में कहा गया कि संविधान में संशोधन करने और साथ ही एआईटीए के कुशल कामकाज को सुनिश्चित करने का अंतिम उद्देश्य अदालत की निगरानी में वर्तमान प्रबंधन द्वारा ही हासिल किया जा सकता है। हालांकि कार्यकारी समिति के सदस्यों ने दावा किया कि जैन ने संघ की ओर से जवाब दाखिल करने से पहले उनसे सलाह मश्विरा नहीं किया। कार्यकारी समिति की बैठक का नोटिस जारी करने वाले हिरण्मय चटर्जी ने पीटीआई से कहा, इस तरह के जवाब के लिए चुनाव आयोग की सहमति की जरूरत होती है। वह इस तरह से अदालत में जाकर यह दाखिल नहीं कर सकते। कार्यकारी समिति को एक प्रस्ताव पारित करना होता है, उसके बाद ही कोई याचिका या जवाब दाखिल किया जा सकता है। वह अन्य सभी सदस्यों को अयोज्ञ ठहराने की कोशिश कर रहे हैं।

चटर्जी ने कहा, अब अनधिकृत लोग संगठन चला रहे हैं। जैन ने पीटीआई को बताया कि उन्हें किसी से सलाह लेने की आवश्यकता नहीं है। जैन ने कहा मैं अब भी एआईटीए का अध्यक्ष हूं। महासचिव के खिलाफ रिट याचिका दायर करते समय उन्होंने मुझसे सलाह नहीं ली। उनके निहित स्वार्थ हैं। मैं चुनाव प्रक्रिया से सहमत नहीं था इसलिए मैंने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। उन्होंने खेल संहिता के कार्यकाल संबंधी दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया। उन्होंने कहा, एआईटीए को खेल संहिता का पालन करना चाहिए। यही सही है। उन्होंने जो कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है, वह भी अवैध है। महासचिन ने इसे नहीं बुलाया है और इसके लिए मुझसे सलाह नहीं ली गई है। मेरे खिलाफ उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव लगाया है, उसका कोई आधार नहीं है।

कॉरपोरेट क्षेत्र विकास का प्रमुख स्तंभ

कानून को न केवल लागू करें बल्कि उसका सम्मान किया जाये: राष्ट्रपति

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो। राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए प्रशिक्षुओं से बातचीत में मुर्मू ने कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है। मुर्मू ने कहा कि आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि सभी सैन्य विमान सामग्री चाहे वे स्वदेशी रूप से निर्मित हों या आयातित उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप कठोर गुणवत्ता एवं उड़ान करने योग्य आवश्यकताओं को पूरा करती हों। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है। सहायक नीतियों एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निजी उद्यमों को रक्षा परिवेश में एकीकृत करके, भारत स्वदेशीकरण प्रयासों में तेजी ला सकता है और खुद को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है। वर्ष 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिक रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बलों में बदलने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया, जो बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन में सक्षम हों।

इजराइल और ईरान संघर्ष को तत्काल समाप्त करने का आह्वान

मॉस्को। रूस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने बुधवार को इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को तत्काल समाप्त करने तथा तेहरान के परमाणु मुद्दे को सुलझाने के लिए राजनीतिक एवं कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने का आह्वान किया।

क्रेमलिन के मुताबिक, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की। वार्ता के बाद क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित विवादास्पद मुद्दों को हल करने के लिए संघर्ष को तत्काल समाप्त करने और राजनीतिक एवं कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता है। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस इजराइल और ईरान के बीच बातचीत के लिए मध्यस्थता करने को तैयार है। इजराइल और ईरान के बीच छठे दिन भी एक-दूसरे पर हमले जारी रहने के मद्देनजर रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में परमाणु खतरा अब काल्पनिक नहीं बल्कि वास्तविक है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अग्रसर है। पहला ईरान की परमाणु हथियार प्राप्त करने की महत्वाकांक्षा को विफल करना और दूसरा उसके मिसाइल उत्पादन और हमले की क्षमताओं को बेअसर करना। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़ाखारोवा ने एक रेडियो साक्षात्कार में कहा कि यह सब न केवल तनाव को बढ़ाता है, बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए सीधा खतरा पैदा करता है क्योंकि हमले शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर किए जा रहे हैं।

संक्षेप

छिपे हुए एजेंडे को विफल करें: ठाकरे

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य के स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य बनाने पर बुधवार को सवाल किया कि छात्रों पर हिंदी थोपने की क्या जरूरत थी? उन्होंने महाराष्ट्र के स्कूलों से सरकार के जानबूझकर भाषाई विभाजन पैदा करने के छिपे हुए एजेंडे को विफल करने की अपील की। ठाकरे ने कहा कि हिंदी कुछ उत्तरी राज्यों की राजभाषा है और इसे महाराष्ट्र पर थोपना गलत है, जहां मराठी का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी करके कहा था कि राज्य में पहली से पांचवीं कक्षा तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा के तौर पर पढ़ाई जाएगी। ठाकरे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर सरकार स्कूलों पर दबाव डालती है, तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी रहेगी। उन्होंने अंग्रेजी और मराठी का पिछला दो-भाषा फॉर्मूला जारी रखने की मांग की। ठाकरे ने कहा कि परिणामों के लिए सरकार जिम्मेदार होगी। यदि वह सोचती है कि यह हमारी ओर से चुनौती है, तो ऐसा ही समझ लिया जाए। ठाकरे की पार्टी बैंकों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में मराठी भाषा के उपयोग पर जोर देती रही है।

मणिपुर: मनमानी गिरफ्तारी के खिलाफ महिलाओं ने निकाली रैली

चुराचांदपुर/इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कुकी जो समुदाय के लोगों की कथित तौर पर मनमाने ढंग से गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को समुदाय की हजारों महिलाओं ने रैली निकाली।

कुकी महिला मानवाधिकार संगठन द्वारा आयोजित यह विरोध प्रदर्शन पूर्वाह्न 11 बजे कोइते मैदान से शुरू हुआ और तुइबुओंग के पीस ग्राउंड पर समाप्त हुआ। रैली में शामिल महिलाओं ने हाथों में तख्तियां ली हुई थीं और उन्होंने मानव अधिकारों का सम्मान करो, कुकी जो समुदाय के लिए न्याय, मनमाने ढंग से गिरफ्तारी बंद करो जैसे नारे लगाए। के डब्ल्यूओएचआर ने बाद में जिलाधिकारी के माध्यम से गृह मंत्री को एक ज्ञापन भेजा, जिसमें कुकी समुदाय के दो और लोगों को गिरफ्तार किए जाने का दावा किया गया। संगठन मनमाने ढंग से गिरफ्तार कुकी लोगों की तत्काल रिहाई, गिरफ्तारियों और कथित जातीय भेदभाव की न्यायिक जांच, उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई, लूटे गए हथियारों की जब्ती आदि की जांच की मांग कर रहा है।

ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ हिंसा बढ़ी: प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ओडिशा में 20 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा बढ़ती जा रही है। ओडिशा के प्रसिद्ध गोपालपुर समुद्र तट पर 20 वर्षीय एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में मंगलवार को 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार रात की है जब निजी कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई कर रही उक्त छात्रा अपने सहपाठी और प्रेमी के साथ राज्य के अवसर पर समुद्र तट पर गई थी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, गोपालपुर, ओडिशा में 10 लोगों ने एक छात्रा के साथ जिस तरह बर्बरता की, उसकी निंदा करने के लिए कड़े से कड़े शब्द भी पर्याप्त नहीं हैं। ओडिशा में दिन-प्रतिदिन महिलाओं के प्रति हिंसा बढ़ती जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जिस राज्य में मुख्यमंत्री खुद स्वीकार करते हों कि पिछले पांच वर्षों में करीब 44,000 महिलाएं और बच्चे गायब हो चुके हैं, वहां महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता न देना भी अपने आप में महिलाओं के प्रति जुर्म है।

सोनम के मायके पहुंची मेघालय पुलिस, परिजनों से की पूछताछ

इंदौर (मध्यप्रदेश)। बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए मेघालय पुलिस का एक जांच दल बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम के इंदौर स्थित मायके पहुंचा और उसके परिजनों से पूछताछ की।

चश्मदीदों ने बताया कि मेघालय पुलिस का जांच दल शहर के गोविंद नगर खारचा इलाके में सोनम के मायके पहुंचा जिसके बाद इस घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया। चश्मदीदों के मुताबिक मेघालय पुलिस का दल दो घंटे तक सोनम के मायके में रहा। मेघालय पुलिस के दल के सोनम के मायके से बाहर निकलने के तुरंत बाद उसका भाई गोविंद एक कार में सवार होकर मौके से रवाना हो गया। गोविंद ने विस्तृत जानकारी दिए बगैर संवाददाताओं से कहा कि मेघालय पुलिस ने उनसे और उनके परिजनों से सोनम के बर्ताव को लेकर सामान्य पूछताछ की। राजा रघुवंशी हत्याकांड से पहले किसी संजय वर्मा से सोनम की फोन पर कई बार लंबी बातचीत की खबरों पर गोविंद ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। राजा रघुवंशी के परिवार ने मांग की है कि हत्याकांड का पूरा सच सामने लाने के लिए सोनम के परिवार के सभी सदस्यों का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। इस मांग पर सोनम के भाई गोविंद ने कहा कि उन्होंने कोई पाप नहीं किया है लेकिन किसी व्यक्ति को कोई शक है तो वह हर तरह की जांच से गुजरने के लिए, तैयार हैं। मेघालय पुलिस का दल मंगलवार रात राजा रघुवंशी के सहकार नगर स्थित घर पहुंचा था और उनके परिजनों के बयान दर्ज किए थे। राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने बताया, मेघालय पुलिस का तीन सदस्यीय दल हमारे घर करीब आधे घंटे तक रहा। दल ने हमसे सोनम के बर्ताव के बारे में सवाल किए। हमसे यह भी पूछा गया कि शादी के बाद सोनम हमारे घर कितने दिन रुकी थी? मेघालय में हनीमून मनाने गए राजा रघुवंशी की 23 मई को साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में उनकी पत्नी सोनम, उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) और कुशवाह के तीन दोस्तों- विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को गिरफ्तार किया गया है। रघुवंशी, मेघालय में हनीमून के दौरान 23 मई को लापता हो गए थे।

नक्सलियों ने जहां किया विस्फोट, वहां लगा मोबाइल टॉवर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित अंबेली गांव में मोबाइल टावर स्थापित किया गया है, जहां नक्सलियों ने इस वर्ष जनवरी में बारूदी सुरंग में विस्फोट करके एक वाहन को उड़ा दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अंबेली गांव में हुए विस्फोट की घटना में सुरक्षाबल के आठ जवान शहीद हो गए थे जबकि एक वाहन चालक जान चली गई थी। बस्तर क्षेत्र में तैनात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार (16 जून) को अंबेली में जियो टेलीकॉम कंपनी का मोबाइल टावर लगाया गया, जिससे बीजापुर के सुदूर गांव अंबेली, उसकापटनम, करकेली और टुंगेली के ग्रामीणों को संचार सुविधा का लाभ मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की 'नियद नेल्ला नार' (आपका अच्छा गांव) योजना और केंद्र की यूएसओएफ (सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि) योजना के तहत गांव में मोबाइल टावर की सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि मोबाइल टावर की स्थापना से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, साथ ही मजबूत नेटवर्क और इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण इलाकों में पढ़ने वाले छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, खाद्यान्न आपूर्ति, पानी, बिजली, परिवहन की सुविधा के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों को अब अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने में आसानी होगी। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल मोबाइल और इंटरनेट की आवश्यकता और सुविधा को देखते हुए क्षेत्र में संचार व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिलेगी और वे देश-विदेश के साथ जुड़ सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार इसके अलावा, यह कदम क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अधिकारियों ने कहा कि बस्तर के विकास की राह में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए बारूदी सुरंग (आईईडी) को हटाया जाएगा तथा स्कूल, अस्पताल, पानी, सड़क, आंगनबाड़ी और मोबाइल टावर जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी।

नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित करें बिहार और दिल्ली पुलिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को बिहार के पुलिस महानिदेशक और दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे अपनी शादी को रद्द करने की मांग कर रही नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि लड़की और उसके दोस्त को अपनी जान को खतरा है और अधिकारी उनसे संपर्क करके आवश्यक सहायता प्रदान करें। दोस्त के साथ फरार बताई जा रही लड़की ने दावा किया कि नौ दिसंबर, 2024 को साढ़े 16 साल की उम्र में जबरन उसकी शादी कर दी गई।

इंटरटेनमेंट...

टॉम क्रूज को गवर्नर्स अवार्ड्स 2025 में मिलेगा मानद ऑस्कर

मुंबई। हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज को 2026 के ऑस्कर से पहले, नवंबर 2025 के गवर्नर अवार्ड्स के दौरान एक मानद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को गवर्नर्स अवॉर्ड्स में मानद ऑस्कर से सम्मानित किया जाएगा। फिल्म एकेडमी ने मंगलवार को घोषणा की कि टॉम क्रूज, कोरियोग्राफर डेबी एलन और 'डू द राइट थिंग' के प्रोडक्शन डिजाइनर विन थॉमस को गवर्नर्स अवॉर्ड्स में मानद ऑस्कर प्रतिमाएं (ऑनररी ऑस्कर स्टैचुएट्स) से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सिंगर डॉली पार्टन को जीन हर्शोल्ट ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड मिलेगा, जो कि शिक्षा और साक्षरता के क्षेत्र में उनके दशकों से चल रहे सामाजिक कार्यों के लिए है। ऑस्कर की मेजबानी करने वाली एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस की अध्यक्ष जेनेट यांग जेनेट यांग ने कहा, इस साल का गवर्नर्स अवॉर्ड्स चार दिग्गजों का सम्मान करेगा, जिनके असाधारण करियर और फिल्म इंडस्ट्री के प्रति समर्पण ने एक स्थायी प्रभाव डाला है। थॉम क्रूज अब तक के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले फिल्म अभिनेताओं में से एक हैं। टॉम क्रूज अब तक नहीं जीते ऑस्कर बता दें कि ज्यादातर मामलों में इस अवॉर्ड को पाने वालों ने कभी ऑस्कर नहीं जीता है। 162 साल के टॉम क्रूज को अब तक चार बार नॉमिनेट किया जा चुका है। टॉम क्रूज को 'बॉर्न ऑन द फोर्थ ऑफ जुलाई' और 'जेरी मैग्वायर' के लिए बेस्ट एक्टर, 'मैग्नोलिया' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर और बतौर प्रोड्यूसर 'टॉप गन: मेवरिक' के लिए बेस्ट पिक्चर के लिए नॉमिनेट किया गया है।

डॉली पार्टन और डेबी एलन भी होंगी सम्मानित जानें कहां होगी सेरेमनी

जेनेट यांग ने कहा कि टॉम क्रूज का फिल्म मेकिंग कम्युनिटी, थिएट्रिकल एक्सपीरियंस और स्टंट्स की दुनिया के प्रति समर्पण अद्भुत है। डेबी एलन को भी मिलेगा यह सम्मान 75 साल की डेबी एलन को कभी ऑस्कर के लिए नॉमिनेट नहीं किया गया। हालांकि, उन्होंने सात ऑस्कर कार्यक्रमों की कोरियोग्राफी की है, जिनमें से चार के प्राइम-टाइम एमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट किया गया। डेबी एलन को टेलीविजन सीरीज 'फेम' (1982-1987) में के लिए जाना जाता है, जहां उन्होंने डांस टीचर लिडिया ग्रांट का रोल प्ले किया और सीरीज को प्रमुख कोरियोग्राफर भी थीं।

हेरा फेरी 3 विवाद पर अक्षय कुमार का रिएक्शन

मुंबई। परेश रावल ने फिल्म हेरा फेरी 3 छोड़ दी है, जिसके बाद मेकर्स और एक्टर के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि इस पर लीगल एक्शन लेने की बात भी उठने लगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने इस मामले में अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सब कुछ ठीक हो जाएगा।

बोले, उम्मीद है सब ठीक हो जाएगा

पिंकविला के साथ बातचीत में जब अक्षय कुमार से फिल्म को लेकर अपडेट पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ह्यजो कुछ भी हो रहा है, वह आपके सामने हो रहा है। मैं अपनी फिंगर्स क्रॉस करके रख रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। बल्कि, मुझे पक्का पता है कि सब ठीक ही होगा।

'बारी-बारी' गाने में दिखेगा अरमान का नया अवतार

मुंबई। सिंगर म्यूजिक कंपोजर अरमान मलिक और उनके भाई अमाल मलिक 18 जून को अपने फैंस के लिए एक नया गाना लेकर आ रहे हैं। गाने का नाम 'बारी-बारी' है। अरमान अपने फैंस को हिंदी और पंजाबी फ्यूजन का तड़का देने वाले हैं, जिसमें एक फ्रेश वाइब है। सिंगर का दावा है कि इस गाने में उनके फैंस को उनका नया अवतार देखने को मिलेगा। वहीं, भाई अमाल मलिक के साथ अपने मैजिकल कम्बिनेशन और उनकी इंटिग्रेटिंग आदतों पर भी बात की है। हां, मुझे भी ऐसा ही लगता है। इस गाने में एक फ्रेशनेस है। ये गाना आपको ऐसा महसूस कराता है कि गाड़ी में गाना चलाकर लंबे ड्राइव पर जाऊं। मेरे दूसरे गानों से काफी अलग है। इसका म्यूजिक थोड़ा यूनिक है। इसमें हिंदी और पंजाबी का फ्यूजन है।

सिंगर बोले- अमाल मुझ पर अच्छा गाने का दबाव बनाता है, शाहरुख की आवाज बनने की ख्वाहिश

सलमान की 'सिकंदर' हुई थी पायरेसी का शिकार

मुंबई। सलमान की फिल्म 'सिकंदर' को पायरेसी के चलते 91 करोड़ का नुकसान हुआ, जिसके बाद अब फिल्म के मेकर्स इंश्योरेंस क्लेम करेंगे। साजिद नाडियाडवाला की कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट प्रा. लि. ने अपनी फिल्म 'सिकंदर' को हुए पायरेसी नुकसान के लिए 91 करोड़ रुपए का इंश्योरेंस क्लेम दाखिल करने की प्रोसेस शुरू कर दी है ह्यह क्लेम बॉलीवुड के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा पायरेसी इंश्योरेंस क्लेम बताया जा रहा है।

सलमान खान स्टारर यह फिल्म 30 मार्च 2025 में रिलीज हुई थी। बॉलीवुड हंगामा को एक सूत्र ने बताया कि कंपनी ने इंटरनल लेवल पर डिजिटल पायरेसी इंश्योरेंस कवर को लेकर चर्चा शुरू की है। इसके लिए अर्न्स्ट एंड यंग को ऑडिट सौंपा गया था, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पायरेसी से लगभग 91 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com